RNI NO.: MAHHIM/2010/41894

मुंबई, पुणे और नाशिक से एक साथ प्रकाशित

# हमारा महानगर

https://www.hamaramahanagar.net

वर्ष 13 ■ अंक 161 ■ पुणे, शुक्रवार 19 अप्रैल 2024 ■ पेज 10 ■ मूल्य : ₹ 5.00

संरक्षक : आरएन सिंह



संवेदनशील मुद्दों को चुनाव से दूर रखें
पेज-4



भाजपा सरकार गरीबों की मददगार : सीएम योगी
पेज-6



हनुमान जन्मोत्सव पर उन्हें अर्पित करें 5 तरह के भोग
पेज-8



रोहित ने वर्ल्ड कप को लेकर मीटिंग का खंडन किया
पेज-9

# EVM-VVPAT पर फैसला सुरक्षित

- SC ने पूछा- वोटर्स को वोटिंग पर्ची क्यों नहीं दे सकते ?
- EC बोला- इसका गलत इस्तेमाल होगा

**महानगर नेटवर्क**

**नई दिल्ली**

ईवीएम से वोटिंग पर सवाल उठाने और हर मतदाता को उसके दिए वोट की जानकारी मिलने को लेकर दायर अर्जी पर गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट में लंबी बहस हुई। इस मामले में याची वकीलों ने कहा कि लोकतंत्र में मतदाता को यह हक है कि वह जाने कि उसका दिया मत सही जगह पर पहुंचा है या नहीं। इस मामले में पक्ष रखते हुए वकील निजाम पाशा ने कहा कि वोटर को यह अधिकार मिलना चाहिए कि वह वोटिंग के बाद वीवीपैट स्लिप लेकर देखे और फिर उसे बैलेट बॉक्स में डाल दे। इस पर जस्टिस संजीव खन्ना ने सवाल उठाया कि इससे निजता का हनन नहीं होगा? इस पर पाशा ने कहा कि वोटर के अधिकार को निजता का हवाला देते हुए खत्म नहीं किया जा सकता। चुनाव आयोग ने ईवीएम पर चिंताएं दूर करते हुए कहा कि सभी वोटिंग मशीनों में मॉक पोल होता है। चुनाव आयोग के एक अधिकारी ने कहा, 'उम्मीदवारों को परमिशन दी जाती है कि वे कोई भी 5 पर्सेंट मशीनें चेक कर सकते हैं। यही नहीं वोटिंग के दिन यह प्रक्रिया फिर से दोहराई जाती है। हर मशीन में अलग तरह की पेपर सील होती है। मशीनें जब काउंटिंग के लिए पहुंचती हैं तो उस दौरान सील चेक की जा सकती है।' अदालत ने जब पूछा कि कैसे वोट चेक कर सकता है कि उसका वोट कहां गया तो अधिकारी ने कहा कि इसके लिए हम समय-समय पर जागरुकता अभियान चलाते हैं। आयोग ने कहा कि ईवीएम किस असेंबली में कौन सी जाएंगी, यह पहले से तय नहीं होता।





> *ईवीएम एक स्वतंत्र मशीन है। इससे हैक या छेड़छाड़ नहीं किया जा सकता। वीवीपैट को फिर से डिजाइन करने की कोई जरूरत नहीं है।* **- चुनाव आयोग**

**EVM में गड़बड़ी की शिकायतों पर ध्यान दें; आरोपों पर चुनाव आयोग से SC**

आयोग ने कहा कि मतदान पूरा होने के बाद ईवीएम को स्ट्रॉन्ग रूम में रखा जाता है। इन्हें उम्मीदवारों की मौजूदगी में सील किया जाता है। इसके बाद जब उम्मीदवार आते हैं, तभी काउंटिंग वाले दिन रूम खुलता है। अदालत ने इस दौरान पूछा कि क्या वोटिंग के बाद मतदाता को स्लिप मिल सकती है। इस पर चुनाव आयोग ने कहा कि ऐसा हो तो सकता है, लेकिन इससे वोट की निजता का उल्लंघन होगा। इसके अलावा वोटिंग स्लिप जब बूथ के बाहर पहुंचेगी तो वोटर के साथ भी कुछ समस्याएं हो सकती हैं। उस स्लिप का दूसरे लोग कैसे इस्तेमाल करेंगे, यह नहीं कहा जा सकता।

# पहले चरण का मतदान आज

## 102 लोकसभा सीटों पर 16.63 करोड़ मतदाता 1625 उम्मीदवारों के भाग्य का करेंगे फैसला

**महानगर नेटवर्क**

**नई दिल्ली**

लोकसभा चुनाव-2024 के पहले चरण के तहत वोटिंग आज हो रही है। वोटिंग सुबह 8:00 बजे शुरू होगी और शाम 5:00 बजे तक चलेगी। पहले चरण के तहत 21 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की 102 लोकसभा सीटों पर मतदान होगा। 8 केंद्रीय मंत्री, दो पूर्व मुख्यमंत्री और एक पूर्व राज्यपाल की सीटों पर भी वोटिंग हो रही है। तमिलनाड़ की 39, उत्तराखंड की 5, अरुणाचल प्रदेश की 2, राजस्थान की 12 सीटों के अलावा महाराष्ट्र की 5, असम की 5, बिहार की 4, मध्य प्रदेश की 6, उत्तर प्रदेश की 8, पश्चिम बंगाल की 3 और त्रिपुरा, जम्मू-कश्मीर और छत्तीसगढ़ की एक-एक लोकसभा सीट पर मतदान हो रहा है। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने पहले चरण की वोटिंग से पहले वोटरों से मतदान में बढ़- चढ़कर हिस्सा लेने की अपील की है। राजीव कुमार लोकतंत्र में मतदान के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि चुनाव भारत के लोकतंत्र की सबसे खूबसूरत अभिव्यक्ति हैं। निर्वाचन आयोग ने मतदान के अनुभव को शांतिपूर्ण, आरामदायक और सुखद बनाने के लिए बहुत मेहनत की है। मतदान और सुरक्षा कर्मियों को लाने ले जाने के लिए 41 हेलीकॉप्टर, 84 विशेष ट्रेनें और लगभग 1 लाख वाहन तैनात किए गए हैं। चुनाव आयोग ने शांतिपूर्ण और सुचारु रूप से चुनाव कराने के लिए कई निर्णायक कदम उठाए हैं।



**पहले चरण के ये है अहम उम्मीदवार** : पहले चरण में चिराग पासवान जमुई सीट से, नकुलनाथ छिंदवाड़ा से, के अन्नामलाई कोयंबटूर सीट से, तेलंगाना की पूर्व राज्यपाल तमिलिसाई सौंदर्यराजन चेन्नई दक्षिण से, कनिमोझी करुणानिधि थूथुक्कुडी सीट से जितिन प्रसाद पीलीभीत और निसिथ प्रमाणिक कूचबिहार से मैदान में हैं।

### गडकरी, सोनोवाल, बालियान की किस्मत का होगा फैसला

- केंद्रीय सड़क और परिवहन मंत्री नितिन गडकरी नागपुर सीट से हैट्रिक लगाने के प्रयास में हैं।
- अरुणाचल पश्चिम से केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू चौथी बार जीतने की कोशिश कर रहे हैं।
- डिब्रूगढ़ से जहाजरानी मंत्री सर्बानंद सोनोवाल, मुजफ्फरनगर से संजीव बालियान, उधमपुर से जितेंद्र सिंह, अलवर से भूपेंद्र यादव, बीकानेर से अर्जुन राम मेघवाल और नीलगिरि से एल मुरुगन मैदान में हैं।
- उत्तराखंड के पूर्व सीएम त्रिवेंद्रसिंह रावत हरिद्वार से चुनाव लड़ रहे हैं।
- त्रिपुरा के पूर्व सीएम बिप्लव देव पश्चिम त्रिपुरा से मैदान में।
- पूर्व केंद्रीय मंत्री पी चिदंबरम के बेटे कार्ति शिवगंगा से दोबारा चुनाव लड़ रहे हैं।

### यूपी-उत्तराखंड की इन सीटों पर मतदान

- उत्तर प्रदेश (8) : नगीना, कैराना, मुरादाबाद, पीलीभीत, सहारनपुर, बिजनौर, रामपुर व मुजफ्फरनगर।
- उत्तराखंड (5) : टिहरी गढ़वाल, अल्मोड़ा, नैनीताल-उधमसिंह नगर, हरिद्वार व पौड़ी गढ़वाल। बता दें कि इसके अलावा दो राज्यों में विधानसभा चुनाव के लिए भी मतदान हो रहा है।
- अरुणाचल प्रदेश (50 सीट) और सिक्किम (32 सीट) में विधानसभा चुनाव के लिए भी मत डाले जा रहे हैं।

## Short News एक नजर

### AAP विधायक अमानतुल्लाह गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी की मुसीबतें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। बीते दिनों दिल्ली के मुख्यमंत्री केजरीवाल की गिरफ्तारी के बाद ईडी ने एक और गिरफ्तारी की है। ईडी ने वक्फ बोर्ड घोटाले में आम आदमी पार्टी के विधायक अमानतुल्लाह खान को गिरफ्तार लिया है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, ईडी ने वक्फ बोर्ड में नियुक्ति मामले में घोटाले के आरोप में गिरफ्तार किया है।

### सावधान... बर्ड फ्लू ले सकता है जान!

**जिनेवा।** विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) ने गुरुवार को इंसानों समेत अन्य प्रजातियों में एच5एन1 बर्ड फ्लू संक्रमण के बढ़ते खतरे पर गंभीर चिंता जताई है। डब्ल्यूएचओ के मुख्य वैज्ञानिक जेरेमी फरार ने जिनेवा में संवाददाताओं से कहा, मुझे लगता है कि अभी भी बर्ड फ्लू एक बड़ी चिंता बनी हुई है। WHO ने कहा है कि 2020 में शुरू हुए मौजूदा बर्ड फ्लू की चपेट में अब गायें और बकरियां भी आ रही हैं। इससे स्तनधारियों को खतरा बढ़ गया है। जेरेमी फरार ने कहा कि अब यह एक वैश्विक ज़ूनोटिक पशु महामारी बन चुकी है।

### तीसरे विश्व युद्ध की खुली धमकी

**कीव।** रूस से युद्ध को दो साल से अधिक बीत जाने के बाद यूक्रेन ने एक बार फिर से धमकी दी है। यूक्रेन के प्रधानमंत्री ने कहा है कि यदि यूक्रेन रूस के साथ अपने युद्ध को हार जाता है तो फिर तीसरा विश्व युद्ध होगा। साथ ही, उन्होंने अमेरिका से मांग करते हुए लंबे समय से रुके विदेशी सहायता विधेयक को पारित करने का आग्रह किया। यूक्रेन के प्रधानमंत्री डेनिस श्माइहल ने आशा व्यक्त की है कि अमेरिकी संसद बेहद विवादास्पद विधेयक को पारित करेंगे, जिसमें कीव के लिए 61 अरब डॉलर निर्धारित हैं।

# शिल्पा शेट्टी-राज कुंद्रा पर ED का एक्शन

## 97 करोड़ की संपत्ति अटैच, बंगला भी जब्त



**महानगर नेटवर्क**

**मुंबई**

फिल्म अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी के पति राज कुंद्रा पर ED ने बड़ा एक्शन लिया है। बिजनेसमैन की 97 करोड़ की प्रॉपर्टी ईडी ने अटैच कर दी है। ईडी की मुंबई ब्रांच ने पीएमएलएल एक्ट के तहत शिल्पा शेट्टी और उनके पति राज कुंद्रा की 97.79 करोड़ रुपये की कीमत की संपत्ति को अटैच किया है। जब्त की गई संपत्ति में शिल्पा शेट्टी के नाम का जुहू में स्थित एक बंगला भी शामिल है। वहीं पुणे में मौजूद एक बंगले के अलावा राज कुंद्रा के नाम के कुछ शेयर भी ईडी ने अटैच किए हैं।

### कुंद्रा के वकील का बयान

*इस मामले में शिल्पा शेट्टी और राज कुंद्रा के वकील प्रशांत पाटिल का बयान आया है। उन्होंने कहा, "हम कानून की उचित प्रक्रिया का पालन करेंगे और अपने क्लाइंट्स की लिबर्टी और प्रॉपर्टी की सुरक्षा के लिए मनी लांड्रिंग एक्ट के प्रावधानों के तहत जरूरी कदम उठाएंगे। मेरे क्लाइंट्स राज कुंद्रा और मिसेज शिल्पा शेट्टी कुंद्रा के खिलाफ प्रथम दृष्टया कोई मामला नहीं बनता है। हमें माननीय न्यायपालिका पर पूरा भरोसा है। मेरा मानना है कि जब हम माननीय प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के समक्ष अपना निष्पक्ष प्रतिनिधित्व करते हैं, तो जांच एजेंसियां भी हमें न्याय दे सकती हैं। हमें निष्पक्ष जांच पर भरोसा है। हम आवश्यकता पड़ने पर अधिकारियों के साथ सहयोग करने के लिए कमिटेड हैं।*

# युद्ध ग्रस्त ईरान में फंसी महिला लौटी भारत

**जयशंकर बोले- विदेश में भी पूरी होती है 'मोदी की गारंटी'**

**महानगर नेटवर्क**

**नई दिल्ली**

तेहरान में फंसी भारत की महिला कैडट एन टेसा जोसफ को सुरक्षित भारत लाया गया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने गुरुवार को सोशल मीडिया के माध्यम से इसकी जानकारी दी। विदेश मंत्री एस जयशंकर की तरफ से भी एक्स पर इस ट्वीट को रीट्वीट किया गया।

उन्होंने लिखा, यह खुशी की बात है कि एन टेसा जोसेफ अपने घर पहुंच गई हैं। मोदी की गारंटी हमेशा पूरी होती है, चाहे वो घर पर हो या फिर विदेश में।' भारतीय मिशन और ईरानी सरकार के ठोस प्रयासों से केरल के त्रिशूर से रहने वाली भारतीय डेक कैडेट एन टेसा जोसेफ वापस लौट सकी हैं। वो कंटेनर जहाज एमएससी एरीज के भारतीय चालक दल के सदस्यों के साथ फंसी हुई थी। दोपहर कोच्चि अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर वो सुरक्षित लैंड हुई। कोच्चि हवाई अड्डे पर क्षेत्रीय पासपोर्ट अधिकारी ने उनका स्वागत किया।



**जहाज में अभी भी 16 लोग**

*विदेश मंत्रालय का कहना है कि तेहरान में भारतीय मिशन मामले से अवगत है और कंटेनर जहाज के बाकी बचे 16 भारतीय चालक दल के सदस्यों के संपर्क में है। चालक दल के सदस्य अच्छे स्वास्थ्य में हैं और भारत में अपने परिवार के सदस्यों के संपर्क में हैं। भारतीय मिशन एमएससी एरीज के शेष चालक दल के सदस्यों की भलाई सुनिश्चित करने के लिए ईरानी अधिकारियों के साथ भी संपर्क में है। इससे पहले विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने इस मामले पर अपने ईरानी समकक्ष विदेश मंत्री अमीर अब्दुल्लाहियन से बात की थी।*

# फडणवीस को गिरफ्तार करना चाहती थी उद्धव सरकार

**महानगर नेटवर्क**

**पुणे**

महाराष्ट्र के तकनीकी एवं उच्च शिक्षा और संसदीय कार्य मंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता चंद्रकांत पाटिल ने कुछ दिनों पहले आरोप लगाया था कि उद्धव ठाकरे की अगुवाई वाली महा विकास अघाड़ी (MVA) सरकार में किसी भी वक्त देवेंद्र फडणवीस को गिरफ्तार किया जा सकता था। इस पर अब खुद उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कथित साजिश का खुलासा किया है। फडणवीस ने कहा कि हां, ये सच है कि महा विकास अघाड़ी सरकार में उनको गिरफ्तार करने की साजिश रची जा रही थी। पुणे में पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने कहा, हां, यह सच है कि मेरे खिलाफ झूठा केस बनाने की कोशिश की गई थी। हालाँकि उन्होंने बहुत कोशिश की, लेकिन उन्हें कुछ मिल नहीं सका। इस बारे में कभी विस्तार से बात करूंगा। जब उनसे संविधान बदलने पर सवाल किया गया तो उन्होंने कहा कि देश के लोगों को पीएम नरेंद्र मोदी पर भरोसा है और जब तक बीजेपी है, कोई भी संविधान को छू नहीं पाएगा। उन्होंने कहा, मेरे लिए देश का संविधान गीता, बाइबिल और कुरान से भी ज्यादा महत्वपूर्ण और पवित्र है। उपमुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस ने पीएम मोदी के बारे में कहा कि उन्होंने बहुत पहले साफ कहा है कि इस संविधान की वजह से ही चाय बेचने वाला लड़का देश का प्रधानमंत्री बन सका है। इसलिए उन्होंने पिछले दस वर्षों के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने संविधान की रक्षा की है।



# नारायण राणे को मिला रत्नागिरी-सिंधुदुर्ग से टिकट

**मुंबई।** भाजपा ने रत्नागिरी- सिंधुदुर्ग लोकसभा सीट से केंद्रीय मंत्री नारायण राणे की उम्मीदवारी घोषित की है। पहले इस सीट पर शिवसेना शिंदे गुट दावा कर रहा था। राणे का मुकाबला शिवसेना यूबीटी प्रत्याशी विनायक राउत से होगा। शिंदे गुट की तरफ से इस सीट पर कैबिनेट मंत्री उदय सामंत के भाई किरण सामंत दावेदारी पेश कर रहे थे। उदय सामंत ने कहा कि टिकट आवंटन पर चर्चा के दौरान महायुति में दरार न पड़े, इसलिए उनके भाई किरण सामंत ने यहां से चुनाव नहीं लड़ने का फैसला लिया है। उन्होंने कहा कि महायुति प्रत्याशी नारायण राणे के समर्थन में पूरी ताकत से काम किया जाएगा। भाजपा ने पहले कभी इस सीट पर चुनाव नहीं लड़ा है। राणे के बेटे निलेश राणे ने कांग्रेस उम्मीदवार के तौर पर 2009 में इस सीट पर जीत हासिल की थी।



# जेल से बेल के लिए केजरीवाल की 'मीठी' चाल

> एक साजिश के तहत, अरविंद केजरीवाल की हत्या कराने की कोशिश की जा रही है। **- मंत्री आतिशी**

**महानगर नेटवर्क**

**नई दिल्ली**

तिहाड़ जेल में बंद दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की एक याचिका को लेकर दिल्ली के राउज एवेन्यू कोर्ट में सुनवाई हुई है। बताया जा रहा है कि कोर्ट में प्रवर्तन निदेशालय (ED) ने अपनी दलीलें देते हुए कहा है कि अरविंद केजरीवाल हेल्थ ग्राउंड पर बेल लेने की कोशिश कर रहे हैं। ईडी ने कहा है कि जेल में अरविंद केजरीवाल पूड़ी-आलू, आम और मिठाई खा रहे हैं ताकि उनका शुगर लेवल बढ़ जाए और वो बेल हासिल कर सकें। सीएम केजरीवाल की याचिका पर सुनवाई के बाद ईडी के विशेष वकील जोहेब हुसैन ने कहा, 'कोर्ट को केजरीवाल का डाइट चार्ट बताया गया है। डाइट चार्ज में आम और मिठाइयां हैं। हमने इसे अदालत को बताया है कि अरविंद केजरीवाल जानबूझ कर मीठा खाना खा रहे हैं जबकि यह किसी भी डायबिटीज मरीज के लिए ठीक नहीं होता है।' वहीं अरविंद केजरीवाल के वकील ने विवेक जैन ने कहा, 'ED ने इसे इसलिए मुद्दा बनाया है ताकि घर का खाना भी उन्हें देने से रोका जा सके। यह उनके स्वास्थ्य से जुड़ा है। वो जो कुछ भी खा रहे हैं वो चिकित्सकों द्वारा दिया गया डाइट है। मामला अदालत में है और हम अभी इसपर और कुछ नहीं कह सकते हैं।'



अरविंद केजरीवाल से जुड़ा एक अहम दस्तावेज वायरल है। उस दस्तावेज में बताया गया है कि केजरीवाल को जेल में क्या-क्या दिया जा रहा है। हैरानी की बात ये है कि उस दस्तावेज के मुताबिक नवरात्रि के दूसरे दिन अरविंद केजरीवाल को जेल में नाश्ते में अंडे भी मिले हैं। अब उन्होंने उन अंडों का सेवन किया या नहीं, साफ नहीं, लेकिन नवरात्रि के समय में उन्हें जेल में अंडे परोसे जरूर गए हैं। बाकी दिनों की बात करें तो केजरीवाल को राजमा, रोटी, अरबी सब्जी, सलाद, मूंग दाल, पोहा जैसी कई चीजें भी लगातार मिलती रही हैं।

# रामनवमी शोभा यात्रा पर पथराव, चार घायल

## ममता बोलीं- भाजपा राज्य में हिंसा फैला रही

**महानगर नेटवर्क**

**कोलकाता**

पश्चिम बंगाल के पूर्व मिदनापुर में रामनवमी शोभायात्रा के दौरान पथराव में चार लोग घायल हो गए। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि जब रामनवमी शोभायात्रा बुधवार की रात 9:10 बजे इगरा के कॉलेज मोड़ से गुजर रही थी, तब कुछ लोगों ने इस पर पथराव किया। फिलहाल इस मामले में चार लोगों को हिरासत में ले लिया गया है। इससे पहले मुर्शिदाबाद में भी रामनवमी शोभायात्रा के दौरान पथराव को लेकर बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने भाजपा पर हिंसा भड़काने का आरोप लगाया। पुलिस अधिकारी ने बताया कि भीड़ को तितर-बितर करने के लिए पुलिस को लाठीचार्ज करना पड़ा। उन्होंने कहा, "इलाके में सुरक्षा कड़ी कर दी गई है। हम मामले की जांच कर रहे हैं। चार लोगों को हिरासत में लिया गया है। स्थिति फिलहाल नियंत्रण में है।" भाजपा नेता और मिदनापुर से पार्टी के उम्मीदवार अग्निमित्रा पाल समेत अन्य कार्यकर्ताओं ने इस पथराव का विरोध करते हुए सड़क जाम कर प्रदर्शन किया।



# ओवैसी गढ़ में 5.41 लाख फर्जी वोटरों के नाम हटे!

## माधवी लता का दावा- छह लाख से अधिक फर्जी मतदाता

**महानगर नेटवर्क**

**हैदराबाद**

चुनाव आयोग ने हैदराबाद जिले की मतदाता सूची से 5.41 लाख मतदाताओं के नाम हटा दिए हैं। जिले में 15 विधानसभा क्षेत्र आते हैं। सूची से मतदाताओं के नाम हटाने का कारण उनकी मौत होना, निवास बदलना और दो बार नाम दर्ज होना है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने एक विज्ञप्ति में कहा कि हैदराबाद जिले में चुनाव मशीनरी मतदाता सूची की शुद्धता सुनिश्चित करने के लिए कड़ी मेहनत कर रही है और स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करने के लिए सभी उपाय किए जा रहे हैं। जनवरी 2023 से हैदराबाद जिले के 15 विधानसभा क्षेत्रों में कुल 47,141 मृत मतदाता, 4,39,801 स्थानांतरित मतदाता और 54,259 नामों के दोहराव वाले मतदाताओं के नाम सूची से हटाए गए हैं। विज्ञप्ति में कहा गया है कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों का पालन करते हुए कुल 5,41,201 मतदाताओं के नाम सूची से हटा दिए गए हैं। हैदराबाद जिले के 15 विधानसभा क्षेत्र हैदराबाद और सिकंदराबाद लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों का हिस्सा हैं। हैदराबाद लोकसभा क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार माधवी लता ने पहले दावा किया था कि निर्वाचन क्षेत्र में छह लाख से अधिक फर्जी मतदाता हैं। माधवी ने आरोप लगाया था कि ओवैसी फर्जी वोट से चुनाव जीतते हैं। हैदराबाद जिले में कुल 1,81,405 ऐसे मतदाताओं की पहचान की गई है जिनके मकान नंबर में सुधार किया गया है। जिले में कुल 3,78,713 सुधार किए गए ताकि एक परिवार में विभाजित मतदाताओं को एक मतदान केंद्र पर लाया जा सके।



# 'राहुल में अमेठी से चुनाव लड़ने की हिम्मत नहीं'

**महानगर नेटवर्क**

**नई दिल्ली**

भाजपा के वरिष्ठ नेता राजनाथ सिंह ने बृहस्पतिवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर कटाक्ष किया और कहा कि 2019 में अमेठी लोकसभा सीट से हार के बाद उनमें इस बार वहां से चुनाव लड़ने की हिम्मत नहीं है। सिंह ने कहा कि गांधी अपनी हार के बाद उत्तर प्रदेश से केरल पलायन कर गए हैं। उन्होंने भाजपा उम्मीदवार अनिल के एंटनी के पक्ष में चुनाव प्रचार करते हुए कटाक्ष किया,'' मैंने सुना है कि वायनाड के लोगों ने उन्हें (राहुल गांधी) अपना सांसद नहीं बनाने का फैसला किया है।'' सिंह ने चुटकी लेते हुए कहा कि देश में विभिन्न अंतरिक्ष कार्यक्रम और परियोजनाएं लॉन्च की जा रही हैं ''लेकिन कांग्रेस के युवा नेता पिछले 20 वर्ष में 'लॉन्च' नहीं हो पाए।''



# आसमान में बढ़ी भारत की ताकत!

## 1500 KM रेंज वाली निर्भय क्रूज मिसाइल का सफल परीक्षण

**महानगर नेटवर्क**

**नई दिल्ली**

आसमान के रास्ते दुश्मन के छक्के छुड़ाने के लिए अब निर्भय क्रूज मिसाइल भी जल्द तैयार हो जाएगी। बुधवार को डिफेंस रिसर्च एंड डेवलपमेंट आर्गनाइजेशन (DRDO) ने इस ताकतवर मिसाइल का सफल परीक्षण किया है। इसमें सबसे बड़ी बात यह है कि इसका बूस्टर इंजन भारत में ही तैयार किया गया है। यह 1500 किमी दूरी तक दुश्मन के ठिकाने पर वार करने में सक्षम है। हालांकि परीक्षण के दौरान यह मिसाइल 100 किमी की दूरी और करीब 15 मिनट आसमान में रहने के बाद नीचे आ गई। ऐसा तकनीकी खामी के कारण बताया जा रहा है। लेकिन निर्भय मिसाइल का परीक्षण आंशिक रूप से सफल रहा है। निर्भय सब सोनिक क्रूज मिसाइल को बुधवार को ओडिशा के चांदीपुर परीक्षण केंद्र से सुबह 9:55 मिनट पर लॉन्च किया गया था। डीआरडीओ के सूत्रों का कहना है कि स्वदेशी इंजन का परीक्षण सफल रहा है लेकिन डिलीवरी प्लेटफॉर्म में कुछ तकनीकी खामी के कारण मिसाइल नीचे आ गई। इसका कारण शायद कंट्रोलर में कुछ खामी हो सकती है। लेकिन इंजन ने बेहतर काम किया है। उनके अनुसार अब भारतीय वायुसेना और नौसेना के यूजर ट्रायल के पहले इसका अगला परीक्षण मिशन मोड में किया जाएगा।





# बारामती में रोटी पलटने का आ गया समय : एकनाथ शिंदे

## अजित और सुनेत्रा पवार मिलकर करेंगे बारामती का विकास

**महानगर संवाददाता**
**मुंबई**



मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा कि बारामती में अब रोटी पलटने का समय आ गया है। बारामती की जनता ने परिवर्तन का मूड बना लिया है,यह विकासवाद और परिवारवाद की लड़ाई है। शिंदे गुरुवार को बारामती लोकसभा सीट से महायुति की उम्मीदवार सुनेत्रा पवार के नामांकन के पहले आयोजित जनसभा को सम्बोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने विरोधियों पर निशाना बनाते हुए कहा कि अजित पवार ने उपमुख्यमंत्री और मंत्री रहते हुए बारामती का विकास किया अब सुनेत्रा पवार और अजित पवार मिलकर बारामती का विकास करेंगे। शिंदे ने बारामती की जनता से कहा कि अब रोटी पलटने का समय आ गया है। शिंदे ने शरद पवार के सुनेत्रा पवार को बहू वाले बयान पर पलटवार किया मुख्यमंत्री ने कहा कि जो लोग बेटी और बहू के बीच अंतर महसूस करते हैं उन्हें अपने दिल में झांक कर देखना चाहिए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा था कि मैंने शरद पवार की उंगली पकड़कर राजनीति सीखी. लेकिन शरद पवार के नैया पार करने के बाद मोदी ने देश की कायापलट कर दी. उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने भी अब शरद पवार की नैया छोड़ दी है. मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने विश्वास व्यक्त किया कि सुनेत्रा पवार और अजित पवार तब तक आराम नहीं करेंगे जब तक बारामती का कायाकल्प नहीं हो जाता। एकनाथ शिंदे ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश को महाशक्ति बनाने का वादा किया है.उनकी यह गारंटी है कि इस वादे को वे पूरा करेंगे. अब देश में केवल मोदी गारंटी चल रही है और इसलिए देश का यह चुनाव देश का भाग्य तय करेगा । शिंदे ने कहा कि इस देश की जनता कांग्रेस नेता राहुल गांधी को प्रधानमंत्री बनाने का सपना भी नहीं देख सकती. 54 वर्ष की आयु के बाद भी परिपक्वता नहीं आती है। इसरो ने लॉन्च किया चंद्रयान. लेकिन कांग्रेस पार्टी अब तक राहुल गांधी को लॉन्च नहीं कर पाई है.मुख्यमंत्री ने कहा महाविकास अघाड़ी में तीन उम्मीदवारों के फॉर्म भरने के लिए हमसे आधी भीड़ है। उसकी तुलना में इतनी बड़ी संख्या में लोग यहां फॉर्म भरने आए हैं, यह उपमुख्यमंत्री अजित पवार के काम की स्वीकारोक्ति है और मुख्यमंत्री ने विश्वास जताया कि बारामती में महागठबंधन के उम्मीदवार की जीत होगी.सुनेत्रा पवार ने गुरुवार को नामांकन दाखिल किया इस दौरान उनके साथ मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे,उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस,उपमुख्यमन्त्री अजित पवार,केंद्रीय राज्य मंत्री रामदास आठवले,राकांपा के राष्ट्रीय कार्याध्यक्ष प्रफुल्ल पटेल,उच्च शिक्षा मंत्री चंद्रकांत पाटिल सहित महायुति के अन्य नेता उपस्थित थे।

# पहले चरण में आज पांच लोकसभा सीटों पर मतदान

**महानगर संवाददाता**
**मुंबई**



महाराष्ट्र में लोकसभा चुनाव के पहले चरण में विदर्भ की 5 सीटों नागपुर, चंद्रपुर, भंडारा-गोंदिया, रामटेक और गडचिरोली-चिमूर के लिए शुक्रवार 19 अप्रैल को वोट डाले जाएंगे। चुनाव आयोग ने चुनाव की पूरी तैयारी कर ली है। पहले चरण में 95 लाख 54 हजार 667 मतदाता अपने मताधिकार का उपयोग करेंगे। इनमें 18 से 19 वर्ष की आयु समूह के 1 लाख 41 लाख 457 मतदाता हैं। चुनाव के लिए कुल 10,652 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। इस चरण की पांच सीटों पर 97 प्रत्याशी अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। संवेदनशील मतदान केंद्रों पर सीआरपीएफ की टुकड़ियां तैनात की गई है। चुनाव के लिए कुल 124 कंपनियां तैनात की गई है। नक्सल प्रभावित गडचिरोली के दूर दराज के कुछ मतदान केंद्रों पर हेलीकॉप्टर से पोलिंग पार्टी और चुनाव सामग्री को पहुंचाया गया।

### मतदान का समय सुबह 7 से शाम 6 बजे तक

लोकसभा चुनाव के लिए मतदान का समय सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक होगा। शाम 6 बजे तक जितने भी लोग मतदान केंद्र पर मौजूद रहेंगे, उन्हें मतदान का अवसर मिलेगा। पांच विधानसभा क्षेत्रों में मतदान का समय सुबह 7 बजे से दोपहर 3 बजे तक रहेगा। इसमें नक्सल प्रभावित गडचिरोली लोकसभा के आमगांव, आरमोरी, गडचिरोली, अहेरी तथा भंडारा-गोंदिया लोकसभा सीट के अर्जुने मोरगांव में मतदान का समय दोपहर 3 बजे तक रहेगा।

### चार सीटों पर कांग्रेस-भाजपा के बीच सीधी टक्कर

पांचों लोकसभा सीटों पर महाविकास आघाड़ी, महायुति के बीच मुकाबला है। चार सीटों नागपुर, चंद्रपुर, भंडारा-गोंदिया और गडचिरोली-चिमूर में भाजपा और कांग्रेस के बीच सीधी टक्कर होगी, जबकि रामटेक सीट पर कांग्रेस और शिवसेना शिंदे गुट के बीच मुकाबला होगा। पहले चरण के चुनाव प्रचार के तहत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दो लोकसभा सीटों पर चुनावी सभाओं को संबोधित किया। चंद्रपुर लोकसभा सीट पर प्रधानमंत्री ने राज्य की पहली चुनावी सभा को संबोधित किया। पीएम मोदी की दूसरी सभा रामटेक में हुई। कांग्रेस की तरफ से राहुल गांधी ने भंडारा-गोंदिया और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे नागपुर में प्रचार सभा को संबोधित किया।

### मतदान केंद्र और प्रत्याशी

रामटेक: मतदान केंद्र 2405, कुल प्रत्याशी 28
नागपुर: मतदान केंद्र 2105, कुल प्रत्याशी 26
भंडारा-गोंदिया: मतदान केंद्र 2133, कुल प्रत्याशी 18
गडचिरोली-चिमूर: मतदान केंद्र 1891, कुल प्रत्याशी 10
चंद्रपुर: मतदान केंद्र 2118, कुल प्रत्याशी 15

## 95 लाख मतदाता करेंगे प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला

## 10,652 मतदान केंद्र, कुल 97 प्रत्याशी मैदान में

### कहां किसका मुकाबला

*नागपुर में भाजपा उम्मीदवार को केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी का मुकाबला कांग्रेस प्रत्याशी विकास ठाकरे से होगा। गडकरी इस सीट पर तीसरी बार चुनाव मैदान में हैं। चंद्रपुर सीट पर कैबिनेट मंत्री सुधीर मुनगंटीवार और कांग्रेस प्रत्याशी प्रतिभा धानोरकर के बीच है। पिछले लोकसभा चुनाव में चंद्रपुर ही एकमात्र लोकसभा सीट थी, जहां से कांग्रेस प्रत्याशी सुरेश धानोरकर को जीत हासिल हुई थी। सुरेश बाला धानोरकर के निधन के बाद से यह सीट रिक्त थी। अब कांग्रेस ने उनकी पत्नी प्रतिभा धानोरकर को टिकट दिया है। सुरक्षित रामटेक सीट पर शिवसेना शिंदे गुट के प्रत्याशी राजू पारवे का मुकाबला कांग्रेस प्रत्याशी श्याम बर्वे का मुकाबला होगा। गडचिरोली-चिमूर सीट पर भाजपा नेता अशोक नेते का मुकाबला कांग्रेस प्रत्याशी नामदेव किरसन से, जबकि भंडारा-गोंदिया सीट पर कांग्रेस के प्रशांत पडोले और भाजपा के सुनील मेंढे के बीच मुकाबला होगा।*

# ननद-भाभी ने भरा नामांकन

## सुनेत्रा पवार से कर्ज लेकर चुनाव लड़ रही हैं सुप्रिया सुले

**महानगर संवाददाता**
**मुंबई**



गुरुवार को बारामती लोकसभा सीट से महाविकास आघाड़ी की सुप्रिया सुले तो महायुती की उम्मीदवार सुनेत्रा पवार ने नामांकन दाखिल किया। अपने हलफनामें में सुप्रिया सुले ने जो जानकारी दी है,वह चौकाने वाली है। सुले ने प्रतिज्ञा पत्र में बताया है कि उनके ऊपर 55 लाख रुपए का कर्ज है। सुप्रिया ने यह कर्ज किसी बैंक या व्यापारी ने नहीं बल्कि चुनाव में अपनी प्रतिद्वंदी भाभी सुनेत्रा पवार और भतीजे पार्थ पवार से लिया है। इसमें सुप्रिया ने 35 लाख सुनेत्रा तो 22 लाख रुपए का कर्ज पार्थ पवार से लिया है। पार्थ पवार अजित पवार के बेटे हैं। सुप्रिया सुले ने हलफनामे में बताया की उनके ऊपर किसी भी बैंक से कोई लोन नहीं है। दिलचस्प बात यह है कि जानकारी यह भी सामने आई है कि सुप्रिया सुले 142 करोड़ रुपए की मालकिन हैं। सुप्रिया ने अपने हलफनामे में इस बात का भी जिक्र किया है कि उन्हें इस साल खेती से शून्य आय हुई है। इससे यह साफ होता है कि चुनाव मैदान में भले ही ननद-भाभी एक दूसरे की विरोधी हैं,लेकिन पवार परिवार आज भी एकजुट है।

### सुप्रिया सुले पर 55 लाख रुपए का कर्ज

### बारामती लोकसभा सीट पर देश की नजर

लोकसभा चुनाव में बारामती लोकसभा सीट पर राज्य नहीं पूरे देश की नजर है। इस सीट पर पवार परिवार से ननद और भाभी एक दूसरे के विरोध में चुनाव लड़ रही हैं। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी में फूट के बाद अब इस चुनावी मैदान में पवार परिवार की दो महिलाएं आमने-सामने आ गई हैं। पूर्व केंद्रीय मंत्री शरद पवार की बेटी सुप्रिया सुले उनकी पार्टी से उम्मीदवार हैं। उपमुख्यमंत्री अजित पवार के गुट से उनकी पत्नी सुनेत्रा पवार महायुति की उम्मीदवार हैं। दोनों गुट अपने-अपने उम्मीदवारों के लिए सक्रिय रूप से प्रचार कर रहे हैं। दिलचस्प बात यह है कि दोनों उम्मीदवारों ने गुरुवार को अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। इस मौके पर दोनों पार्टियों की ओर से जोरदार शक्ति प्रदर्शन किया गया। नामांकन दाखिल करने के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए सुप्रिया सुले ने कहा कि यह लड़ाई विचारधारा की है,बारामती की जनता जिसे अपना मानेगी उसे चुनेगी।

### रायगढ़ से सुनील तटकरे ने भरा नामांकन

रायगढ़ से महायुति के उम्मीदवार राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सुनील तटकरे ने गुरुवार को पर्चा दाखिल किया। इस दौरान उन्होंने रोड शो कर शक्ति प्रदर्शन किया। इस दौरान लोकनिर्माण मंत्री रविंद्र चव्हाण,शिवसेना विधायक भरत गोगावले,राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के प्रदेश महासचिव और उत्तर भारतीय मोर्चा के प्रभारी पारसनाथ तिवारी,भाजपा जिलाध्यक्ष धैर्यशील पाटिल,विधायक महेंद्र दलवी सहित महायुति के बड़ी संख्या में पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित थे। इस अवसर पर शिवसेना विधायक भरत गोगावले ने कहा कि सुनील तटकरे की जीत पक्की है हम ज्यादा से ज्यादा वोट से जिताने के लिए काम कर रहे हैं।

# शरद पवार ने की शिवसेना को खत्म करने की कोशिश

**● महायुति ' की प्रेस कॉन्फ्रेंस में शिक्षा मंत्री दीपक केसरकर का आरोप**



**मुंबई।** लोकसभा चुनाव की जैसे -जैसे तारीख नजदीक आ रही है वैसे -वैसे सत्ता पक्ष और विपक्ष ने एक दूसरे पर आरोप -प्रत्यारोप तेज कर दिया है। केंद्र और राज्य की सत्तारूढ़ दल ने राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद गुट)के प्रमुख शरद पवार को टारगेट करते हुए उनपर बड़ा आरोप लगाया है। गुरुवार को महायुति की संयुक्त पत्रकार परिषद आयोजित की गई थी,जिसमे उपस्थित स्कूली शिक्षा मंत्री और शिवसेना नेता दीपक केसरकर ने सबसे पहले शरद पवार को निशाना बनाया केसरकर ने कहा कि शुरू से शरद पवार का प्रयास रहा है शिवसेना को खत्म करने का जिसमे वो काफी हद तक सफल भी हिओ गए है अगर एकनाथ शिंदे ने शिवसेना की कमान नहीं संभाला होता तो अब तक शिवसेना खत्म हो गई होती। इसके उलट प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा ने शिवसेना के साथ गठबंधन बरकरार रखने की कोशिश की। केसरकर ने कहा कि उद्धव ठाकरे पवार के जाल में फंस गए हैं,इसलिए वह झूठे आरोप लगाकर प्रधानमंत्री मोदी और भाजपा से सहानुभूति पाने की कोशिश कर रहे हैं। केसरकर ने कहा कि जो शिवसैनिक बालासाहेब ठाकरे के विचारों के प्रति वफादार हैं,उन्हें पवार के भ्रम का शिकार नहीं होना चाहिए। केसरकर ने कहा कि शरद पवार और उद्धव ठाकरे ने लोकसभा चुनाव प्रचार के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा पर बेबुनियाद आरोप लगा रहे हैं। बाला साहेब के विचारों के प्रति निष्ठावान शिवसैनिकों को हकीकत मालूम होनी चाहिए। यह सर्वविदित है कि जब बाला साहेब ठाकरे जीवित थे तभी शरद पवार ने शिवसेना को विभाजित कर दिया था। 2014 के बाद हुए इन कई घटनाक्रमों में पवार ने यह देखने की कोशिश की कि शिवसेना जैसे उग्रवादी संगठन का अंत कैसे होगा।

# कांग्रेस ने उद्धव के सामने आत्मसमर्पण कर दिया

## कांग्रेस ने अपने कार्यकर्ताओं को पहुंचाया नुकसानः देवड़ा

**महानगर संवाददाता**
**मुंबई**



राज्यसभा सांसद मिलिंद देवड़ा ने महाविकास अघाड़ी में हुई सीट साझेदारी पर अपनी राय जाहिर की। देवड़ा ने कहा कि कांग्रेस ने महाराष्ट्र और विशेष रूप से मुंबई में लोकसभा चुनाव के लिए सीट-बंटवारे का समझौता करते समय शिवसेना-यूबीटी को बहुत अधिक जमीन दे दी। मिलिंद इसी साल एकनाथ शिंदे के गुट वाली शिवसेना में शामिल हो गए हैं। मिलिंद देवड़ा ने कहा कि अगर उनकी पार्टी चाहती तो वह मुंबई दक्षिण निर्वाचन क्षेत्र से चुनाव लड़ने के लिए तैयार हैं। मिलिंद ने 2004 से 2014 तक बतौर कांग्रेस सांसद इस सीट का प्रतिनिधित्व किया है। पत्रकारों से बातचीत में मिलिंद देवड़ा ने कहा कि दुर्भाग्य की बात है कि कांग्रेस ने एक ऐसी पार्टी के सामने आत्मसमर्पण कर दिया है जिस पर वह न तो भरोसा करती है और न ही गठबंधन सहयोगी के रूप में उसे महत्व देती है। मिलिंद देवड़ा ने कहा, "मुझे पता है कि कांग्रेस पार्टी उद्धव ठाकरे के बारे में क्या सोचती है।"कांग्रेस,शिवसेना-यूबीटी और एनसीपी शरद चंद्र पवार के बीच हुए सीट-बंटवारे के तहत उद्धव ठाकरे की पार्टी मुंबई दक्षिण, मुंबई दक्षिण-मध्य, मुंबई उत्तर-पूर्व और मुंबई उत्तर-पश्चिम से चुनाव लड़ेगी जबकि कांग्रेस के लिए केवल दो सीटें मुंबई उत्तर और मुंबई उत्तर-मध्य छोड़ी गई हैं। इस पर मिलिंद ने कहा कि यह फैसला कांग्रेस के स्थानीय नेतृत्व को अच्छा नहीं लगा, क्योंकि कांग्रेस परंपरागत रूप से मुंबई की छह में से पांच सीटों पर लड़ती थी।

### संजय निरुपम ने भी कांग्रेस पर आरोप लगाया था

मिलिंद ने कहा, "सीट-बंटवारे के समझौते को अंतिम रूप दिए जाने के बाद पार्टी की शहर इकाई प्रमुख वर्षा गायकवाड़ ने खुलकर अपना असंतोष व्यक्त किया। मैं अच्छी तरह से जानती हूं कि जब 2019 में एमवीए बन रहा था तो कांग्रेस के नेताओं क्या महसूस हुआ था और मैं उन्हें जानता हूं कि अभी भी वे वैसा ही महसूस कर रहे हैं।" मिलिंद देवड़ा ने आगे कहा कि शिवसेना-यूबीटी की मांगों को मानकर कांग्रेस ने न केवल अपने नेताओं को बल्कि अपने कार्यकर्ताओं को बड़ा नुकसान पहुंचाया है। बता दें कि पिछले महीने ही संजय निरुपम ने कांग्रेस पर शिवसेना-यूबीटी के सामने आत्मसमर्पण करने का आरोप लगाया था, इसके बाद उन्हें कांग्रेस ने निष्कासित कर दिया था।

# महायुति ने तीन तो महाविकास आघाडी ने दो सीट पर नहीं उतारे प्रत्यासी

### उत्तर-मध्य लोकसभा से भाई जगताप चुनाव लड़ने के लिए इच्छुक

**महानगर संवाददाता**
**मुंबई**



लोकसभा चुनाव में मुंबई की छह लोकसभा सीटों में से महायुति ने तीन तो महाविकास आघाडी ने दो लोकसभा सीट पर अब तक उम्मीदवार घोषित नहीं किया है। इसमें दक्षिण,उत्तर-पश्चिम और उत्तर मध्य मुंबई लोकसभा सीट पर महायुति तो उत्तर मुंबई और उत्तर-मध्य लोकसभा सीट पर महाविकास आघाड़ी ने अब तक उम्मीदवार घोषित नहीं किया है। इन सभी सीटों पर दोनों दलों ने उम्मीदवारी को लेकर माथापच्ची शुरू है। मुंबई कांग्रेस नेताओं का जोर मुंबई की दो लोकसभा सीटों पर ज्यादा है। इससे पहले कांग्रेस नेता मुंबई की तीन सीटों पर जोर दे रहे थे,लेकिन ठाकरे गुट द्वारा अमोल कीर्तीकर को उत्तर पश्चिम मुंबई सीट देने की घोषणा के बाद कांग्रेस मुंबई की दो सीटों पर चुनाव लड़ रही है। इसमें उत्तर मुंबई से ठाकरे गुट के नेता विनोद घोसालकर को कांग्रेस पार्टी चुनाव लड़ाना चाहती थी, लेकिन घोसालकर ने कांग्रेस पार्टी के ऑफर को ठुकरा दिया है। वहीं दूसरी तरफ उत्तर-मध्य लोकसभा सीट से मुंबई कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष भाई जगताप लड़ने के लिए इच्छुक है। यह बात खुद भाई जगताप ने कही है,जगताप ने कहा कि उत्तर-मध्य लोकसभा सीट से चुनाव लड़ना चाहते हैं,अगर पार्टी मुझे अवसर देती है तो जरूर चुनाव लड़ूंगा और जीतूंगा।

# सतारा और शिर्डी सीट पर भी प्रकाश आंबेडकर ने उतारे उम्मीदवार

**मुंबई।** महाराष्ट्र में लोकसभा चुनाव को लेकर सियासी दल अपने प्रत्याशियों का नाम फाइनल करने में लगातार जुटे हैं। इस बीच प्रदेश में प्रकाश आंबेडकर की पार्टी वंचित बहुजन अघाड़ी ने लोकसभा चुनावों के मद्देनजर दो और सीटों पर उम्मीदवारों का ऐलान तक कर दिया है।

सतारा और शिरडी सीट पर कैंडिडेट उतारने की घोषणा की गई है। प्रकाश आंबेडकर की पार्टी वंचित बहुजन अघाड़ी ने सतारा से प्रशांत रघुनाथ कदम को उम्मीदवार बनाया है। वहीं, पार्टी ने शिर्डी लोकसभा सीट से उत्कर्षा रुपवते को टिकट दिया है।

# मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने के लिए सिर्फ पांच दिन बाकी

**भिवंडी।** लोकसभा चुनाव प्रक्रिया शुरू है। इसके पश्चात भी भिवंडी लोकसभा क्षेत्र के मतदाताओं के पास अभी भी मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज कराने का अवसर प्राप्त है। जिन मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में दर्ज नहीं है, उनके लिए लोकतंत्र के उत्सव में भाग लेने के लिए केवल पांच दिन बचे हैं।

गौरतलब हो कि 23 भिवंडी लोकसभा के मतदाता सूची को अपडेट करने का काम शुरू किया गया है। नागरिक 23 अप्रेल मंगलवार तक अपने निकटतम चुनाव कार्यालय यानी 134 भिवंडी ग्रामीण, 135 शाहपुर, 136 भिवंडी (पश्चिम), 137 भिवंडी पूर्व, 138 कल्याण, (पश्चिम), 139 मुरबाड स्थित सहायक निर्वाचन कार्यालय जाकर अथवा https:// votera.eci.gov lin./ लिंक पर जाकर मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज करा सकते हैं। इस प्रकार की जानकारी निर्वाचन रिटर्निंग अधिकारी संजय जाधव ने दी है। 20 मई को भिवंडी लोकसभा क्षेत्र में होने वाले मतदान के लिए मतदाता सूची को अपडेट करने का काम चल रहा है। मतदाता सूची में नाम दर्ज करवाने के लिए 5 दिन शेष है। संबंधित नागरिकों से इसका लाभ उठाने की अपील अधिकारी संजय जाधव की है।

# फेडेक्स कुरियर के नाम पर धोखाधड़ी

## पुलिस अधिकारी बनकर किया फोन

**मुंबई।** पश्चिम सायबर अपराध शाखा ने फेडेक्स कुरियर के नाम पर धोखाधड़ी कर 35 लाख रुपए की धोखाधड़ी करने के बाद, समय पक़र सायबर सेल को जानकारी दिए पर शिकायतकर्ता के पैसे को बचा लिया गया है। उन्होंने 1930 सायबर अपराध के नंबर पर फोन कर उनके साथ हुई धोखाधड़ी की जानकारी दी। जिसके बाद पुलिस अधिकारी ने नोडल अधिकारी से संपर्क कर उनके पैसे बचा लिए। डीसीपी दत्ता नलवाड़े ने आवाहन किया है कि अगर इस तरीके से किसीको फोन आये तो उसपर भरोसा न करें और भूलकर भी पैसे किसीको ट्रांसफर न करें।




एक अधिकारी ने बताया कि शिकायतकर्ता एक बिजनेसमैन हैं। एक शख्स ने उन्हें फोन किया और कहा कि वह पुलिस अधिकारी और इंकमटैक्स अधिकारी है। उसका नाम से फेडेक्स कुरियर आया है, इसके अलावा कुछ अवैध ट्रांजिक्शन भी हुए हैं,जिस वजह से उनपर कार्रवाई की जाएगी। कार्रवाई से बचने के लिए आरोपी ने शिकायतकर्ता से पैसों की मांग की। इसपर शिकायतकर्ता डर गए और उन्होंने आरोपी को 35 लाख 12 हजार 820 रुपए ट्रांसफर कर दिए। लेकिन थोड़े समय बाद उन्हें अनुभव हुआ कि उनके साथ धोखाधड़ी हुई है। इसके बाद उन्होंने इसकी शिकायत सायबर अपराध शाखा से की। मामले में तत्परता दिखाते हुए सायबर अपराध शाखा ने अकाउंट से निकला हुआ पूरा पैसा जब्त कर लिया है। हालांकि मामले की अधिक जांच पुलिस कर रही है। पुलिस उप निरीक्षक मंगेश भोर और पुलिस शिपाहि किरण पाटिल ने मिलकर मामले की पैरवी की और जिस बैंक में पैसा ट्रांसफर हुआ था, उसके नोडल अधिकारी से संपर्क किया और उसमें गए पैसों को फ्रिज करवा दिया। इससे बिजनेसमैन का पैसा बच गया। फिलहाल पूरे मामले की जांच सायबर अपराध शाखा द्वारा की जा रही है।




**कालवा देवी रोड स्थित मुंबा देवी और कामनाथ मंदिर के चैत्र नवरात्र में दर्शन करने वाले हजारों श्रद्धालुओं को चाय, बिस्कुट, टाफी तथा जल का वितरण किया गया। यह कार्य 'जय श्री राम जय श्री श्याम' जनसेवा मंडल द्वारा आयोजित किया गया। इस संबंध में मंडल के अध्यक्ष लवाकर शेट्टी ने बताया कि यह कार्य जनसेवा मंडल द्वारा विगत 13वर्षो से किया जा रहा है। जनसेवा मंडल द्वारा विभिन्न स्थानों में श्रद्धालु को हर तरह की सेवा देने की कोशिश करता रहता है। इस कार्य में मुंबा देवी ट्रस्ट के अध्यक्ष हेमंत जाधव, सदस्य उमेश बाजपेई, जयंती भाई पुरोहित, कामनाथ मंदिर के पुजारी अश्वनी महाराज, केशव शर्मा ज्योतिष आचार्य, दिलीप सोनी, उत्तम भाई जैन, कृष्णा दुबे, कांतिलाल बोहरा, देवीलाल गुप्ता, हंसमुख जैन तथा संजय सोनी का विशेष सहयोग रहता रहा है। जिन्होंने इस जन सेवा कार्य को सम्पन्न करने तथा सफल करने में अहम भूमिका निभाई है।**

# मुंबई पर हीट वेव का खतरा!

## इन दिनों 40 डिग्री सेल्सियस के करीब पहुंच रहा तापमान

महानगर संवाददाता
मुंबई

गर्मी के मौसम में देश भर में तापमान बढ़ा हुआ है, लेकिन मुंबई में प्रदूषण और गर्मी की वजह से आम जनता बुरी तरह से परेशान हो रही है। आने वाले दिनों में गर्मी और बढ़ने वाली है इसकी संभावना जताई गई है। मुंबई पर हीट वेव का खतरा भी मंडरा रहा है। वहीं मौसम विभाग ने 21 अप्रैल को बारिश और तूफान की भी संभावना जताई है। मुंबई में वायु गुणवत्ता सूचकांक 102 दर्ज किया गया है। जिसे स्वास्थ्य के लिए अच्छा नहीं माना जाता, ऐसे में मुंबई कर गर्मी और प्रदूषण की दोहरी मार झेल रहे हैं।



### एक दशक बाद अधिकतम तापमान

भारतीय मौसम विभाग की तरफ से मुंबई में येलो अलर्ट जारी किया गया है। मुंबई में तापमान इन दोनों 40 डिग्री सेल्सियस के करीब पहुंच रहा है, जो बड़ी चिंता का विषय है 18 मार्च को अधिकतम तापमान 34.4 दर्ज किया गया, लेकिन मुंबई में गर्मी बढ़ी हुई थी,16 अप्रैल को इस सीजन का अधिकतम तापमान 39.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। जो एक दशक के बाद दर्ज किया गया अधिकतम तापमान है।

### IMD ने जारी की बारिश और तूफान की चेतावनी

भारतीय मौसम विभाग की तरफ से 21 अप्रैल को बारिश और तूफान की संभावना जताई गई है। दोपहर और शाम के बीच हल्की बूंदाबांदी और तेज हवा चल सकती है। वहीं 21 को मुंबई में गर्मी भी बड़ी हुई रहेगी,क्योंकि अधिकतम तापमान 34 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 27 डिग्री सेल्सियस रहने की संभावना जताई गई है।

### जहरीली हवा और गर्मी ने घोंटा दम

मुंबई में 18 अप्रैल को वायु गुणवत्ता सूचकांक 102 दर्ज किया गया,जिसे खराब श्रेणी माना जाता है। ऐसे में यह कहा जा सकता है कि मुंबई में इस समय गर्मी और प्रदूषण दोनों ने मुंबईकरों का जीना मुहाल कर दिया है। गर्मी और प्रदूषण दोनों मिलकर मुंबईकरों का दम घोंट रहे है।

### मुंबई पर हीट वेव का खतरा

मुंबई में गर्मी बढ़ने पर भी यहां की हवा गर्म नहीं होती है,समुद्री तट से सटा इलाका होने के नाते यहां की हवा में नमी और ठंड बनी रहती है,लेकिन बीते कुछ दिनों से मुंबई के लोग गर्म हवा महसूस कर रहे हैं। ऐसे में लोगों का यह मानना है कि आने वाले वक्त में मुंबई की गर्म हवा और गर्म हो सकती है। इस साल मुंबई पर हिट वेव का खतरा भी मंडरा रहा है।

# भारी गर्मी के बीच मुंबई में बढ़ी आगजनी की घटना

## रे रोड और पवई में लगी आग,कई गोदाम जलकर खाक

महानगर संवाददाता
मुंबई

पिछले तीन दिनों से बढ़े तापमान से लोग भीषण गर्मी से त्रस्त हैं। इस बीच मुंबई में पिछले कुछ दिनों से आग की घटनाओं में भी बढ़ोत्तरी हुई है। गुरुवार को भी मुंबई में दो जगहों पर आग लगने की घटना सामने आई,जिसमें रे रोड इलाके में गोदाम में लगी आग काफी भीषण थी। इस परिसर में झोपड़पट्टी होने के कारण दमकल विभाग को काफी एहतियात बरतना पड़ा। आग को तीन नंबर की घोषित करना पड़ा। इसी तरह पवई के 90 फीट रोड पर झोपड़ पट्टी में लगी आग की चपेट में आने से लगभग 15 झोपड़े जलकर खाक हो गए।

बता दें कि पिछले तीन दिनों से मुंबई का तापमान आग की तरह तप रहा था। तापमान 40 डिग्री सेल्सियस तक चला गया था। गुरुवार को तापमान में गिरावट जरूर रहा,लेकिन इस बीच दो आग की घटनाओं ने दमकल विभाग के लिए परेशानी खड़ी कर दी थी। गुरुवार को आग की दो घटनाएं घटी जिसमे पहली घटना पवई के 90 फीट रोड पर घटी जिसमे लगभग 12 से 15 झोपड़े जलकर खाक हो गए। यह घटना लगभग 11 बजे के दरम्यान घटी थी। आग पर दमकल जवानों ने तत्काल कार्रवाई करते हुए लगभग एक घंटे के भीतर आग पर पूरे तरह काबू पा लिया। इस बीच 1500 वर्ग फूट में बने झोपड़े जलकर खाक हो गए। आग की दूसरी घटना भी लगभग 11 बजे के दरम्यान रे रोड स्थित दारू खाना में घटी।



## गैस के रिसाव के कारण एक निर्माणाधीन इमारत में लगी आग

**ठाणे।** ठाणे शहर में गुरुवार को एक निर्माणाधीन इमारत के पास बने अस्थायी आवास में आग लगने से दो कर्मचारी घायल हो गए। नगर निगम अधिकारियों ने यह जानकारी दी। नगर निगम के अधिकारी ने बताया कि यह घटना शहर के कलवा इलाके में सुबह करीब साढ़े सात बजे हुई। ठाणे नागरिक निकाय के आपदा प्रबंधन सेल के प्रमुख यासीन तडवी ने कहा, रखाना पकाने की गैस के रिसाव के कारण लगी आग के बाद निर्माण स्थल पर एक अस्थायी शेड में रहने वाले दो श्रमिक मामूली रूप से झुलस गए। उन्होंने बताया कि सूचना मिलने पर स्थानीय अग्निशमन कर्मी और आरडीएमसी की एक टीम मौके पर पहुंची और 30 मिनट के भीतर आग पर काबू पा लिया। अधिकारियों ने बताया कि घायल श्रमिकों की पहचान मुस्तफा अहमद (18) और मुजम्मिल अहमद (20) के रूप में हुई है, जिन्हें कलवा सिविक अस्पताल ले जाया गया, जहां उनका इलाज किया जा रहा है।

# शहर में रामनवमी पर निकाली गई शोभायात्रा

**कल्याण।** शहर पूर्व में रामनवमी के अवसर पर दो संस्थाओं द्वारा भव्य शोभायात्रा निकाली गई। विगत वर्ष भी सकल हिंदू समाज व विराट हिंदू शक्ति की तरफ से शोभायात्रा निकाली गई थी। सकल हिंदू समाज द्वारा विठ्ठलवाड़ी बस डिपो के सामने से 100 फुटी रोड तक हजारों श्रद्धालुओं के साथ शोभायात्रा की शुरुवात हुई। वहीं विराट हिंदू द्वारा श्रीराम चौक से विठ्ठल मंदिर तक भव्य बाइक रैली निकाली गई। शोभायात्रा के लिए विठ्ठलवाड़ी डिपो से 100 फुटी रोड तक पूरा परिसर श्रीराम नाम के झंडे से सजाया गया था। सकल हिंदू समाज के डॉक्टर विवेक मोडक समेत तमाम लोगों द्वारा इसके लिए पहले से ही रूपरेखा तय की गई थी। सकल हिंदू समाज की शोभायात्रा में हजारों की संख्या में लोगों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई. तरह तरह की झांकियों व बैंडबाजे व रामधुन के बीच लोगों में काफी उत्साह दिखा,वहीं जगह जगह पर शोभायात्रा का लोगों द्वारा पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया।



# पेड़ से टकराई मोटरसाइकिल, एक की मौत

**भिवंडी।** मुंबई-नाशिक हाइवे के मानकोली के पास एक मोटरसाइकिल पेड़ से टक्करा जाने के कारण मोटरसाइकिल चला रहे एक व्यक्ति की जहां मौत हो गई। वहीं दूसरा व्यक्ति गम्भीर रूप से जख्मी हुआ है। नारपोली पुलिस ने जख्मी व्यक्ति की शिकायत पर मृतक व्यक्ति के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज कर लिया है। पुलिस के मुताबिक शाहपुर के आंबरजे गांव के रहने वाले भावेश शांशिकांत गोंधली और राजेश सुरेश सुतार दोनों एक ही मोटरसाइकिल से रात 9 बजे के दरमियान मानकोली नाका की तरफ जा रहे थे। संस्कार मिडीयम स्कूल के पास मोटरसाइकिल का संतुलन बिगड़ने से मोटरसाइकिल पेड़ से टक्करा गई।

# बैंक के डिप्टी मैनेजर के साथ धोखाधड़ी

## गंवा दिए साढ़े सात लाख रुपए

महानगर संवाददाता
मुंबई

आईसीआईसीआई बैंक के डिप्टी मैनेजर के साथ धोखाधड़ी का मामला सामने आने के बाद पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर लिया है। जानकारी के मुताबिक महिंद्रा लाइफ स्पिसेस नामक कंपनी में काम करने का ऑफर शिकायतकर्ता को दिया गया। लेकिन उन्हें टास्क पूरा करने का काम दिया गया, जिसमें लगातार पैसे आरोपी मंगवाते रहे और उनके साथ साढ़े सात लाख रुपए की धोखाधड़ी आरोपियों ने की।

एनएम जोशी मार्ग पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक शिकायतकर्ता मयूर कदम आईसीआईसीआई कंपनी में डिप्टी मैनेजर के तौर पर कार्यरत हैं। 6 अप्रैल की शाम लगभग 6 बजे शिकायतकर्ता को नीलिमा नामक महिला ने फोन कर महिंद्रा लाइफ स्पेसिस कंपनी मेम वर्क फ्रॉम होम की सुविधा उपलब्ध है। उसने कदम को जानकारी दी और फिर 10 हजार रुपए अकाउंट में ट्रांसफर करने के लिए कहा। इसके बाद उन्हें 17 हजार 500 रुपए भेजा गया। इस तरीके से पहले लालच दिखाकर टास्क पूरा करने के लिए कहा गया। इस टास्क को पूरा करने के लिए कदम से लगभग 7 लाख 51 हजार रुपये आरोपियों ने अलग अलग अकाउंट मंगवा लिए। अब लास्ट में फिर से 11 लाख रुपये ट्रांसफर करने के लिए कहा गया, इससे 33 लाख रुपये मिलने का ऑफर दिया गया।

# 30 वर्षीय शख्स पर जानलेवा हमला,दो गिरफ्तार

**नालासोपारा।** तुलिंज पुलिस स्टेशन अंतर्गत एक 30 वर्षीय शख्स के ऊपर चाकू से हमला होने की घटना सामने आई है। इस मामले में तुलिंज पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार,गणेश महेश जसवाल (30),निवासी-काजू पाडा,तुलिंज रोड,नालासोपारा पूर्व में रहता है। बताया जाता है कि,15 अप्रैल की रात्रि लगभग 2 बजे के आसपास गणेश तुलिंज ब्रिज के नीचे सब्जी मंडी से बायीं ओर सीढ़ियां चढ़कर ऊपर जा रहा था,इसी बीच सड़क पर बैठे कारण से विवाद हो गया,उस समय शख्स ने गणेश के साथ दुर्व्यवहार किया,तभी दूसरे शख्स ने गणेश को धक्का दे दिया और उसके पेट के बाईं ओर चाकू से 2 बार वार कर दिया।

# मनपा को नहीं मिल रहे ठेकेदार

## पांचवी बार बढ़ानी पड़ रही टेंडर की तारीख

**मुंबई।** देश की सबसे बड़ी महानगर पालिका की आज ऐसी हालत हो गई है कि मनपा को ठेकेदार नहीं मिल रहे हैं। मुंबई की सड़कों को गड्ढा मुक्त करने के लिए सीमेंट कंक्रीट करने का निणर्य लिया था। शहर की सड़क को निर्माण करने के लिए मनपा को ठेकेदार नहीं मिल रहे हैं। मनपा ने गुरुवार को 5 वीं बार टेंडर की तारीख बढ़ाई है।

शहर की सड़क को सीमेंट कंक्रीट करने का ठेका मनपा ने वर्ष 2023 में दिया था। शहर के लिए रोड वे ने ठेका भरा था,लेकिन ठेकेदार ने समय पर काम नहीं किया। मनपा ने इसके लिए ठेकेदार पर 56 करोड़ का दंड लगाकर ठेकेदार का ठेका रद्द कर दिया। मनपा अब इस काम के लिए दोबारा टेंडर प्रक्रिया शुरू की।

मनपा ने डेढ़ माह पूर्व से टेंडर प्रक्रिया शुरु की लेकिन मनपा को ठेकेदार नहीं मिला रहा हैं।


**पश्चिम रेलवे**

**मौजूदा ब्रिज का प्रतिस्थापन**

**वरि. डीईई/टीआरडी/बीएल द्वारा ई-निविदा सूचना : ईएल-टीआरडी-डब्ल्यू-118-23-24-13-आर-1, दिनांक : 15.04.2024 आमंत्रित की जाती है. कार्य का नाम** : मुंबई मंडल के विरार – सूरत अनुभाग में मौजूदा ब्रिज मास्ट का प्रतिस्थापन. **विज्ञापित मूल्य** : ₹ 2,21,42,596/-, **ईएमडी** : ₹ 2,60,700/-, **जमा करने की तिथि एवं समय** : 08.05.2024 को 15.00 बजे तक. **खुलने की तिथि एवं समय** : 08.05.2024 को 15.30 बजे. निविदा दस्तावेज शुल्क (अप्रतिदेय), ईएमडी, योग्यता मापदंड, समान प्रकार के कार्य, विस्तृत निविदा शर्तों युक्त कार्य के विस्तृत स्वरूप की जानकारी के लिये **कृपया www.ireps.gov.in का अवलोकन करें. मैन्युअल प्रस्तावों पर कोई विचार नहीं किया जायेगा.** 0048

facebook.com/WesternRly



**सार्वजनिक सूचना**

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्रीमती गीता हर्ष वर्मा ये, मुंबई शहर और मुंबई उपनगर के जिला एवं उप जिला पंजीयन में मुंबई उपनगर जिला के बोरीवली तालुका में राजस्व विलेज पहाडी गोरेगांव पूर्व की सी. टी. एस. क्र. 256 धारक जमीन के प्लॉट पर स्थित, विलेज पहाडी गोरेगांव पूर्व, गोरेगांव (पूर्व), मुंबई – 400 063 स्थित 120 वर्ग फीट कारपेट एरिया का, 19 नं. धारक एक पोडियम कार पार्किंग स्थान के साथ-साथ वक्रतुंड कॉर्पोरेट पार्क प्रीमाइसेस को-ऑपरेटिव सोसायटी लिमिटेड नामक बिल्डिंग में सातवीं मंजिल पर 349 वर्ग फीट कारपेट एरिया के कार्यालय क्र. 709 (एतद्पश्चात उक्त संपत्ति के तौर पर संदर्भित) के कानूनी और वैधानिक मालिक तथा पात्राधारक हैं तथा साथ ही, पंजीकरण क्रमांक एमयूएम/डब्ल्यूपी/जीएनएल/ओ/3042/2015-16, दिनांक 06.08.2015 अंतर्गत विधिवत पंजीकृत, महाराष्ट्र राज्य को-ऑपरेटिव सोसायटीज एक्ट अंतर्गत पंजीकृत सोसायटी, वक्रतुंड कॉर्पोरेट पार्क प्रीमाइसेस को-ऑपरेटिव सोसायटी लिमिटेड (एतद्पश्चात उक्त सोसायटी के तौर पर संदर्भित) की सदस्यता हेतु पात्राधारक हैं तथा साथ ही साथ उक्त सोसायटी द्वारा जारी शेयर प्रमाणपत्र क्र. 46 में हस्तांतरित 901 से 920 तक विशिष्ट क्रमांक धारक प्रत्येक रुपये 50/- के 20 पूर्णत: अदा किये गये शेयर्स (एतदपश्चात उक्त शेयर्स के तौर पर संदर्भित) हेतु भी पात्राधारक हैं. मेरे मुवक्किल द्वारा प्रस्तुत जानकारी के अनुसार उक्त संपत्ति श्री हर्ष अशोक वर्मा तथा श्रीमती गीता हर्ष वर्मा ने अनुक्रमांक बीडीआर6-1896-2011, दिनांक 04.03.2011 अंतर्गत सब रजिस्ट्रार ऑफ एश्योरेंसेस के कार्यालय के साथ विधिवत पंजीकृत, व्यावसायिक परिसर बिक्री हेतु अनुबंध दिनांक 01.03.2011 अंतर्गत मेसर्स वक्रतुंड रियल्टी प्रा. लि. से मूल रुप से खरीदी थी. उक्त श्री हर्ष अशोक वर्मा का मुंबई में दि. 29.01.2024 को बिना किसी वसीयत के निधन हो गया है और उनके पश्चात उनकी विधवा श्रीमती गीता हर्ष वर्मा, उनकी पुत्री कु. रिया हर्ष वर्मा तथा उनके पुत्र श्री आदित्य हर्ष वर्मा ये उनके निधन के समय उनके एकमात्र कानूनी उत्तराधिकारी तथा प्रतिनिधि हैं. कु. रिया हर्ष वर्मा तथा श्री आदित्य हर्ष वर्मा रिलीज डीड के जरिये श्रीमती गीता हर्ष वर्मा के पक्ष में उक्त शेयर्स तथा उक्त संपत्ति में स्वर्गीय श्री हर्ष अशोक वर्मा के 50% (1/2) अविभाजित अधिकार में उनके समस्त 33.33% अविभाजित अधिकार, शीर्षक, अभिरुचि की रिलीज और हस्तांतर हेतु तैयार और सहमत हैं.

सभी व्यक्ति जिनका स्वर्गीय श्री हर्ष अशोक वर्मा के अधिकार, शीर्षक और अभिरुचि के हस्तांतर के कारण उत्तराधिकार, सुविधाधिकार, आरक्षण, अनुरक्षण अथवा अन्यथा किसी भी प्रकार से उक्त संपत्ति अथवा उसके किसी भी भाग में कोई भी दावा/अभिरुचि है तो उनसे एतद्द्वारा अनुरोध किया जाता है कि वे उक्त सूचना के प्रकाशन की तिथि से 14 (चौदह) दिनों की अवधि के भीतर समर्थनीय दस्तावेजी प्रमाणों के साथ एकत्रित तौर पर अधोहस्ताक्षरी को उनके कार्यालय पते पर अपने ऐसे दावे की लिखित में जानकारी दें अन्यथा ऐसे किसी भी व्यक्ति अथवा व्यक्तियों के दावा अथवा मांग, यदि कोई है, को छोड़ा हुआ, सरेंडर किया, परित्याग किया, रिलीज किया, माफ किया तथा त्याग दिया गया मान लिया जायेगा और ऐसे किसी भी दावे अथवा मांग पर कोई विचार नहीं किया जायेगा तथा एतद्पश्चात किसी भी मांग अथवा दावे पर कोई विचार नहीं होगा और/अथवा इसके लिये मेरे मुवक्किल की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी.

**ज्योति ए. गौड**
डी/46, कल्पतरु सीएचएस, जगजीवन नगर,
बांद्रा लिंक रोड, सायन, मुंबई – 400 017


# भाईजान के घर पर गोली कांड | आरोपी की मां बोली 'मेरा बबुआ ऐसा नहीं, वो तो मुंबई में'

## बोलते-बोलते बिलख पड़ी शूटर सागर पाल की मां

महानगर संवाददाता
मुंबई

बॉलीवुड सुपरस्टार सलमान खान के घर फायरिंग करने वाला लॉरेंग गैंग के दोनों गुर्गे फिलहाल पुलिस रिमांड पर हैं. शूटर सागर पाल के भाई सोनू पाल से पुलिस पूछताछ कर रही है, क्योंकि घटना वाले दिन सागर पाल लगातार अपने भाई सोनू से इंटरनेट कॉल के जरिए बात कर रहा था. वहीं, एक अन्य संदिग्ध को भी पुलिस ने हिरासत में लिया है। उधर दोनों शूटर्स के माता-पिता को यकीन ही नहीं हो रहा है कि उनका बेटा ऐसा भी कुछ कर सकता है। दोनों परिवारों का कहना है कि उनके बेटे बेकसूर हैं।





बता दें कि दोनों युवक पश्चिम चंपारण के गौनाहा थाना क्षेत्र के मसही गांव के रहने वाले हैं। शूटर विक्की गुप्ता की मां सुनीता देवी ने कहा कि होली के चार दिन बाद ये दोनों मुंबई गए थे। वहां उन्होंने क्या किया हमें नहीं पता,हमें तो न्यूज देखकर पता चला कि सलमान के घर फायरिंग में हमारे बेटे का नाम है। हमें यकीन नहीं हो रहा कि विक्की ऐसा कर सकता है। उसकी शादी हो चुकी है,वो तो नौकरी के लिए मुंबई गया था। पुलिस को अच्छे से मामले की जांच करनी चाहिए। हो सकता है हमारा बेटा बेकसूर निकले।

वहीं,सागर पाल की मां का कहना है कि उनका बेटा निर्दोष है। उसके पिता योगेंद्र राउत ने भी यही कहा,बोले कि मेरा बेटा तो मुंबई में कमाने गया था। वो ऐसी हरकत हरगिज नहीं कर सकता। उसे फंसाया जा रहा है,सागर की मां रंभा देवी ने कहा कि मेरा बबुआ ऐसा नहीं है। कुछ गलतफहमी हो सकती है,मामले की अच्छे से जांच होनी चाहिए। मुझे अपने बेटे पर यकीन है कि वो यह सब नहीं कर सकता। ये एक मां का दिल कह रहा है.

उधर, जब से विक्की और सागर का नाम फायरिंग मामले में सामने आया है, तभी से उनके गांव वाले भी हैरान हैं। गांव वालों का भी यही कहना है कि उनके गांव के दोनों लड़के ऐसी हरकत करेंगे उन्हें यकीन नहीं हो रहा।

### दोनों शूटर्स से पूछताछ जारी

बेतिया एसपी अमरकेश डी ने बताया कि बॉलीवुड स्टार सलमान खान के घर पर फायरिंग मामले में मुंबई में गिरफ्तार हुए दोनों अपराधी पश्चिमी चंपारण जिले के रहने वाले हैं। हालांकि,दोनों यहां पर रहते नहीं थे। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गिरफ्तार दोनों अपराधियों के पिता से पूछताछ की जा रही है।


**PUBLIC NOTICE**

Notice is hereby given that (1) Original Agreement for Sale of even dated executed between Builder/ Developer/Owner & Mr. Beharilal N. Rohira (2) Original Agreement for Sale of even dated executed between Beharilal Rohra & Dayabhai Tejuja (3) Original Agreement for Sale dated 28th December 1971 executed between Smt. Dayabai Kanayalal Tejuna & Smt. Parvatibai Somalal Kansara in respect of Flat No.14, Building No.6, 4th floor admeasuring 470 sq. ft. carpet area of Navjivan Co-op. Hsg. Society Ltd. Dr. Bhadkamkar Marg, Mumbai-400 008 situated on piece and parcel of land bearing C.S. No.255 of Tardeo Division has been lost/misplaced by the present Owners (1) Mr. Nilesh V. Vanigota (2) Mrs. Sheetal N. Vanigota.

All persons having any claim, objection or right in respect of the said Original Agreement for Sale and/or abovesaid premises by way of inheritance, share, sale, mortgage, lease, lien, license, gift, exchange, trust, charge, possession or encumbrance howsoever or otherwise is hereby required to intimate to the undersigned in writing with the authenticated supporting documents within 14 days from the date of publication of this notice of his such claim, if any, failing which the claims, if any of such person/s shall be treated as waived and/or abandoned and not binding on my client and my client will be free to deal with abovementioned premises.

Place: Mumbai
Date: 18th April 2024

Sd/-
SUNIL H. JOSHI
Advocate High Court
7, K.M. Jhaveri Road, 1st floor,
Mumbai-400 004.
E-Mail: adsuniljoshi@yahoo.com


# लॉ कॉलेज ने हासिल की बड़ी उपलब्धि

*__मुंबई।__ चिल्ड्रन वेलफेयर सेंटर (सीडब्ल्यूसी) ट्रस्ट, मलाड वेस्ट, मार्वे रोड में स्थित चिल्ड्रन वेलफेयर सेंटर लॉ कॉलेज ने गुरुवार को बहुत बड़ी उपलब्धि हासिल की। इस कॉलेज को राष्ट्रीय गुणवत्ता मूल्यांकन निकाय (राष्ट्रीय मूल्यांकन और प्रत्यायन परिषद) 'नॅक' द्वारा प्रतिष्ठित 'नॅक' बी रेटिंग से सम्मानित किया गया है। आज हमारे कॉलेज को ये जो सम्मान मिला है, इस सम्मान का पूरा श्रेय हमारे गुरु और प्रेरणास्रोत प्रो. अजय कौल को जाता है,ऐसा सीडब्ल्यूसी लॉ कॉलेज के प्रिंसिपल अनंत कालसे ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा। वर्ष 2010 में इस लॉ कॉलेज के संस्थापक और शिक्षा महर्षि के प्राचार्य अजय कौल ने इस संस्था की स्थापना की। लॉ की व्यापक शिक्षा 3 वर्ष और 5 वर्ष में प्रदान की जाती है। आज मुंबई में गिने चुने संस्थान हैं जिन्हें 'नॅक' का दर्जा प्राप्त है। संस्थान का इरादा राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत विभिन्न पाठ्यक्रम शुरू करने का है। अनंत कालसे ने कहा कि विभिन्न विश्वविद्यालयों के साथ एमओयू पर हस्ताक्षर कर सीडब्ल्यूसी को स्वतंत्र विश्वविद्यालय का दर्जा दिलाने का प्रयास किया जाएगा। कॉलेज मुंबई विश्वविद्यालय से जुड़ा हुआ है और बार काउंसिल ऑफ इंडिया और महाराष्ट्र सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त है। चिल्ड्रन वेलफेयर सेंटर लॉ कॉलेज मुंबई में एक उच्च शिक्षा संस्थान है। यहां बीएलएस समेत कई कोर्स उपलब्ध हैं। कलसे ने कहा कि चिल्ड्रन वेलफेयर सेंटर लॉ कॉलेज में किसी भी पाठ्यक्रम के लिए प्रवेश लेने वाले छात्र विभिन्न बुनियादी सुविधाओं का लाभ उठाकर अपने शैक्षिक अनुभव को बढ़ाते हैं।*

# हॉस्पिटल को उपहार में मिला सर्जिकल कैमरा!

**मुंबई।** सायन स्थित लायन ताराचंद बापा हॉस्पिटल में रोटरी क्लब मुंबई एलिगेंट की ओर से एक सर्जिकल कैमरा उपहार में दिया गया। इस महत्वपूर्ण चिकित्सा उपकरण की कीमत लगभग 30 लाख रुपए है। यह कैमरा एलिगेंट क्लब की नीलिमा झुनझुनवाला के प्रयास से यूरो प्रतीक सेल्स प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के प्रबंध निदेशक प्रतीक सिंघवी और उनके परिवार की तरफ से कंपनी के सीएसआर फंड के तहत दिया गया। इस कैमरे की वजह से मरीज के इलाज और ऑपरेशन में बहुत मदद मिलेगी। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में समाजसेवी सुनील जैन खाबिया, सिंघवी परिवार, रोटरी एवं लायंस क्लब के कई सदस्य उपस्थित थे। लायन ताराचंद बाबा हॉस्पिटल के अध्यक्ष डॉक्टर भरत पाठक ने शाल व पुष्पगुच्छ देकर सभी मेहमानों का स्वागत किया। साथ ही नीलिमा झुनझुनवाला,प्रतीक सिंघवी परिवार और रोटरी क्लब एलिगेंट के सभी सदस्यों को इस नेक काम के लिए धन्यवाद दिया। इस मौके पर सुनील जैन ने कहा कि निःस्वार्थ भाव रखते हुए समाजहित में किया गया कार्य ही मानव जीवन की सबसे बड़ी उपलब्धि है। समाजसेवा जीवन में हमें असीम खुशी के अलावा नेक इंसान बनकर दूसरों के लिए जीना सिखाती है। कार्यक्रम के अंत में चेतना झवेरी ने सभी मेहमानों का आभार व्यक्त किया।



# पवन कुमार गोयल ने यूपीएससी परीक्षा में हासिल की 28 रैंक



**मुंबई।** पश्चिम रेलवे के वरिष्ठ उप महाप्रबंधक शलभ गोयल के पुत्र पवन कुमार गोयल ने यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा में एआईआर 28 रैंक हासिल की। पवन कुमार गोयल वर्तमान में मुंबई, महाराष्ट्र में आयकर विभाग में सहायक आयुक्त के पद पर कार्यरत हैं। पवन देहरादून, उत्तराखंड के रहने वाले हैं और उन्होंने अपनी प्रारंभिक शिक्षा मुंबई में सेंट पीटर्स, मझगांव और जीडी सोमानी मेमोरियल स्कूल, कोलाबा और बाल भारती पब्लिक स्कूल, दिल्ली से पूरी की है। उनके पास दिल्ली टेक्नोलॉजिकल यूनिवर्सिटी से इलेक्ट्रिकल और इलेक्ट्रॉनिक्स में बी.टेक की डिग्री है। एक रेलवे परिवार से आने वाले, गोयल के पिता पश्चिम रेलवे के वरिष्ठ उप महाप्रबंधक और मुख्य सतर्कता अधिकारी के वरिष्ठ पद पर कार्यरत हैं और पहले, मंडल रेल प्रबंधक, सीएसएमटी, मध्य रेलवे में कार्यरत थे। यह पश्चिम रेलवे के लिए बहुत गर्व की बात है।

# परे पर क्षेत्रीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति की तिमाही बैठक संपन्न

महानगर संवाददाता
मुंबई

राजभाषा बैठक की अध्यक्षता करते हुए पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक अशोक कुमार मिश्र ने कहा कि हमें राजभाषा को दिल से स्वीकार करना पड़ेगा तभी हम अपना ज्यादा से ज्यादा कार्य राजभाषा में कर पाएंगे। सभी सदस्यों द्वारा प्रत्येक मद में दिए जाने वाले आंकड़ों की गहन समीक्षा की आवश्यकता है। ज्यादातर आंकड़ों में हर तिमाही में परिवर्तन नहीं दिखने से उसकी प्रमाणितकता पर प्रश्न-चिन्ह लग जाता है। मिश्र ने जोर दिया कि प्रधान कार्यालय के हर विभाग, मंडलों, कारखानों को भी अपने यहां के दैनिक कार्यालयीन कार्यों को ज्यादा से ज्यादा राजभाषा में किए जाने के प्रयास करने चाहिए। निरीक्षणों के दौरान स्टेशनों, कारखानों में अभी भी बहुत सारे बोर्ड में केवल अंग्रेजी अथवा ऊपर अंग्रेजी नीचे हिंदी, वर्तनी की अशुद्धता देखी जाती है, इसे नियमित निरीक्षण से दूर किए जाने चाहिए।





बैठक के प्रारंभ में पश्चिम रेलवे के मुख्य राजभाषा अधिकारी एस.के.अलबेला ने समिति के अध्यक्ष एवं पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक,सभी विभागों के प्रमुखों, सभी अपर मंडल रेल प्रबंधक,सभी मुख्य कारखाना प्रबंधक और अन्य अधिकारियों का स्वागत करते हुए कहा कि हम सभी केंद्र सरकार के कर्मी हैं और सरकारी कार्यालयों में राजभाषा में कार्य करना, हमारी संवैधानिक जिम्मेदारी है। पश्चिम रेलवे के रतलाम मंडल एवं वडोदरा मंडल के कुछ भागों को छोड़कर सभी मंडल 'ख' क्षेत्र के अंतर्गत आते हैं। गृह मंत्रालय द्वारा हर वर्ष केंद्रीय सरकारी कार्यालयों में राजभाषा के संबंध में एक वार्षिक कार्यक्रम जारी किया जाता है,हमें उन लक्ष्यों को प्राप्त करने की पूरी कोशिश करनी चाहिए। बैठक में अधिकारियों के लिए एक राजभाषा प्रश्न-मंच का आयोजन भी किया गया,जिसमें प्रश्नों के सही उत्तर देने वाले अधिकारियों को पुरस्कृत किया गया। पश्चिम रेलवे में जनवरी से मार्च-2024 के दौरान राजभाषा कार्यान्वयन में हुई प्रगति संबंधी आंकड़े समिति की सदस्य सचिव डॉ. रोशनी खुबचंदानी द्वारा प्रस्तुत किए गए।


**सार्वजनिक सूचना**

**मै, श्री एन. राजगोपालन,** आवासीय पता **बी-407, शिवालय अपार्टमेंट, हिम्मतनगर के सामने, बोरीवली (पश्चिम), मुंबई – 400 092,** तमिलनाडु स्थित **कडमबतनूर पंचायत यूनियन** के स्थानीय क्षेत्राधिकार अंतर्गत पेरानबक्कम के उप-जिला पंजीयन में तथा कांचीपुरम के जिला पंजीयन में तथा **चेनगाई – अन्ना के जिला, तालुका-थिरुवेल्लोर, विलेज कविलामपूंडी (पनमबक्कम)** की आर. एस. क्र. 12/1 युक्त तथा क्र. सी.एस.ए. आर/डी. टी.सी. पी. एम 88/31, एल. पी. क्र. 27 में मान्यताप्राप्त **श्री जयेंद्र सरस्वती स्वामीगल नगर** के तौर पर पुनर्नामित **जयलक्ष्मी नगर** नामक लेआउट में 2,385 वर्ग फीट की सीमा तक के प्लॉट क्र. 61 धारक जमीन के समस्त भाग एवं हिस्से के संबंध में मालिक हूं तथा मेरे और **श्री के. जयरामन** के बीच क्रियान्वित बिक्री अनुबंध दिनांक 30 मई 1990 धारक मूल दस्तावेज खो गया है तथा/अथवा गुम हो गया है.

आवश्यक तलाशी और काफी खोजबीन के बाद भी मूल दस्तावेज नहीं मिल पाये हैं. मैं स्पष्ट रूप से प्रस्तुत करता हूं कि मैंने रजिस्ट्रार कार्यालय से इस दस्तावेज की डुप्लीकेट प्रति जारी किये जाने हेतु प्रमाणपत्र प्राप्त करने के लिये वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक, बोरीवली को पत्र दिनांक 13.03.2023 प्रेषित किया है. मैंने उपरोक्त निर्दिष्ट अनुसार दस्तावेज खोने तथा/अथवा गुमशुदगी के संबंध में बोरीवली पुलिस स्टेशन में शिकायत क्र. 1087, वर्ष 2023 के तौर पर पुलिस शिकायत भी दर्ज कराई है. यदि किसी भी व्यक्ति को गुम हुये दस्तावेज मिलते हैं / प्राप्त होते हैं तो वे कृपया मेरे मोबाइल नं. 9869040771 पर संपर्क कर सूचना दें.

स्थान : मुंबई
दिनांक : 19.04.2024

हस्ता./-
**श्री एन. राजगोपालन**

हमारा महानगर

# संवेदनशील मुद्दों को चुनाव से दूर रखें

राज्य और राजनीति का संबंध चोली दामन का है। लेकिन राजनीति का अस्तित्व राज्य के पहले से है। जब राज्य की उत्पत्ति नहीं हुई थी तब भी राजनीति थी। आज भी राज्य से इतर हर जगह राजनीति मौजूद है। परिवारों में राजनीति होती है, काम करने की जगहों पर होती है, खेल के मैदान में होती है आदि आदि। कहने का मतलब यह है कि कोई भी जगह ऐसी नहीं है, जहां राजनीति नहीं है। इसके बावजूद कुछ चीजें ऐसी होती हैं, जिनकी संवेदनशीलता को ध्यान में रखते हुए उन्हें राजनीति से दूर रखना चाहिए। अगर उनको राजनीति में शामिल किया गया तो उससे किसी का भला नहीं होगा, उलटे देश की सामाजिक व आर्थिक संरचना बहुत बुरी तरह से प्रभावित होगी। ऐसी चीजों में खान-पान शामिल है, पहनावा और भाषा-बोली का मुद्दा शामिल है। धर्म और जाति को इसमें इसलिए नहीं जोड़ते हैं क्योंकि ये दोनों भारत की समाज व्यवस्था के आधार स्तंभ हैं। वैयक्तिकता से ज्यादा इसमें सामाजिकता का अंश है इसलिए इनको राजनीति से अलग नहीं रख सकते। दशकों पहले प्रोफेसर रजनी कोठारी ने जाति को लेकर कहा था कि यह भारतीय समाज का सबसे महत्वपूर्ण स्तंभ है इसलिए यह सोचना गलत होगा कि राजनीति बिना जाति के हो। यह एक काल्पनिक स्थिति होगी।



बहरहाल, खान-पान और पहनावा नितांत वैयक्तिक मामला है, जिसे राजनीति में नहीं घसीटना चाहिए और इसी तरह भाषा का मामला भी बेहद संवेदनशील है, जिस पर राजनीति नहीं करनी चाहिए। जाति से ज्यादा भाषा बड़े समूहों की अस्मिता से जुड़ी है। यह क्षेत्र विशेष की न सिर्फ संस्कृति का प्रतिनिधित्व करती है, बल्कि नागरिक समूहों की पहचान का भी प्रतिनिधित्व करती है। तभी कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने तमिलनाडु की रैली में भाजपा पर हमला करने के लिए भाषा का मुद्दा उठा कर अच्छा नहीं किया। उनका निशाना भाजपा पर था लेकिन यह कह कर उन्होंने तमिल लोगों की दुखती रग पर हाथ रखा कि भाजपा एक देश, एक भाषा लाना चाहती है। इसमें संदेह नहीं है कि भाजपा हिंदी को प्रोत्साहित कर रही है लेकिन वह तमिलनाडु में या कर्नाटक और आंध्र प्रदेश में हिंदी नहीं थोप रही है। भाषा को राजनीति का मुद्दा बनाने का काम कर्नाटक में कांग्रेस की सरकार भी कर रही है। चुनाव से ऐन पहले राज्य सरकार ने 60 फीसदी साइन बोर्ड कन्नड़ भाषा में लिखने का नियम बनाया। कुछ समय पहले भी भाषा का विवाद हआ था, जब कई जगह हिंदी में लिखे गए नामों पर कालिख पोती गई थी। भाषा का विवाद अंततः विभाजन की ओर ले जाता है।

ध्यान रहे भारत में राज्यों का पुनर्गठन भाषायी आधार पर हुआ था और आज तक इसका विवाद नहीं सुलझा है। कर्नाटक के एक हिस्से के लिए महाराष्ट्र के लोग लड़ रहे हैं तो महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई को लेकर गुजरात के लोगों के दिलों में कसक बनी हुई है। कई राज्यों में इस तरह के विवाद चल रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी भाषा बेहद संवेदनशील मुद्दा है। आखिर रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने यूक्रेन के उस पूर्वी हिस्से को निशाना बनाया, जहां रूसी बोलने वालों की आबादी ज्यादा थी। इस आधार पर उन्होंने इन इलाकों पर अपना हक जताया था। इतिहास पढ़ने वालों को पता है कि हिटलर ने भी पहले चेकोस्लोवाकिया के उन हिस्सों पर दावा किया था, जहां जर्मन बोलने वालों की आबादी ज्यादा थी। तभी विंस्टन चर्चिल ने संधि की बात कर रहे नेताओं से कहा था कि भेड़िए के सामने मांस का एक टुकड़ा फेंक कर उसको हमेशा के लिए शांति नहीं कराया जा सकता है। अंत में वही हुआ और पूरे चेकोस्लोवाकिया पर कब्जा करने के बाद हिटलर ने पोलैंड पर भी हमला कर दिया। सो, भाषा की वजह से अंतरराज्यीय और अंतरराष्ट्रीय लड़ाइयां हुई हैं। इसका ध्यान रखना चाहिए। इसी तरह का मामला खान-पान का है। यह व्यक्ति का नितांत निजी व्यवहार है, जिससे राज्य को या राजनीतिक दलों को कोई मतलब नहीं होना चाहिए। अगर लालू प्रसाद और राहुल गांधी सावन के महीने में मटन पका रहे थे और उसका वीडियो डाला था या चैत्र नवरात्रि के पहले दिन तेजस्वी यादव और मुकेश सहनी ने मछली खाने की वीडियो डाली तो उससे किसी को कोई मतलब नहीं होना चाहिए। लेकिन दुर्भाग्य से भारतीय जनता पार्टी के कई नेताओं ने इसे मुद्दा बनाया और अंत में खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी चुनावी सभा में इसका जिक्र किया। इतना ही नहीं उन्होंने वीडियो डालने को मुगलिया मानसिकता बताते हुए कहा कि इसके जरिए लोगों को चिढ़ाया जा रहा है। अब यह बड़ा राजनीतिक मुद्दा बन गया है। विवाद बिहार से शुरू हुआ लेकिन पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी कह रही हैं कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को मछली खाने वाले लोग पसंद नहीं हैं। उनको पता है कि मछली खाना पूर्वी भारत के एक बड़े हिस्से में अस्मिता से जुड़ा हुआ है। बहरहाल, यह बिल्कुल समझ में नहीं आने वाली बात है कि भारत सरकार के नेशनल फैमिली हेल्थ सर्वे के मुताबिक जिस देश में 80 फीसदी पुरुष और 70 फीसदी महिलाएं नियमित या कभी कभी मांसाहार करती हैं वहां मांस या मछली खाने को राजनीतिक मुद्दा कैसे बनाया जा सकता है? शाकाहार और मांसाहार की जो बहस अकादमिक स्तर पर चलती थी, पिछले कुछ समय से इसे सार्वजनिक विमर्श का विषय बनाया जा रहा है। बहुत कम संख्या में होने के बावजूद शाकाहार करने वाला समूह मांसाहार को गलत साबित करने का नैरेटिव चला रहा है। असल में यह भारत में जाति प्रथा और छुआछूत की परंपरा का ही एक हिस्सा है। शुद्ध शाकाहारी का पूरा सिद्धांत ही छुआछूत की मान्यता पर आधारित है। जाति की जो संरचना और एक खास वर्ग में जातीय श्रेष्ठता का जो भाव आया उसकी बुनियाद में खान-पान की परंपराएं रहीं। इसका एक दूसरा पहलू यह भी है कि जाने अनजाने में हिंदू समाज को वैष्णव मानने या बनाने की गलती हो रही है। हिंदू धर्म में वैष्णव एक धारा है, जिसके ज्यादातर लोग मांसाहार नहीं करते हैं। लेकिन उतना ही मजबूत शाक्त संप्रदाय है, जिसके लोग बलि भी देते हैं और धार्मिक अवसरों पर भी मांसाहार करते हैं। तो क्या शिव और शक्ति को मानने वालों को सत्ता प्रतिष्ठान के बल पर वैष्णव बनाने का प्रयास चल रहा है? अगर किसी के दिमाग में ऐसी सोच है तो उसे हिंदू धर्म के अलग अलग संप्रदायों के संघर्षों का इतिहास भी देखना चाहिए। उनकी परंपराओं और मान्यताओं के बारे में भी जानना चाहिए। देश के आदिवासी और अनुसूचित जाति समूहों की खान-पान की संस्कृति के बारे में भी जानना चाहिए और चुनावी लाभ हानि के लिए ऐसी संवेदनशील मुद्दों को राजनीति में नहीं लाना

–अजीत द्विवेदी

> ध्यान रहे भारत में राज्यों का पुनर्गठन भाषायी आधार पर हुआ था और आज तक इसका विवाद नहीं सुलझा है। कर्नाटक के एक हिस्से के लिए महाराष्ट्र के लोग लड़ रहे हैं तो महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई को लेकर गुजरात के लोगों के दिलों में कसक बनी हुई है। कई राज्यों में इस तरह के विवाद चल रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी भाषा बेहद संवेदनशील मुद्दा है। आखिर रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने यूक्रेन के उस पूर्वी हिस्से को निशाना बनाया, जहां रूसी बोलने वालों की आबादी ज्यादा थी। इस आधार पर उन्होंने इन इलाकों पर अपना हक जताया था।

## चुनावों में विश्वसनीयता का मुद्दा सर्वोपरि

इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों (ईवीएम) को लेकर दायर याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट की खंडपीठ ने याद दिलाया कि जब मतपत्रों के जरिए मतदान होता था, तब क्या होता था। स्पष्टतः जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस दीपांकर दत्ता की खंडपीठ का इशारा उस दौर में होने वाली मतदान संबंधी धांधलियों की तरफ था। कहा जा सकता है कि उस दौर की याद दिला कर खंडपीठ ने ईवीएम की विश्वसनीयता पर चल रही बहस के संदर्भ को विस्तृत किया है। बेशक तब अनेक प्रकार की गड़बड़ियों की शिकायतें आती थीं। बूथ कब्जे से लेकर मतगणना के दौरान मतपत्रों की गड्डियां बनाते वक्त हेराफेरी के संदेह तब आम थे। इसीलिए, जब ईवीएम के जरिए मतदान शुरू हुआ, तो इसे एक प्रगति के रूप में देखा गया था। दरअसल, खंडपीठ की इस टिप्पणी से सहज ही सहमत हुआ जा सकता है कि मशीनों में अपने-आप में कोई समस्या नहीं है, बल्कि मुश्किल तब आती है, जब वे इनसानी पूर्वाग्रह का शिकार हो जाती हैं। बहरहाल, असल समस्या यही पूर्वाग्रह है। ईवीएम को लेकर विवाद इसलिए ही उठे हैं, क्योंकि इन मशीनों की प्रोग्रामिंग और कोडिंग की प्रक्रिया में निष्पक्षता ना बरते जाने के बारे में विभिन्न हलकों ने संदेह जताए जाने लगे हैं। शक का माहौल आज इतना गहरा गया है कि समाज के एक बड़े हिस्से में चुनाव परिणामों की स्वीकृति का भाव घटता जा रहा है। यह लोकतंत्र के लिए एक बड़ी चुनौती है। इसलिए जरूरत इस बात की है कि इस मसले पर विचार करते समय इसी बिंदु को केंद्र में रखा जाए और उसका वाजिब हल निकाला जाए। चुनावों में विश्वसनीयता का मुद्दा सर्वोपरि है। इसे सुनिश्चित करने के लिए तमाम व्यावहारिक दिक्कतें स्वीकार की जा सकती हैं। इसलिए निर्वाचन आयोग का यह तर्क बेमायने है कि अगर सभी वीवीपैट पर्चियों या मतपत्रों की गिनती हुई, तो उसमें 12 दिन लगेंगे। अगर 80 दिन तक चुनाव प्रक्रिया चल सकती है, तो 12 तक की गिनती से आखिर क्या आसमान टूट पड़ेगा? आवश्यकता ऐसे तर्कों को खारिज करते हुए ऐसा सर्वमान्य हल निकालने की है, जिससे भारतीय चुनावों की साख दुनिया भर में बनी रहे।

## राजनीति का वर्चस्व काल

शोरगुल पर यकीन करें, तो यह दलित-बहुजनवादी राजनीति का वर्चस्व काल है। बिना किसी अपवाद के, सभी राजनीतिक दल इस सियासत का झंडाबरदार बनने की होड़ में आज शामिल है। यह दौर कम-से-कम दो दशक से परवान चढ़ा हुआ है। इसलिए यह सवाल पूछने का अब वाजिब वक्त है कि इससे असल में दलित-पिछड़ी जातियों को क्या हासिल हुआ है? यह सवाल उठाने का ताजा संदर्भ मुंबई में हुआ एक सर्वेक्षण है। सर्वेक्षणकर्ताओं के मुताबिक उन्होंने इस अध्ययन के लिए मुंबई को इसलिए चुना, क्योंकि इस महानगर के बारे में आम धारणा है कि वहां रोजगार के अवसर ज्यादा हैं, प्रति व्यक्ति आय अपेक्षाकृत ज्यादा है, और वहां रहने वाले लोगों का जीवन स्तर बेहतर है। तो इस सर्वेक्षण में देखा गया कि मुंबई के दलित बाशिन्दों की माली जिंदगी कैसी है। कहानी यह सामने आई कि गुजरे दशकों में इस महानगर में दलितों के लिए आर्थिक अवसर सिकुड़ते चले गए हैं। डॉ. भीमराव अंबेडकर ने गांव छोड़ो अभियान चलाया था। उसके तहत बड़ी संख्या में दलित मुंबई आकर बसे थे। लेकिन आज दो पीढ़ियों के बाद भी वे सुविधाविहीन बस्तियों में रहने को मजबूर हैं। उनकी जिंदगी में कोई खास प्रगति दर्ज नहीं हुई है। ये निष्कर्ष दरअसल यह बताते हैं कि आर्थिक अवसरों का संबंध आर्थिक नीतियों से है। जब ये अवसर सबके लिए घटते हैं, तो हाशिये पर के समुदाय उससे ज्यादा प्रभावित होते हैं। इसलिए कि सीमित अवसर वे लोग ही प्राप्त कर सकते हैं, जिन्हें बेहतर शिक्षा मिली होती है और जिनके पास तकनीकी कौशल होता है। लेकिन ये बातें आज के राजनीतिक विमर्श में सिरे से गायब हैं। इसी हफ्ते मशहूर अर्थशास्त्री अमर्त्य सेन से एक इंटरव्यू के दौरान जब जातीय जनगणना के बारे में पूछा गया, तो उनका उत्तर था- 'संभव है कि यह ऐसा कार्य हो, जो विचारणीय हो। लेकिन भारत में जरूरत आज इस बात की है कि बेहतर शिक्षा, स्वास्थ्य देखभाल और लैंगिक समता सुनिश्चित कर वंचित तबकों का अधिक सशक्तीकरण किया जाए।' जो लोग सचमुच गरीब और दलित-बहुजन का कल्याण चाहते हैं, वे चाहें, तो इस सलाह पर ध्यान दे सकते हैं।

कटाक्ष | सुरेश मिश्र

*जातिवाद में फंसा है, पाटलिपुत्र बिहार*
*जातिवाद के विरोधी, करें इसी पर वार*
*करें इसी पर वार, बाप-माई चिल्लाएं*
*वर्ण व्यवस्था को विप्रों की देन बताएं*
*कह सुरेश उलझा है वोटर वंश वाद में*
*फिर बिहार को मत झुलसाना कंस वाद में*

# चुनावों में चुनौती बन रहा ड्रैगन

हाल के वर्षों में, प्रौद्योगिकी और राजनीति का जुड़ाव तेजी से स्पष्ट होता जा रहा है, जिससे लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं में संभावित हस्तक्षेप को लेकर चिंताएं बढ़ रही हैं। माइक्रोसॉफ्ट ने चेतावनी दी है कि चीन भारत के लोकसभा चुनाव सहित कई अन्य चुनावों को प्रभावित करने के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) का दुरुपोयोग कर सकता है। यह लेख इस मुद्दे के बहुआयामी आयामों को रेखांकित करता है और तकनीकी, राजनीतिक और मनोवैज्ञानिक निहितार्थों की खोज करता है। ताइवान के अनुभवों के जरिये इसकी भी पड़ताल की गई है कि इनसे निपटने में सरकारों और कानून प्रवर्तन एजेंसियों को किन चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है। माइक्रोसॉफ्ट का कहना है कि चीन सोशल मीडिया के जरिये कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) द्वारा बनाई गई राजनीतिक सामग्री वितरित करेगा, जो 'इन हाई-प्रोफाइल चुनावों में उसके हितों को लाभ पहुंचा सकता है', क्योंकि एआई से तेजी से मीम्स, वीडियो और ऑडियो सामग्रियां बन रही हैं। कंपनी ने जून, 2023 से चीन और उत्तर कोरिया में 'कुछ उल्लेखनीय साइबर रुझान देखे हैं, जो न केवल अपने परिचित लक्ष्यों पर ध्यान केंद्रित करते हैं, बल्कि अपने लक्ष्यों को हासिल करने के लिए अधिक जटिल प्रभावी तकनीकों का उपयोग करने का भी प्रयास करते हैं।' माइक्रोसॉफ्ट ने दावा किया है कि चीनी साइबर हमलावरों ने तीन लक्ष्य क्षेत्रों को चुना है- दक्षिण प्रशांत द्वीप समूह के देश, दक्षिण चीन सागर क्षेत्र में उसके क्षेत्रीय विरोधी और अमेरिकी रक्षा औद्योगिक आधार। चीनी अभियान एआई-जेनरेटेड या

एआई-समर्थित सामग्री को परिष्कृत करना जारी रखते हैं। इन अभियानों के पीछे के खिलाड़ियों ने एआई-जनरेटेड मीडिया को बढ़ाने की इच्छा दर्शाई है, जो उनके रणनीतिक आख्यानों को लाभ पहुंचाता है, साथ ही वे वीडियो, मीम्स और ऑडियो सामग्री भी बनाते हैं। चीन, मतदाताओं को सबसे ज्यादा किस चीज से विभाजित किया जा सकता है, इस पर मतदान कराने के लिए फर्जी सोशल मीडिया अकाउंट का इस्तेमाल कर रहा है, ताकि मतभेद पैदा हो सकें। वह संभवतः अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव के नतीजे को भी अपने पक्ष में प्रभावित कर सकता है।



उत्तर कोरिया ने अपने सैन्य लक्ष्यों और गुप्तचर जानकारी संग्रह को वित्तपोषित करने और आगे बढ़ाने के लिए क्रिप्टोकरंसी लूट और आपूर्ति श्रृंखला को बाधित करने वाले हमलों को बढ़ा दिया है। इसने अपने कार्यों को अधिक प्रभावी और कुशल बनाने के लिए एआई का उपयोग करना भी शुरू कर दिया है। सॉफ्टवेयर दिग्गज माइक्रोसॉफ्ट ने चीन द्वारा एआई का इस्तेमाल कर भारत, अमेरिका और दक्षिण कोरिया सहित कई देशों में चुनावों को बाधित करने की आशंका से संबंधित जो चेतावनी जारी की है, वह चिंताजनक है। माइक्रोसॉफ्ट थ्रेट इंटेलिजेंस से मिली जानकारी के अनुसार, चीन आगामी प्रमुख चुनावों में विशेष रूप से अपने हितों को आगे बढ़ाने के लिए एआई द्वारा बनाई गई सामग्री का इस्तेमाल कर सकता है। माइक्रोसॉफ्ट थ्रेट एनालिसिस सेंटर (एमटीएसी) की रिपोर्ट इस आसन्न खतरे को रेखांकित करती है कि 'इस साल दुनिया भर में होने वाले प्रमुख चुनावों को देखते हुए, खासकर भारत, दक्षिण कोरिया और अमेरिका में, चीन अपने हितों को लाभ पहुंचाने के लिए एआई जनरेटेड सामग्री बनाएगा और उसका प्रचार करेगा।'

माइक्रोसॉफ्ट की चेतावनी ताइवान में राष्ट्रपति चुनाव के दौरान चीन के कथित ट्रायल रन की खबरों के बाद आई है, जहां उसने जनवरी में एआई द्वारा बनाई सामग्री के जरिये दुष्प्रचार का प्रयास किया था। रिपोर्ट में स्टॉर्म 1376 नामक एक बीजिंग समर्थित समूह का उल्लेख है, जिसे स्पैमोफ्लाज या ड्रैगनब्रिज के नाम से भी जाना जाता है, जो ताइवानी चुनाव के दौरान अत्यधिक सक्रिय था। यह राजनीतिक परिणामों को प्रभावित करने के लिए चीन द्वारा प्रौद्योगिकी के उपयोग के मामले का अध्ययन करता है और लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं में तकनीकी हस्तक्षेप की क्षमता को रेखांकित करता है। कृत्रिम बुद्धिमत्ता द्वारा बनाई गई सामग्री जनमत को प्रभावित करने के लिए संज्ञानात्मक पूर्वाग्रहों और मनोवैज्ञानिक कमजोरियों का फायदा उठा सकती है। माइक्रो टार्गेटिंग और भावनात्मक संदेश जैसी तकनीकों का लाभ उठाकर, एआई एल्गोरिदम इको चैंबर्स बना सकता है, जो मौजूदा विश्वासों को मजबूत करता है और समाज को ध्रुवीकृत करता है। इसके अलावा, 'डीपफेक' तकनीक का उदय सूचना के पारंपरिक स्रोतों में विश्वास को कम करते हुए, तथ्य और कल्पना के बीच की बारीक रेखा को धुंधला कर एक महत्वपूर्ण खतरा बन गया है। सरकारों और कानून प्रवर्तन एजेंसियों को राजनीतिक उद्देश्यों के लिए एआई सामग्री के दुरुपयोग को रोकने में कई चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। सबसे पहले, इंटरनेट की सीमाहीन प्रकृति क्षेत्राधिकार संबंधी मुद्दों को जटिल बनाती है, जिससे दुर्भावनापूर्ण लोग अंतरराष्ट्रीय सीमाओं के पार बिना किसी दंड के काम कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त, तकनीकी नवाचार की तीव्र गति विनियामक प्रयासों से आगे निकल जाती है, जिससे नीति निर्माताओं के लिए उभरते खतरों का सामना करना मुश्किल हो जाता है। इसके अलावा, एआई सामग्री निर्माण और प्रसार का विकेंद्रीकृत स्वरूप पारंपरिक प्रवर्तन रणनीतियों में बाधा डालता है, जिसके लिए सरकारों, तकनीकी कंपनियों और नागरिक समाज के बीच सहयोग की आवश्यकता होती है। डिजिटल युग में लोकसभा चुनावों को प्रभावित करने के लिए चीन द्वारा एआई-जनरेटेड सामग्री के संभावित उपयोग से प्रौद्योगिकी और राजनीति के बीच जटिलता स्पष्ट होती है। ताइवान जैसे अन्य देशों के अनुभवों से यह स्पष्ट है कि तकनीकी हस्तक्षेप दुनिया भर में लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं के लिए एक महत्वपूर्ण खतरा बन गया है। इस चुनौती से निपटने के लिए सरकारों, तकनीकी कंपनियों और नागरिक समाज को मजबूत विनियामक ढांचा विकसित करने, डिजिटल साक्षरता बढ़ाने और चुनावों की सत्यनिष्ठा की रक्षा करने के लिए ठोस कदम उठाने की आवश्यकता है। ऐसा करने में विफलता लोकतंत्र के मूलभूत सिद्धांतों को कमजोर करेगी और नागरिकों का अपने राजनीतिक संस्थानों पर भरोसा कम हो सकता है।

–प्रशांत माली

## हवाई टिकट की कीमतें

विगत छह महीनों में इंडिगो एयरलाइन के शेयर में 50 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। जबकि पिछले एक साल में इसके शेयरों ने निवेशकों को 102.55 प्रतिशत का प्रतिफल (रिटर्न) दिया है। पिछले महीने इसके शेयर ने निवेशकों को 18.25 प्रतिशत का प्रतिफल दिया है। इस साल एक जनवरी से अब तक इसके शेयर ने निवेशकों को 27.78 प्रतिशत का प्रतिफल दिया है। इंडिगो एयरलाइन ने दो फरवरी, 2024 को वित्त वर्ष 2023-24 के दिसंबर तिमाही के नतीजे की घोषणा की थी, जिसके अनुसार इंडिगो का शुद्ध मुनाफा सालाना आधार पर 110.7 प्रतिशत बढ़कर 2,998 करोड़ रुपये हो गया, जबकि पिछले साल की समान तिमाही में इसने 1,422.6 करोड़ रुपये का शुद्ध मुनाफा दर्ज किया था। इतना ही नहीं, दूसरी तिमाही में भी इंडिगो ने 188.9 करोड़ रुपये का शुद्ध मुनाफा दर्ज किया था। विगत पांच वर्षों में पहली बार किसी भारतीय विमानन कंपनी ने किसी भी वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में मुनाफा दर्ज किया है, क्योंकि दूसरी तिमाही विमानन उद्योग के लिए कमजोर मांग वाला सीजन माना जाता है। इंडिगो का दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा एयरलाइन बनना निश्चित रूप से हर्ष एवं गौरव का विषय हो सकता है। यह शेयर बाजार में निवेश करने वाले निवेशकों के लिए भी खुशी की बात हो सकती है, क्योंकि इसके शेयर में निवेश करके निवेशकों ने काफी कमाई की है, लेकिन यह जरूरतमंद यात्रियों के लिए खुशी की बात कतई नहीं हो सकती है। मौज-मस्ती के लिए हवाई यात्रा करने वाले यात्रियों के लिए एयर टिकट की कीमत ज्यादा मायने नहीं रखती है, लेकिन किसी बीमार का इलाज के लिए सफर करने या नौकरी में योगदान देने, जरूरी मीटिंग में शामिल होने, आदि के लिए यात्रा करने वालों के लिए लगातार एयर टिकट की कीमत में इजाफा परेशानी का कारण बन गया है। यात्रा वेबसाइट इक्सिगो के विश्लेषण से पता चला है कि एक से सात मार्च की तुलना में एक से सात अप्रैल की अवधि में कुछ हवाई मार्गों पर किराया 39 प्रतिशत तक बढ़ गया है। इस अवधि में दिल्ली से बंगलूरू के बीच के उड़ानों के लिए एक तरफ का किराया 39 प्रतिशत तक बढ़ गया है, जबकि दिल्ली से श्रीनगर के हवाई किराये में 30 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। देश की सबसे बड़ी विमानन कंपनी इंडिगो एयरलाइन के पास 320 से ज्यादा विमानों का बेड़ा है, जो हर दिन 1,900 से ज्यादा फेरे घरेलू और अंतरराष्ट्रीय शहरों में लगाते हैं। वर्ष 2024 में 150 नए विमानों को घरेलू उड़ान हेतु बेड़े में जोड़ा गया है। फिर भी यह घरेलू मांगों को पूरा करने में असमर्थ है। घरेलू यात्रियों की संख्या में वर्ष दर वर्ष के आधार पर 24 प्रतिशत की वृद्धि हो रही है। 2023 में घरेलू यात्रियों की संख्या 15.2 करोड़ से अधिक हो गई है। विमानन उद्योग मांग के अनुरूप क्षमता बढ़ाने में कई चुनौतियों से जूझ रहा है। घरेलू मार्गों पर भी बड़े विमानों का उपयोग हो रहा है। बावजूद इसके, मांग और आपूर्ति के बीच खाई बनी हुई है। इंडिगो को छोड़ दूसरी एयरलाइंस की उड़ानें गाहे-बगाहे रद्द होने और यात्री मांग में मजबूती के कारण हवाई किराये में 20 से 25 प्रतिशत की बढ़ोतरी हो चुकी है। गर्मियों में घरेलू उड़ानों में यात्रियों को टिकट के लिए अधिक भुगतान करना पड़ रहा है। सभी एयरलाइंस के टिकटों की कीमत आसमान छू रही है। गर्मी की छुट्टियों में इसमें बढ़ोतरी का अंदेशा है। हालांकि, 18 से 24 महीने पहले भारत में एयर टिकट की कीमत काफी सस्ती थी। एयर टिकट की कीमत मांग और आपूर्ति के आधार पर तय होती है।

–सतीश सिंह

आज का कार्टून

साभार




# पाक को बचाना हमारी जिम्मेदारी नहीं हो सकती

भारत और पाकिस्तान के बीच ठहरे पानी में उनके विदेश मंत्री इसहाक डार ने पत्थर उछाल दिया है। क़रीब पांच वर्ष के बाद उन्होंने भारत के साथ व्यापार सम्बंध बहाल करने की इच्छा जताई है। लंदन में संवाददाताओं से बातचीत में उन्होंने कहा है कि उनके देश का व्यापारिक समुदाय भारत के साथ फिर कारोबार शुरू करना चाहता है। और उनका कहना था कि, "हम भारत के साथ व्यापार के मामले को गंभीरता से देखेंगे"। स्मरण रहे कि 2019 में जम्मू-कश्मीर में धारा 370 हटाए जाने के बाद बौखलाए पाकिस्तान ने सारे रिश्ते तोड़ दिए थे और कहा था कि जब तक जम्मू-कश्मीर में पुरानी स्थिति बहाल नहीं होती यह रिश्ते भी बहाल नहीं होंगे। कहा गया कि संबंध सुधारने की ज़िम्मेवारी भारत की है। भारत के साथ व्यापार रुक गया। भारत तो बदला नहीं पर अचानक पाकिस्तान का सुर बदल गया है। जिसे 'हाई हार्स' कहा जाता है उससे वह उतरने के संकेत दे रहें हैं। समझ तो वह बहुत पहले गए थे पर अब उच्च स्तर पर स्वीकार किया जा रहा है कि भारत के साथ संबंध बेहतर किए बिना गति नहीं है। निश्चित तौर पर उनकी हालत ख़राब होगी तब ही कड़वा घूंट पीकर भारत से व्यापार की इच्छा व्यक्त की जा रही है। इसलिए धारा 370 पर कदम उल्टाने वाली शर्तें ठंडे बस्ते में डाल दी गई है। वैसे भी कश्मीर शांत है और वह जानते हैं कि न केवल यह सरकार, बल्कि भारत की कोई भी भावी सरकार जम्मू कश्मीर में धारा 370 बहाल नहीं करेगी।

भारत और पाकिस्तान के बीच कुछ व्यापार चल रहा है पर यह समुद्री या हवाई रास्ते से है। दुबई या सिंगापुर जैसी जगहों से हमारा माल पाकिस्तान पहुंच रहा है। ज़मीनी रास्ता अफ़ग़ानिस्तान के लिए खुला है पर हम पाकिस्तान के ज़मीनी रास्ते से केन्द्रीय एशियाई गणराज्यों को माल नहीं भेज सकते। इसके लिए अब ईरान की चाहबहार बंदरगाह का इस्तेमाल किया जा रहा है। हमारे कच्चे माल पर पाकिस्तान का कपड़ा उद्योग निर्भर करता है जो अब अपने महंगे उत्पाद के कारण भारत, बंगलादेश और वियतनाम जैसे देशों द्वारा तैयार किए गए माल के आगे टिक नहीं रहा। उन्हें हमारी चीनी भी चाहिए जो सस्ती है। पाकिस्तान के वित्तमंत्री कह चुके हैं कि, "पाकिस्तान में कपास की मांग है। कपास की कम पैदावार से कपड़ा उद्योग प्रभावित हुआ है और दूसरे देशों की तुलना में भारत से चीनी सस्ती है"।

एशियन डिवेलप्मैंट बैंक के अनुसार 2023-24 में पाकिस्तान की विकास दर 1.9 प्रतिशत रहने की सम्भावना है। देश बुरे क़र्ज़ में है और महंगाई की दर 25 प्रतिशत है। विदेशी मुद्रा का रिसर्व न के बराबर है। देश में भारी असंतोष है। इसीलिए इसहाक डार का कहना है कि भूगोल की मजबूरी कहती है कि भारत के साथ व्यापार फिर शुरू किया जाए। पाकिस्तान में एक राय यह भी है जो चीन या अमेरिका पर निर्भरता कम करने की वकालत करती है। विकल्प भारत है। विश्व बैंक कह चुका है कि अगर प्रतिबंध हटा लिए जाएं तो दोनों देशों के बीच वार्षिक व्यापार 2 अरब डॉलर से बढ़ कर 37 अरब डॉलर हो सकता है। पर क्या आपसी व्यापार शुरू होगा? अतीत में भी सम्बंध ख़राब होते रहे पर व्यापार चलता रहा। अब सम्बंध बहुत बिगड़ चुके हैं। पाकिस्तान में अभी भी एक राय है जो भारत के साथ सम्बंध सुधारने के खिलाफ है। इसहाक डार की भी आलोचना हो रही है कि उन्होंने ऐसी की बात क्यों कही है। विशेषज्ञ मुशर्रफ ज़ैदी का कहना है, "विदेश मंत्री डार भारत के साथ व्यापार की बात करते हैं। पाकिस्तान के एलीट वर्ग की आदत है कि वह दोस्ती का हाथ मांगता रहता है जो अस्तित्व में नहीं है"। यह बात आंशिक तौर पर सच है। भारत के हर प्रधानमंत्री ने पाकिस्तान की तरफ़ दोस्ती का हाथ बढ़ाया, और वह हाथ झुलस गया। दोस्ती के प्रयास के एवज़ में अटल बिहारी वाजपेयी को कारगिल, मनमोहन सिंह को मुम्बई हमला और नरेन्द्र मोदी को उरी, पठानकोट और पुलवामा के हमले मिले। लेकिन एक बात मुशर्रफ ज़ैदी की ज़रूर सही लगती है,इस वक्त भारत में पाकिस्तान के साथ सम्बंध सामान्य करने और व्यापार शुरू करने की बहुत इच्छा नहीं है। 'दोस्ती का हाथ' मौजूद नहीं है। हमारी कोई मजबूरी भी नहीं है। हमारी बड़ी अर्थव्यवस्था है हमें पाकिस्तान के साथ व्यापार के बहुत फ़ायदे भी नहीं हैं। वहां से ऐसा कोई सामान आयात नहीं जिसके बिना हमारा गुज़ारा नहीं हो रहा। हां, हमारा इसमें हित ज़रूर है कि पाकिस्तान से अफ़ग़ानिस्तान और केन्द्रीय एशियाई गणराज्यों के लिए ज़मीनी रास्ता खुल जाए। पंजाब में आपसी व्यापार को लेकर एक वर्ग में उत्साह ज़रूर है। दोनों देशों के बीच व्यापार से बहुत लोगों को यहां रोज़गार मिलता था।

– चंद्रमोहन

## लोकसभा चुनाव 2024

# पहले चरण के लिए आठ सीटों पर आज मतदान

### 8 सीट के लिए बनाए गए 7689 मतदान केंद्र ■ एक लाख जवानों की रहेगी तैनाती

**महानगर संवाददाता**
लखनऊ

यूपी के 9 जिलों की आठ लोकसभा सीटों पर प्रथम चरण में होने वाले मतदान के लिए कड़े सुरक्षा प्रबंध किए गए हैं। एक लाख जवानों के साए में 19 अप्रैल यानि कल पहले चरण की वोटिंग होगी। सुरक्षा ड्यूटी में 6018 इंस्पेक्टर व सब इंस्पेक्टर, 35750 हेड कांस्टेबल व कांस्टेबल, 24992 होमगाड्र्स, 60 कंपनी पीएसी तथा 220 कंपनी कंपनी सीएपीएफ लगाई गई है। सीएपीएफ में बीएसफ, सीआरपीएफ, आईटीबीपी, सीआईए-सएफ, एसएसबी व आरपीएफ शामिल है। यह जानकारी डीजीपी प्रशांत कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि 6764 ग्राम चौकीदार व 155 पीआरडी जवान भी




ड्यूटी पर लगाए गए हैं। चुनाव से संबंधित जिलों में राजपत्रित अधिकारी व अन्य पुलिस बल सामान्य व कानून व्यवस्था ड्यूटी पर लगातार गतिशील रहेंगे। पहले चरण में नौ जिलों सहारनपुर, शामली, मेरठ, मुजफ्फर नगर, बिजनौर, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली व पीलीभीत के लोकसभा क्षेत्रों में 7689 मतदान केंद्रों के 14849 मतदेय स्थलों पर मतदान होना है।

**अतिरिक्त सीसीटीवी कैमरों लगाकर निगरानी**

इन नौ जिलों में कुल 248 बैरियर नाका स्थापित किए गए हैं। इनमें से पीलीभीत के अंतरराष्ट्रीय सीमा प्रभावित क्षेत्र में 11 बैरियर तथा सहारनपुर, शामली, मुरादाबाद, बिजनौर, रामपुर, मुजफ्फरनगर तथा पीलीभीत की अन्तर्राज्यीय सीमा पर 88 बैरियर स्थापित कर अनवरत सघन चेकिंग कराई जा रही है।

### मतदान के लिए 12 फोटो पहचान पत्र मान्य

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि मतदान के समय ऐसे मतदाता जिनके पास अपना मतदाता फोटो पहचान पत्र न हो, वे 12 अन्य वैकल्पिक फोटो पहचान पत्रों में से किसी एक को दिखा कर मतदान कर सकेंगे। वैकल्पिक पहचान पत्रों में आधार कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, बैंकों/डाकघरों द्वारा पासबुक, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज, केन्द्र/राज्य सरकार/सांसदों-विधायकों-विधान परिषद सदस्यों को जारी किये गये सरकारी पहचान पत्र और यूडीआईडी सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार द्वारा निर्गत कार्ड मतदेय स्थलों (पोलिंग बूथ) पर मतदाताओं की पहचान के लिए अनुमन्य होंगे।

### मतदाता सूचना पर्ची पहचान दस्तावेज नहीं

नवदीप रिणवा ने यह भी स्पष्ट किया कि बीएलओ द्वारा दी गई मतदाता सूचना पर्ची को पहचान दस्तावेज के रूप में मान्य नहीं किया जाएगा। मतदाताओं को अपनी पहचान सिद्ध करने के लिए उपर्युक्त में से कोई एक वैकल्पिक फोटो पहचान दस्तावेज लाना अनिवार्य होगा। इसके अलावा प्रवासी निर्वाचकों को केवल उनके मूल पासपोर्ट के आधार पर ही पहचाना जाएगा। मतदाता सूची में अपना नाम चेक करने और पोलिंग बूथ जानने के लिए भारत निर्वाचन आयोग की वेबसाइट https://voters.eci.gov.in और https://voterportal.eci.gov.in के अलावा मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तर प्रदेश की वेबसाइट https://ceouttarpradesh.nic.in के साथ वोटर हेल्पलाइन एप का उपयोग कर सकते हैं।

**बुलंदशहर में बोले सीएम योगी**

# भाजपा सरकार गरीबों की मददगार

**जनता 'सुशासन' और 'समृद्धि' चाहती है**

**महानगर संवाददाता**
लखनऊ



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गुरुवार को बुलंदशहर दौरे पर पहुंचे। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने उनका का भव्य स्वागत किया। कायताओं और समर्थकों ने जय श्री राम के ने नारे लगाए। इसके बाद सीएम ने जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान सीएम ने विपक्ष पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि पहले गरीबों का हक नहीं मिलता था, लेकिन आज बिना भेद भाव के सभी को इसका हक मिला रहा है। उन्होंने 2014 में से पहले लोगों चिंता था कि भारत का क्या होगा। देश की सीमाएं सुरक्षित नहीं थी किसान असुरक्षित था। उन्होंने कहा पीएम मोदी के नेतृत्व में देश की सीमाएं सुरक्षित हैं। आज धारा 370 को समाप्त कर एक देश एक विधान लागू करने का काम किया है। देश की जनता 'सुशासन' चाहती है, 'समृद्धि' चाहती है, 'सुरक्षा' चाहती है, इसीलिए मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का संकल्प ले चुकी है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार गरीबों की मदद कर रही है। आज गरीबों का फ्री में इलाज हो रहा है। नया भारत विकसित हो रहा है। आप ने अयोध्या में भव्य तरीके से भगवान राम का तिलक होते आप ने देखा।

**'आतंकवाद के खिलाफ बोलने को तैयार नहीं थे कांग्रेसी'**

योगी ने कहा कि दस वर्ष में हमने बदलते भारत को देखा है। नक्सलवाद और आतंकवाद आदि समस्याओं का समाधान हुआ है। कांग्रेस ने समस्या दी। जम्मू समेत पूरे देश को आतंकवाद की चपेट में ला दिया। रोज विस्फोट होते थे, निर्दोष लोग मरते थे। परिवार तबाह हो जाते थे, लेकिन कांग्रेस के लोग तमाशबीन बने रहते थे। एक बार भी यह लोग आतंकवाद के खिलाफ बोलने को तैयार नहीं थे पर आज धारा-370 समाप्त हो गई। सीएम योगी ने कहा कि जेवर में बन रहा एशिया का सबसे बड़ा एयरपोर्ट विकास का उदाहरण है। इसका सबसे अधिक लाभ सिकंदराबाद व जेवर को मिलेगा। उन्होंने कहा कि देश-प्रदेश की अर्थव्यवस्था सुदृढ़ हुई है। हम रैपिड रेल की सुविधा देने जा रहे हैं। मेट्रो आ रही है।

# देश में गरीबों, मेहनतकशों, वंचितों की बहुजन-हितैषी सरकार चुनें: मायावती



**महानगर संवाददाता**
लखनऊ

यूपी में 19 अप्रैल को आठ लोकसभा सीटों पर मतदान होगा। इससे पहले बहुजन समाज पार्टी प्रमुख मायावती ने अपील की है कि 'पहले मतदान, फिर जलपान' के संकल्प के साथ मतदाता अपने वोट के बहुमूल्य संवैधानिक अधिकार का निर्भय होकर इस्तेमाल करें एवं देश में ग़रीबों, मेहनतकशों, वंचितों की बहुजन-हितैषी सरकार चुनें। सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर मायावती ने एक पोस्ट में लिखा, ''देश में 18वीं लोकसभा हेतु सात चरणों में हो रहे आमचुनाव में मतदान के पहले चरण से ही, 'पहले मतदान, फिर जलपान' के संकल्प के साथ अपने वोट के बहुमूल्य संवैधानिक अधिकार का निर्भय होकर इस्तेमाल करके देश में ग़रीबों, मेहनतकशों, वंचितों की बहुजन-हितैषी सरकार चुनें, यही पुरजोर अपील।'' मायावती ने लिखा, '' एक वोट का मिला अधिकार ऐसी लोकतांत्रिक शक्ति है जिसके जरिए सत्ता की मास्टर चाबी प्राप्त करके गरीब, कमजोर व उपेक्षित लोग अपना उद्धार खुद करने योग्य बनकर अपनी गरीबी व लाचारी का जीवन दूर कर सकते हैं।''

# अमेठी में कांग्रेस को बड़ा झटका

**अमेठी :** लोकसभा चुनाव 2024 के बीच उत्तर प्रदेश स्थित अमेठी लोकसभा सीट पर कांग्रेस को बड़ा झटका लगा है। कांग्रेस के प्रदेश सह समन्वयक विकास अग्रहरि ने भारतीय जनता पार्टी की नेता, केंद्रीय मंत्री और प्रत्याशी स्मृति ईरानी की मौजूदगी में बीजेपी का दामन थामा। भाजपा जिलाध्यक्ष राम प्रसाद मिश्र ने विकास अग्रहरि को पार्टी में शामिल किया। विकास राहुल गांधी का चुनाव प्रचार संभालते थे। जगदीशपुर के रहने वाले विकास अग्रहरि को कांग्रेस ने प्रदेश सह समन्वयक बनाया था। विकास को बुधवार को ही यूपी कांग्रेस के सोशल मीडिया विभाग का प्रदेश सह समन्वयक बनाया गया था।

# कांग्रेस भ्रष्टाचार की अम्मा... : केशव प्रसाद मौर्य

**महानगर संवाददाता**
हरदोई

उत्तर प्रदेश के हरदोई में सदर लोकसभा व मिश्रिख लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशियों अशोक रावत व जयप्रकाश रावत के नामांकन सभा में पहुंचे डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने इंडी गठबंधन पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कांग्रेस को समाप्त पार्टी बताया और कहाकि राहुल गांधी पीएम मोदी पर भ्रष्टाचार को लेकर आरोप लगाते है जबकि कांग्रेस पार्टी भ्रष्टाचार की अम्मा है। उन्होंने कहाकि सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव सदन में उनके स्वर्गीय पिता पर टिप्पणी करते है। शिवपाल यादव हमको गुंडा बताते और पंक्चर जुड़वाने की बात करते हैं। प्रदेश की जनता 80 की 80 सीटें जिताकर उनको जवाब देगी। इस



दौरान डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने इंडी गठबंधन को निशाने पर लिया। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार के दल दल में डूबे दल एक हो रहे है। जिससे साबित हो रहा है कि यह भ्रष्टाचारियों का गठबंधन है। समाजवादी पार्टी के मुखिया सदन में हमारे पिता के बारे में गलत बोलते है, उनके चाचा शिवपाल यादव हमको गुंडा बताते है, दूसरे चाचा रामगोपाल हमसे पंक्चर बनवाने की बात करते है। उनके लिए हम कुछ नहीं कहेंगे। उत्तर प्रदेश की जनता बीजेपी को 80 सीटे जिताकर उनको जवाब देगी।

**गठबंधन भ्रष्टाचार में डूबा**

उन्होंने कहा कि बीजेपी उत्तर प्रदेश में 80 सीटे जीतने जा रही है। जबकि पूरे देश में एनडीए 400 पार सीटे जीतेगा। डिप्टी सीएम ने कहा कि हरदोई और मिश्रिख दोनों सीटे बीजेपी बड़े अंतर से जीतने जा रही है। इंडी गठबंधन के लोग प्रधानमंत्री मोदी को भ्रष्टाचारी कहते हैं क्या वो भ्रष्टाचार कर सकते हैं। देश के एक दूसरे के दल दल में फंसे सभी विरोधी दल एक हो रहे है इससे साबित हो रहा है कि पूरा इंडी गठबंधन भ्रष्टाचार के आकंठ में डूबा है। इनके प्रत्याशी प्रदेश में जमानत भी नहीं बचा पाएंगे।

# 20 अप्रैल को अमरोहा में अखिलेश-राहुल की जनसभा

**कांग्रेस प्रत्याशी के लिए करेंगे चुनाव प्रचार**



**लखनऊ।** लोकसभा चुनाव के लिए समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव और कांग्रेस नेता राहुल गांधी 20 अप्रैल को अमरोहा में चुनाव प्रचार करेंगे। दोनों नेता अमरोहा लोकसभा सीट पर कांग्रेस प्रत्याशी के पक्ष में चुनाव प्रचार करेंगे। इसके लिए तैयारियां कर ली गई है। उनकी सुरक्षा व्यवस्था के भी पुख्ता इंतजाम किए गए है। बता दें कि अमरोहा सीट के लिए लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में मतदान होंगे। इस सीट से कांग्रेस ने बसपा छोड़कर आए कुंवर दानिश अली को चुनावी मैदान में उतारा है। इनके पक्ष में चुनाव प्रचार करने के लिए अखिलेश यादव और राहुल गांधी रैली करेंगे और जनसभा को संबोधित कर वोट के लिए अपील करेंगे। दरअसल, अमरोहा में बीते 40 वर्षों से कांग्रेस लोकसभा चुनाव नहीं जीत पाई है। 1984 में कांग्रेस के रामपाल सिंह इस सीट से लोकसभा चुनाव जीते थे। उसके बाद से भाजपा ने तीन, बसपा ने दो, सपा, जनता दल और रालोद एक-एक बार चुनाव जीत चुकी है। इस बार कांग्रेस इस सीट पर जीत हासिल करना चाहती है और इसके लिए कोई कसर नहीं छोड़ना चाहती। वोटरों को साधने के लिए अखिलेश और राहुल दोनों नेता एक साथ जनसभा को संबोधित करेंगे। अमरोहा की रैली के बाद प्रदेश कांग्रेस की तरफ से 24 अप्रैल से पहले मथुरा और बुलंदशहर में भी राहुल व अखिलेश का चुनाव प्रचार कार्यक्रम करवाने की कवायद की जा रही है।

**अखिलेश यादव कन्नौज से लड़ेंगे लोकसभा का चुनाव**
**23 अप्रैल को कर सकते हैं नामांकन**

यूपी की कन्नौज लोकसभा सीट से सपा प्रमुख अखिलेश यादव के चुनाव लड़ने को लेकर चल रही अटकलबाजी पर गुरुवार को विराम लग गया है। अब बताया जा रहा है कि 23 अप्रैल को अखिलेश यादव नामांकन कर सकते हैं। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कोई खुलकर कन्नौज से चुनाव लड़ने की बात नहीं की लेकिन कई बार इशारों में वो यहां से चुनाव लड़ने की बात कह चुके थे। उन्होंने कन्नौज का अपना घर बताया था और कहा था कि इस क्षेत्र से उनके परिवार को दो दशकों से भी ज्यादा का रिश्ता रहा है वो कन्नौज को नहीं छोड़ सकते हैं। लेकिन सपा की कई लिस्ट आने के बाद भी जब कन्नौज से प्रत्याशी घोषित नहीं किया गया तो कई कयास भी लगने शुरू हो गए थे।

# चुनाव में जीत हुई तो गरीब बच्चों की पढ़ाई-लिखाई रहेगी पहली प्राथमिकता: नवल किशोर शाक्य

**महानगर संवाददाता**
प्रयागराजो

फरुखाबाद । फरुखाबाद लोकसभा सीट से सपा प्रत्याशी डॉ. नवल किशोर शाक्य ने कहा कि इंडिया समूह देश में परिवर्तन लाने का काम करेगा। शाक्य ने बुधवार को संवाददाताओं से कहा कि चुनाव जीतने पर उनकी पहली प्राथमिकता गरीब बच्चों की पढ़ाई लिखाई पर अपना पूरा वेतन खर्च करने की होगी। डॉ शाक्य ने किंग चार्ज मेडिकल कॉलेज से एमबीबीएस तथा अमेरिका के शिकागो से वरिष्ठ कैंसर सर्जन फैलोशिप की शिक्षा प्राप्त की है। उन्होंने खुद को गरीब किसान का बेटा बताते हुए हुये कहा कि डॉ राम मनोहर लोहिया की कर्मभूमि एवं



प्रमुख संकिसा भगवान बुद्ध हमारी प्रेरणा स्थलीय है। बता दें कि फरुखाबाद लोकसभा सीट पर मुख्य मुकाबला एनडीए और इंडिया गठबंधन के बीच है। उत्तर प्रदेश में सपा-कांग्रेस का गठबंधन हुआ है। फरुखाबाद सीट सपा की झोली में आई है। सपा इस सीट पर डॉ. नवल किशोर शाक्य को उम्मीदवार बनाया हैं। वहीं जिले से बीजेपी ने दो बार सांसद रहे मुकेश राजपूत पर फिर से भरोसा जताया है। जबकि बसपा ने व्यापारी नेता क्रांति पांडे को टिकट देकर चुनाव को रोचक बना दिया है। हालांकि लोधी और शाक्य मतदाताओं की संख्या सर्बाधिक होने के चलते बीजेपी और सपा के बीच कांटे की टक्कर मानी जा रही है। फरुखाबाद वह जिला है, जहां राजनैतिक इतिहास काफी पुराना है। यहां से कई बड़े सियासी नाम जुड़े है। राम मनोहर लोहिया से लेकर सलमान खुर्शीद तक कई ऐसे नाम है, जिनका ताल्लुक फरुखाबाद से है। समाजवादी के नायक रहे राम मनोहर लोहिया की कर्मस्थली भी यही भूमि है. वहीं पूर्व राष्ट्रपति डॉ. जाकिर हुसैन की जन्मस्थली भी है।

# सड़क पर आग का गोला बनी एंबुलेंस

**जौनपुर।** जौनपुर-आजमगढ़ हाईवे पर पचहटिया के पास सड़क पर उस वक्त अफरातफरी का माहौल हो गया जब गौराबादशाहपुर की तरफ से किसी मरीज को घर पहुंचा कर वापस जा रही प्राइवेट एंबुलेंस में शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। गुरुवार को दोपहर लगभग 12:30 बजे जौनपुर-आजमगढ़ मार्ग पर लाइन बाजार थाना क्षेत्र के पचहटिया के पास जा रही एंबुलेंस में से अचानक धुंआ निकलने लगा। जिस पर चालक मुकेश तथा एक अन्य व्यक्ति एंबुलेंस को सड़क पर खड़ा कर उतर गए, शोर मचाने लगे। थोड़ी ही देर में वहां राहगीरों की भीड़ लग गई तथा किसी ने घटना की सूचना दमकल विभाग को दे दी।

# होइहैं वहि जो राम रचि राखा : बृजभूषण शरण सिंह

**महानगर संवाददाता**
लखनऊः

लोकसभा चुनाव को लेकर भाजपा यूपी के लगभग सभी सीटों पर अपने प्रत्याशियों का ऐलान कर दिया है, लेकिन अभी भी दो सीटों पर भाजपा उम्मीदवार उतारने पर विचार कर रही है। इनमें से एक सीट रायबरेली और दूसरी है कैसरगंज। इन दोनों सीटों पर उम्मीदवार को लेकर सबसे ज्यादा चर्चा का विषय है तो वो है कैसरगंज का सीट, दरअसल, यहां से सांसद हैं बृजभूषण शरण सिंह और वो लगातार इस सीट से दावेदारी भी पेश कर रहे हैं, लेकिन इतनी लिस्ट जारी होने के बावजूद इस सीट पर अब तक प्रत्याशी घोषित नहीं किया गया है। वहीं टिकट



को लेकर अब बृजभूषण शरण सिंह की प्रतिक्रिया सामने आई है। बृजभूषण सिंह से जब कैसरगंज सीट से टिकट का सवाल पूछा गया तो उन्होंने श्रीरामचरितमानस की एक चौपाई दोहरा दी। उन्होंने कहा, "होइए वह जो राम रचि राखा" अभी दो दिन पहले ही बीजेपी ने देवरिया से अपने प्रत्याशी की घोषणा कर दी, लेकिन कैसरगंज पर सस्पेंस बरकरार है।

# अनियंत्रित होकर पलटी तेज रफ्तार कार, तीन की मौत



**बाराबंकी।** जिले में गुरुवार को एक भीषण सड़क हादसा हो गया। जिसमें एक तेज रफ्तार कार अचानक अनियंत्रित होकर हाईवे किनारे पेड़ से जा टकराई। इस हादसे में 3 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि एक शख्स मामूली रूप से घायल हुआ है। घायल के मुताबिक कार में कुल चार लोग सवार थे। जिनमें से दो लोगों को आज अमौसी से फ्लाइट पकड़नी थी। हाईवे पर अचानक कार लहराई और पलटते हुए पेड़ से जा टकराई। बता दें कि बलरामपुर जिले के सहदुल्लानगर निवासी अब्दुल खालिद पुत्र जमील अहमद, जुनैद अहमद पुत्र मतीउल्ला, अब्दुल मुईन पुत्र हसीबुल्ला और जमशेद पुत्र असगर अहमद कार से लखनऊ स्थित अमौसी एयरपोर्ट जा रहे थे। इनकी कार बाराबंकी में नगर कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत शुक्लई के पास लखनऊ-अयोध्या हाईवे पर पहुंची ही थी कि अचानक अनियंत्रित हो गई। तेज रफ्तार कार पलटते हुए हाईवे किनारे पटरी पर पेट से जा टकराई। इस भीषण हादसे में अब्दुल खालिद, जुनैद अहमद और अब्दुल मुईन समेत तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि जमशेद मामूली घायल हुआ। हादसे की जानकारी मिलते ही बाराबंकी पुलिस मौके पर पहुंची।

# पूर्वांचल में पल्लवी पटेल के प्लान से परेशान सपा और भाजपा!

**महानगर संवाददाता**
लखनऊ

साल 2024 लोकसभा चुनाव में यूपी की लड़ाई बेहद दिलचस्प होती जा रही है। एनडीए और इंडिया गठबंधन से अलग एक नए गठबंधन पीडीएम न्याय मोर्चा ने उत्तर प्रदेश की सीटों पर लड़ने का पहले ही ऐलान करके अपनी प्रथम सूची भी जारी कर दी है। इसी बीच पीडीएम न्याय मोर्चा के पदाधिकारियों की तरफ से मिली जानकारी के अनुसार देश के सियासत का सबसे बड़ा केंद्र वाराणसी में 25 अप्रैल को पीडीएम न्याय मोर्चा की अगुवाई में एक बड़ी जनसभा होगी। जिसमें अपना दल (कमेरावादी ) नेता पल्लवी पटेल व एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी सहित अन्य पार्टियों के भी प्रमुख नेता वाराणसी में मौजूद होंगे। 25 अप्रैल को पीडीएम न्याय मोर्चा की तरफ से वाराणसी में पीडीएम- पिछड़ा दलित मुसलमान



आम जनसभा का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम दोपहर के समय मुख्य शहर की तरफ आयोजित होगा। जिसमें अपना दल (क) नेता पल्लवी पटेल और एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी भी मौजूद होंगे। सुबह 9:00 बजे के बाद वाराणसी एयरपोर्ट पर इन नेताओं का आगमन होगा और इस रैली को सफल बनाने के लिए कार्यकर्ताओं की बैठक लगातार जारी है। वहीं दूसरी तरफ पल्लवी पटेल की सीट को लेकर भी मंथन लगातार जारी है।

# ऐलान के 8 दिन बाद बसपा ने प्रत्याशी को पार्टी से निकाला

**झांसी।** बहुजन समाज पार्टी ने बुधवार को झांसी-ललितपुर लोकसभा सीट से अपने प्रत्याशी राकेश कुमार कुशवाहा बरुआ को घोषणा के आठ दिन बाद ही अनुशासनहीनता के आरोप में पार्टी से निष्कासित कर दिया। इसके अतिरिक्त जिलाध्यक्ष जयपाल अहिरवार को भी हटाकर बीके गौतम को नया जिलाध्यक्ष नियुक्त कर दिया है। निष्कासन की विज्ञप्ति शाम को नवनियुक्त जिलाध्यक्ष ने जारी की है। कैलाशपाल को मंडल प्रभारी पद से हटाकर ललितपुर का जिला प्रभारी बनाया गया है। अभी नए प्रत्याशी की घोषणा नहीं की गई है। बहुजन समाज पार्टी ने काफी इंतजार के बाद 9 अप्रैल को झांसी-ललितपुर लोकसभा सीट से राकेश कुशवाहा बरुआ को प्रत्याशी घोषित किया था। इसकी घोषणा बुंदेलखंड के चीफ कोआर्डिनेटर लाला राम अहिरवार ने कार्यकर्ता सम्मेलन में की थी। इस दौरान दोनों मंडल प्रभारी कैलाश पाल और बीडी फुले, जिलाध्यक्ष जयपाल अहिरवार मौजूद थे।

# भाजपा प्रत्याशी एसपी सिंह बघेल पर फर्जी एससी प्रमाणपत्र बनवाने का आरोप

**महानगर संवाददाता**
आगरा

अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित आगरा लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी व केंद्रीय राज्यमंत्री एसपी सिंह बघेल के जाति प्रमाणपत्र पर फिर सवाल खड़े हो गए हैं। डॉ. अंबेडकर समाज सेवा ट्रस्ट अध्यक्ष अनिल सोनी ने बुधवार को मंडलायुक्त रितु माहेश्वरी से शिकायत दर्ज कराई है। प्रमाण पत्र की जांच के लिए जिला स्क्रूटनी कमेटी गठित करने की मांग की गई है। प्रताप नगर स्थित अलका पुरी निवासी अनिल सोनी का आरोप है कि पिछड़ा वर्ग के व्यक्ति एसपी सिंह बघेल ने राजनीतिक प्रभाव का दुरुपयोग कर आरक्षण का लाभ लेने के



लिए गलत तथ्यों से अनुसूचित जाति का प्रमाणपत्र जारी कराया है। वह जन्म से पिछड़ा वर्ग की उपजाति पाल, बघेल गडेरिया है। राजनीतिक प्रभाव और तहसील के कर्मचारी व अधिकारियों की सांठगांठ से उन्होंने 4 फरवरी 2016 को धनगर लिखवाकर अनुसूचित जाति प्रमाण पत्र जारी कराया है। शिकायतकर्ता का आरोप है कि एसपी सिंह बघेल ने 4 अगस्त 1975 को 11 वीं कक्षा में राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, विजावर, जिला छतरपुर मध्य प्रदेश से शिक्षा ग्रहण की। जिसके छात्र रजिस्टर उनकी जन्मतिथि 21 जून 1960 और जाति के ठाकुर दर्ज है।

**38 प्रमाणपत्र करा चुके हैं निरस्त**

शिकायतकर्ता अनिल सोनी ने बताया कि वह धनगर के नाम से बने 38 अनुसूचित जाति के प्रमाणपत्र निरस्त करा चुके हैं। अनुसूचित जाति धनगड़ है। जबकि एसपी सिंह के प्रमाणपत्र पर धनगर दर्ज है। दोनों की अंग्रेजी स्पेलिंग एक जैसी है लेकिन हिंदी में नाम अलग हैं। इस संबंध में उन्होंने निर्वाचन आयोग ने भी शिकायत पर जांच के आदेश जिलाधिकारी आगरा को दिए हैं।

# उपभोक्ता खुद बढ़ा सकेंगे 20 किलोवाट तक बिजली का भार

**महानगर संवाददाता**
गोरखपुर

बिजली निगम के उपभोक्ताओं को 20 किलोवाट तक बिजली भार बढ़ाने के लिए अब बिजली दफ्तरों का चक्कर नहीं काटना नहीं पड़ेगा। नए नियम के तहत वाणिज्यिक और घरेलू उपभोक्ता अपना भार खुद ही भरा सकते हैं। इसके लिए उन्हें बिजली निगम की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर लॉगिन करना होगा। पहले उपखंड से लेकर खंड कार्यालय का चक्कर लगाने के बाद बिजली भार बढ़ाया जाता था। दरअसल, अभी तक की व्यवस्था के मुताबिक, जैसे राहुल (काल्पनिक नाम) के आवासीय परिसर पर चार किलोलाट के बिजली कनेक्शन है। लेकिन, खपत अधिक है। ऐसे में राहुल को बिजली के उपखंड दफ्तर



जाकर भार क्षमता बढ़ाने का फार्म लेकर आवेदन करना होगा। बताया पड़ेगा कि सिंगल फेज केबल पर सिंगल फेज मीटर से आपूर्ति ली जा रही है। लेकिन, भार बढ़ाने के साथ मीटर भी थ्री फेज की लाइन लगवाने की जरूरत है। आवेदन के आधार पर जेई मौके पर जाकर टेक्निकल फिजिबल रिपोर्ट( टीएफआर) भरता है। इसमें बढ़ाए जाने वाले भार का सापेक्ष सिक्योरिटी और मीटर का शुल्क जमा करना होता है।

# रामजन्मोत्सव के साक्षी बनने देश विदेश से आए श्रद्धालु

**महानगर संवाददाता**
अयोध्या

रामजन्मोत्सव की पावन बेला में अयोध्या में आस्था का कुंभ नजर आया। साक्षी बनने के लिए देश के कोने-कोने से ही नहीं, सात समंदर पार से भी श्रद्धालु पहुंचे। हर कोई रामलला की दिव्य छवि को अपनी नजरों में बसाने को आतुर था। हर जन मन में बस राम ही राम नजर आए। आस्था ऐसी कि 37 डिग्री तापमान में भी बड़ी संख्या में भक्त नंगे पांव रामलला के दर्शन को पहुंचे। रामलला के दर्शन के लिए कतर से पहुंचीं निकिता कुसुम ने कहा कि 22 जनवरी को ही आने की तैयारी थी, लेकिन नहीं आ सके। जन्मोत्सव के अवसर को गंवाना नहीं चाहते थे इसलिए अयोध्या आए। रामलला के सम्मुख पहुंचते ही उनकी दिव्य छवि मानो

**मुस्लिम महिलाओं ने उतारी आरती**



आंखों में बस गईं। टेंट में भी रामलला को देखा था। अब भव्य मंदिर में भी देखने का अवसर मिला यह कहते-कहते निकिता भावुक हो उठीं। पति नीरज तिवारी उन्हें संभालते हैं। नीरज कहते हैं कि रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद कतर के हिंदू भी अयोध्या आने को लालायित हैं। नेपाल से आए बागेश्वर जय श्रीराम गुनगुनाते हुए रामलला के दर्शन कर लौट रहे थे। बोले- मंदिर से आने का मन ही नहीं कर रहा था, लेकिन कुछ आचार संहिता भी है, जिसे मानना ही पड़ता है। रामलला की छवि मनमोहक है। मंदिर अद्भुत है। महाराष्ट्र के रामचंद्र बडरे कहते हैं कि यह राम की महिमा है कि तेज धूप में लोग नंगे पांव चले आ रहे हैं। नगरी हो अयोध्या सी, रघुकुल सा घराना हो, चरण हो राघव के, जहां मेरा ठिकाना हो...पंक्तियों के जरिये उन्होंने राम के प्रति अपनी आस्था और अयोध्या की महिमा को व्यक्त किया। गवालियर से आए राजपाल मोबाइल में रामजन्मभूमि पथ की भव्यता को कैद कर रहे थे।

# रोड शो के दौरान जख्मी हुए जयंत चौधरी



**बागपत।** लोकसभा चुनाव में इस बार भाजपा और रालोद का गठबंधन है। चुनाव के चलते दोनों ही पार्टियां मिलकर एक-दूसरे के प्रत्याशियों को जिताने की अपील कर रही हैं। बागपत में रालोद चीफ जयंत चौधरी और भाजपा के कार्यकर्ता गठबंधन के संयुक्त प्रत्याशी डॉ. राजकुमार सांगवान के समर्थन में वोट मांग रहे थे। इसको लेकर रालोद सुप्रीमो जयंत चौधरी ने शक्तिरथ पर सवार होकर रोड शो भी निकाला। उन्होंने प्रत्याशी के समर्थन में वोट मांगे। लोयन गांव से शुरू हुए इस रोड शो के दौरान जब उनका काफिला हलालपुर गांव से आगे निकला तो शक्तिरथ की एंगल में उनका हाथ फंस गया, जिससे वह बुरी तरह से जख्मी हो गए। हाथ लहूलुहान होते देख रथ में मौजूद दोनों पार्टियों के नेताओं में हड़कंप मच गया। आनन-फानन में वे रथ के नीचे वाले हिस्से में आये फर्स्ट एड कराई। इसके बाद छपरौली में चौधरी चरणसिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण करने के बाद रथ को बीच कस्बे में ही रुकवाया गया।



# लोस चुनाव को लेकर सीमाएं सील

## हेलिकॉप्टर-ड्रोन से निगरानी

## तीन लाख जवानों ने बनाया तीन स्तर का सुरक्षा घेरा

महानगर नेटवर्क
नई दिल्ली

लोकसभा चुनाव में 19 अप्रैल को पहले चरण के मतदान की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। जिन सीटों पर मतदान होगा, उसके आसपास के जिलों की सीमाएं सील रहेंगी। इसके अलावा, ऐसा कोई लोकसभा क्षेत्र, जिसकी सीमा अंतरराष्ट्रीय बॉर्डर से लगती हैं, वहां भी कई रास्तों को सील किया गया है। संवेदनशील मतदान केंद्रों के आसपास ड्रोन से निगरानी की जाएगी। नक्सल प्रभावित क्षेत्र और उत्तर पूर्व के इलाकों में स्थित मतदान कर्मियों को बूथ तक पहुंचाने के लिए हेलिकॉप्टर की मदद ली गई है।






निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण तरीके से मतदान कराने के मकसद से केंद्रीय अर्धसैनिक बलों के करीब तीन लाख जवानों ने तीन स्तरीय सुरक्षा घेरा तैयार किया है। चुनावी जिलों में इंटीग्रेटेड कंट्रोल रूम स्थापित किए गए हैं। 19 अप्रैल को लोकसभा चुनाव के प्रथम चरण के लिए वोट डाले जाएंगे। 21 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की 102 संसदीय सीटों पर मतदान होगा।

### आसपास के जिलों की सीमाएं सील

सूत्रों के मुताबिक, प्रथम चरण के मतदान के दौरान सुरक्षा के अभूतपूर्व प्रबंध किए गए हैं। पश्चिम बंगाल में कूचबिहार, अलीपुरद्वार और जलपाईगुड़ी लोकसभा सीट पर केंद्रीय अर्धसैनिक बलों की करीब 300 कंपनियां तैनात की गई हैं। संवेदनशील बूथों के अलावा, राष्ट्रीय राजमार्गों और स्थानीय सड़कों पर भी सुरक्षा बल तैनात किए गए हैं। सार्वजनिक परिवहन और निजी वाहनों की चेकिंग की जा रही है। मणिपुर और बंगाल में मतदान के दौरान तीन स्तरीय सुरक्षा घेरा रहेगा।

### बस्तर में रहेगा तीन स्तरीय सुरक्षा घेरा

छत्तीसगढ़ की बस्तर सीट पर मतदान के लिए कड़े सुरक्षा प्रबंध किए गए हैं। तीन स्तरीय सुरक्षा घेरा तैयार किया गया है। मतदान कर्मियों को हेलिकॉप्टर के जरिए बूथों तक पहुंचाया जा रहा है। नक्सली हमले के खतरे के मद्देनजर, सीआरपीएफ ने कई बूथों पर मोर्चा संभाला है। केंद्रीय बलों की साढ़े तीन सौ कंपनियां तैनात की गई हैं। मतदान केंद्र तक पहुंचने वाले रास्तों पर भारी संख्या में सुरक्षा बल तैनात किए गए हैं। भारतीय वायु सेना के एमआई-17 हेलिकॉप्टरों की मदद ली जा रही है। 196 मतदान केंद्रों को संवेदनशील/गंभीर श्रेणी में रखा गया है।

# पीएम मोदी के नेतृत्व में पूर्वोत्तर को देश से जोड़ा गया: नड्डा

## कांग्रेस पर पूर्वोत्तर राज्यों को नजरअंदाज करने का आरोप

महानगर नेटवर्क
कोकराझार



भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने दावा किया कि पूर्वोत्तर राज्यों को पूरे देश के साथ जोड़ने का काम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हुआ। उन्होंने कांग्रेस पर पूर्वोत्तर राज्यों को देश से अलग और नजरअंदाज करने का आरोप लगाया है। भाजपा नेता ने कहा कि विपक्षी गुट को लोगों के कल्याण की चिंता नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्षी गुट केवल खुद को विभिन्न घोटालों से बचाने की कोशिश में लगी हुई है। असम के कोकराझार में एनडीए उम्मीदवार जयंत बसुमतारी के समर्थन में एक रैली को संबोधित करते हुए भाजपा अध्यक्ष ने कहा, "कांग्रेस की नीति पूर्वोत्तर को देश से अलग और नजरअंदाज करने की थी। यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और हिमंत विस्वा सरमा की सरकार है, जिन्होंने पूर्वोत्तर को पूरे देश से जोड़ने का काम किया।

### विपक्ष के नेता भ्रष्टाचार में शामिल

नड्डा ने आगे कहा, "वर्तमान के अच्छे दिन की सराहना करने के लिए अतीत के बुरे दिन को याद करना होगा।" उन्होंने बताया कि कांग्रेस से लेकर समाजवादी पार्टी (सपा), राजद और द्रमुक जैसी विभिन्न पार्टियों के नेता भ्रष्टाचार के कई मामलों में शामिल हैं। भाजपा नेता ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा, "उन्होंने कोयला से लेकर अंतरिक्ष तक भ्रष्टाचार किया।" नड्डा ने बताया कि विपक्षी के नेता या तो जमानत पर बाहर है, या फिर जेल में बंद है।

# कांग्रेस आई तो गरीबों की सूची बनाएंगे : राहुल गांधी

## महालक्ष्मी योजना के तहत गरीबों को देंगे पैसे

महानगर नेटवर्क
नई दिल्ली

लोकसभा चुनाव 2024 के पहले चरण की वोटिंग 19 अप्रैल से शुरू हो रही है। इससे पहले राजनीतिक बयानबाजियां और नेताओं का एक दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप जोरों पर है। इसी बीच कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने एक बार फिर से पीएम नरेंद्र मोदी पर बयानबाजी की है। राहुल ने कहा कि कोरोना काल का जिक्र करते हुए कहा कि मोदी जी ने पहले थाली बजवाई, फिर टॉर्च जलवाया। एक तरफ 22 लोग हैं तो दूसरी तरफ 70 करोड़ लोग। देश में जितनी संपत्ती इन 22 लोगों के पास है उतना 70 करोड़ लोगों के पास है। राहुल गांधी ने



आगे कहा कि पीएम मोदी कभी हवाई जहाज में उड़ते हैं तो कभी समुद्र के नीचे जाते हैं। राम मंदिर के उद्घाटन में पीएम ने राष्ट्रपति को अयोध्या आने से मना कर दिया। पीएम ने हमारे देश की आदिवासी राष्ट्रपति का अपमान किया गया है। राहुल गांधी ने आगे पीएम पर हमला बोलते हुए कहा कि मोदी जी अरब पतियों के लिए काम करते हैं। राहुल गांधी ने लोगों से वादा करते हुए कहा कि अगर कांग्रेस पार्टी जीतेगी तो जिन आदिवासियों से जमीन छीना गई है, उसके खिलाफ जबरदस्त एक्शन लिया जाएगा। इसके अलावा राहुल ने युवाओं के के लिए भी कई ऐलान किए। उन्होंने कहा कि हिंदुस्तान के युवाओं के लिए, एक साल के टर्म के लिए प्राइवेट कंपनी और सरकारी कंपनी में एक साल का अपरेंटिस कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि 16 लाख करोड़ रुपया मोदी जी ने 22 लोगों के माफ कर दिए हैं।

# बेटों को जिताने में तीन पूर्व सीएम बहा रहे पसीना

**नई दिल्ली।** राजस्थान की 25 लोकसभा सीटों जीत हासिल करने के लिए भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस दोनों ने जोर लगा रखा है। दोनों ही पार्टी के दिग्गज नेता लगातार प्रदेश के दौरे करते हुए नजर आ रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय मंत्री अमित शाह, राजनाथ सिंह, वीके सिंह, कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी, राहुल गांधी और कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी के साथ अलग-अलग राज्यों के मुख्यमंत्री भी राजस्थान में चुनावी सभाओं को संबोधित कर चुके हैं। लेकिन प्रदेश के दो पूर्व मुख्यमंत्री इन चुनावों में ज्यादा मेहनत करते हुए नजर आ रहे हैं। पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और वसुंधरा राजे के बेटे भी चुनाव मैदान में हैं। ये दोनों ही पूर्व सीएम अपने अपने बेटे को चुनाव जिताने में पूरा जोर लगा रहे हैं। इसके अलावा पड़ोसी राज्य मध्यप्रदेश में भी कमलनाथ अपने बेटे नकुलनाथ के लिए लगातार छिंदवाड़ा में कैंप किए हुए हैं। राज्य की झालावाड़ लोकसभा सीट से दुष्यंत सिंह मैदान में हैं।

## 10 हजार से अधिक एमबीबीएस सीटों वाला राज्य होगा यूपी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश जल्द ही 10 हजार से अधिक एमबीबीएस सीट वाले राज्यों में शामिल हो जाएगा। इसके लिए प्रदेश के 12 स्वशासी और सात निजी मेडिकल कॉलेजों ने आवेदन किया है। अभी प्रदेश में एमबीबीएस की 9263 सीटें हैं। प्रदेश में हर जिले में एक मेडिकल कॉलेज खोला जा रहा है। 16 जिलों में पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप मॉडल पर मेडिकल कॉलेज बन रहे हैं, जबकि 14 जिले में स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय बनकर तैयार हैं।

# चार महीने में छत्तीसगढ़ में मारे गए 80 नक्सली

## 125 गिरफ्तार और 150 ने किया आत्मसमर्पण

**नई दिल्ली।** छत्तीसगढ़ में इस साल अब तक कम से कम 80 नक्सली मारे गए हैं और 125 से अधिक गिरफ्तार किए गए हैं जबकि 150 ने आत्मसमर्पण किया है। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। छत्तीसगढ़ में 2 दिन पहले सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में 29 नक्सली मारे गए थे। केंद्रीय गृह मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक, वर्ष 2004-14 की तुलना में 2014-23



में देश में वामपंथी उग्रवाद से संबंधित हिंसा में 52 प्रतिशत की गिरावट आई है और इस अवधि में मौतों की संख्या 69 प्रतिशत कम होकर 6,035 से 1,868 हो गई है। एक अधिकारी ने कहा कि दिसंबर 2023 में छत्तीसगढ़ में विष्णु देव साय की सरकार के गठन के बाद से सक्रिय अभियान चलाए गए हैं।

## मनीष सिसोदिया को नहीं मिली राहत



महानगर नेटवर्क
नई दिल्ली

दिल्ली शराब नीति से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में पूर्व डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया को गुरुवार राउज एवेन्यू कोर्ट से बड़ा झटका लगा है। राउज एवेन्यू कोर्ट ने सिसोदिया की न्यायिक हिरासत 26 अप्रैल तक बढ़ा दी है। ईडी ने दस्तावेजों की जांच से जुड़ी स्टेटस रिपोर्ट कोर्ट में जमा की है। आप सांसद संजय सिंह और दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए कोर्ट की सुनवाई में शामिल हुए थे। राउज एवेन्यू कोर्ट मामले में अगली सुनवाई 26 अप्रैल को सुबह 11 बजे करेगी। कोर्ट ने कहा अभी तक दस्तावेज़ों की जांच पूरी नहीं हुई है, अभी और कितना समय लगेगा? वकीलों ने कोर्ट को बताया कि दस्तावेज़ों की जांच के लिए अभी एक महीने का समय और लगेगा। आरोपियों के वकील ने कहा कि हम अपनी तरफ से पूरा सहयोग कर रहे हैं, जांच एजेंसी को भी दस्तावेजों की जांच में सहयोग करना चाहिए। बता दें कि सिसोदिया की जमानत अर्जी पर सुनवाई के दौरान उनके वकील मोहित माथुर ने दलील दी थी कि मामले की जांच पूरी करने में देरी की जा रही है। माथुर ने एक अन्य आरोपी बेनॉय बाबू को दी गई जमानत का हवाला देते हुए कहा था कि सिसोदिया अब प्रभावशाली पद पर नहीं हैं।

# बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ चार्ज फ्रेम पर सुनवाई टली

महानगर नेटवर्क
नई दिल्ली

रेसलर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के पूर्व अध्यक्ष और सांसद बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ चार्ज फ्रेम पर सुनवाई टल गई है। बृजभूषण शरण सिंह ने जो पहले याचिका दी है उस पर 26 अप्रैल को कोर्ट फैसला सुनाएगी। उसके बाद चार्ज फ्रेम पर सुनवाई होगी। मामले की सुनवाई के दौरान दिल्ली पुलिस ने कोर्ट को बताया कि सीडीआर रिपोर्ट गैर जरूरी दस्तावेज़ है। शिकायतकर्ता के वकील ने कहा कि CDR रिपोर्ट ट्रायल का विषय है उसकी अभी ज़रूरत नहीं है। बृजभूषण के वकील ने कहा कि सीडीआर रिपोर्ट बहुत महत्वपूर्ण है। सीडीआर रिपोर्ट के आधार पर 7 सितंबर की तारीख अस्तित्व में आ जायेगी। कोर्ट ने कहा पहले एप्लिकेशन पर फैसला होगा उसके बाद चार्जफ्रेम पर बात करेंगे।
महिला रेस्टलर छेड़छाड़ मामले में बृजभूषण शरण सिंह की तरफ से कोर्ट में एक एप्लीकेशन लगाई गई जिसमें कहा गया है कि एक शिकायतकर्ता के बयान



में विरोधभास है। शिकयतकर्ता के मुताबिक वो जब wfi के दफ्तर गयी थी तो उसके साथ छेड़छाड़ कि गयी थी जबकि बृजभूषण ने कहा कि वो उस समय देश मे नहीं थे। जिसके एविडेंस में बृजभूषण ने पासपोर्ट की कॉपी भी लगाई है। लिहाजा उस मामले की एक बार फिर जांच के लिए याचिका लगाई गई है। बृजभूषण के वकील ने कहा कि हमने सीडीआर खोजने की कोशिश की थी लेकिन हमको वह दस्तावेज़ों में नहीं मिला। 7 सितंबर की तारीख रिकॉर्ड में कहीं पर भी नहीं हैं।

## 1.21 करोड़ रुपए का सोना जब्त, दो गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली के अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सीमा शुल्क अधिकारियों ने 1.21 करोड़ रुपये मूल्य का सोना तस्करी करने के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया है। एक आधिकारिक बयान में बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी गयी। जेद्दा से आये आरोपियों को अलग-अलग मामलों में गिरफ्तार किया गया। बयान में बताया गया कि मंगलवार को यहां पहुंचने पर एक व्यक्ति को पकड़ा गया था। सीमा शुल्क विभाग ने बयान में बताया, ''यात्री और उसके सामान की तलाशी के दौरान रबर जैसी चीज में लिपटे पीले रंग के रासायनिक पेस्ट वाले तीन अंडाकार कैप्सूल बरामद किए गए, जिनमें सोना होने का संदेह था। यात्री ने अपने निजी अंग में इन्हें छुपाया हुआ था।'' बयान के मुताबिक, कैप्सूल को बाहर निकालने के बाद यात्री के पास से एक असमान आकार की सोने की ईंट बरामद की गई, जिसका वजन 917.3 ग्राम था। इस ईंट का मूल्य 59.81 लाख रुपये है। बयान में बताया गया कि दूसरे मामले में सोमवार को जेद्दा से आये एक अन्य यात्री को रोका गया।

# केजरीवाल की गिरफ्तारी के बाद आम आदमी पार्टी और मजबूत होकर उभरी है : गोपाल राय

महानगर नेटवर्क
नई दिल्ली

आम आदमी पार्टी (आप) की दिल्ली इकाई के संयोजक गोपाल राय ने बृहस्पतिवार को कहा कि आबकारी नीति मामले में जेल में बंद दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल अपने पति की आवाज बनेंगी और देश में जहां भी जरूरी होगा वहां उनका संदेश लोगों तक पहुंचाएंगी। राय ने एक साक्षात्कार में कहा कि दिल्ली के लोग केजरीवाल की गिरफ्तारी के बाद संसदीय चुनावों में उतारे गए 'आप' और कांग्रेस उम्मीदवारों के साथ मजबूती से खड़े हैं। उन्होंने दावा किया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) वर्तमान में राष्ट्रीय राजधानी की सभी 7 लोकसभा सीट पर पिछड़ रही है।



केजरीवाल को कथित आबकारी नीति घोटाले से जुड़े धनशोधन मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने गिरफ्तार किया है। आम आदमी पार्टी की स्टार प्रचारक के तौर पर सुनीता केजरीवाल गुजरात का दौरा करेंगी। पार्टी गुजरात में भरूच और भावनगर सीट पर चुनाव लड़ रही है। जब उनसे पूछा गया कि क्या सुनीता केजरीवाल अपने पति की गैर मौजूदगी में अन्य राज्यों में प्रचार करेंगी, राय ने कहा कि इस संबंध में एक योजना तैयार की जा रही है। उन्होंने कहा कि अरविंद केजरीवाल 'आप' के सबसे बड़े स्टार प्रचारक थे और उन्हें यह सुनिश्चित करने के लिए सलाखों के पीछे डाल दिया गया है कि उनकी आवाज देश के लोगों तक न पहुंच सके। राय ने कहा, ''देश में जहां भी जरूरी होगा, सुनीता केजरीवाल अरविंद केजरीवाल की आवाज उठाएंगी। वह केजरीवाल की आवाज बनेंगी और जहां भी उनकी आवाज उठाने की जरूरत होगी, वहां जाएंगी।'' उन्होंने कहा, ''एक योजना को मूर्त रूप दिया जा रहा है। इसके तैयार होते ही हम इसे सार्वजनिक कर देंगे।'' राय ने कहा कि पार्टी संगठन - सांसद, मंत्री और विधायक लोकसभा चुनाव के लिए प्रचार और रणनीति के संबंध में सामूहिक रूप से रोजमर्रा के फैसले ले रहे हैं।

# चीन नकेल पर कसने की तैयारी कर रहा भारत!

## राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए उठाया बड़ा कदम

**नई दिल्ली।** भारत ने चीन की 'तीसरी आंख' पर नकेल कसने की तैयारी कर ली है। लंबे समय से चीन अपनी इस तीसरी आंख के जरिए तमाम देशों की गतिविधियों पर नजर रखता रहा है। भारत सरकार के आंकड़ों के मुताबिक पूरे देश में इस समय तकरीबन 20 लाख सीसीटीवी कैमरे मौजूद हैं। अकेले देश के टॉप 15 शहरों में ही यह संख्या 15 लाख है। अकेले दिल्ली में ही ढाई लाख से ज्यादा सीसीटीवी कैमरे मौजूद हैं। इनमें से लगभग 80 फीसदी कैमरे चीन से मंगवाए गए हैं। वहीं सरकार ने सीसीटीवी कैमरों को लेकर नए नियम जारी कर दिए हैं। नए नियमों के तहत भारत में सीसीटीवी बेचने से



पहले कड़े सुरक्षा मानकों का पालन करते हुए, उनका रजिस्ट्रेशन कराना अनिवार्य होगा। वहीं भारत के इस कदम के बाद चीन की जासूसी गतिविधियों पर काफी हद तक अंकुश लगेगा। अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड जैसे देशों ने राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए संवेदनशील क्षेत्रों में चीनी सीसीटीवी (क्लोज सर्किट टेलीविजन कैमरा) के इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगा चुके हैं।

### बेस्ट टेक्निकल इंटेलिजेंस टूल्स हैं सीसीटीवी कैमरे

भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के पूर्व राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा कॉर्डिनेटर और साइबर सिक्योरिटी एसोसिएशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष लेफ्टिनेंट जनरल राजेश पंत (सेवानिवृत्त) कहते हैं कि सरकार ने हाल ही में यह नोटिफिकेशन निकाला है। वह कहते हैं कि अभी तक चीन से देश में आने वाले सीसीटीवी कैमरों के लिए कोई बैरियर नहीं था। ये कैमरे देश की सभी महत्वपूर्ण जगहों सरकारी इमारतों, एयरपोर्ट, राजमार्गों, हवाई अड्डों, मेट्रो रेल, तमाम मंत्रालयों में लगे हैं, जिसमें रिकॉर्ड होने वाले डाटा पर कोई रोक नहीं थी।

## जैन मुनि अजितचंद्र सागर बनाएंगे नया विश्व रिकॉर्ड

**नई दिल्ली।** जैन धर्म के संत डॉ. अजीतचंद्र सागर महाराज एक नया विश्व रिकॉर्ड बनाने की तैयारी कर रहे हैं। 1 मई को वे वर्ली में इसके लिए एक कार्यक्रम आयोजित कर रहे हैं, जिसमें वे पूरे विश्व में अपनी स्मरण शक्ति का लोहा मनवाने की तैयारी में हैं। 1 अप्रैल 2024 को मुंबई के वर्ली एनएससीआई में हजारों लोगों की उपस्थिति में एक नया विश्व रिकॉर्ड बनाया जाएगा। यह विश्व रिकॉर्ड इंसान के दिमाग की असीम क्षमताओं को दिखाने के लिए होगा। यह रिकॉर्ड जैन धर्म के मुनि संत डॉ. अजीतचंद्र सागर महाराज द्वारा बनाया जाएगा। वे 1000 अवधान यानि 1000 लोगों की बातें सुनकर उसे याद करके उसी क्रम में उन बातों को दोहराएंगे।

# कांग्रेस से भाजपा प्रभुत्व वाली व्यवस्था की ओर बढ़ता दिख रहा भारत : जे. टेलिस




**वाशिंगटन।** अमेरिका के प्रख्यात विशेषज्ञ एशले जे. टेलिस का कहना है कि ऐसा प्रतीत होता है कि भारत कांग्रेस के प्रभुत्व वाली व्यवस्था से भाजपा नियंत्रित व्यवस्था में परिवर्तित हो रहा है लेकिन यह देखना अभी बाकी है कि पार्टी दक्षिण भारत में अच्छा प्रदर्शन कर पाती है या नहीं। उन्होंने एक परिचर्चा में यह टिप्पणी की, जिसमें इस बात पर विचार मंथन हुआ कि क्या किसी एक इकाई का अत्यधिक शक्तिशाली होना लोकतंत्र के लिहाज से चिंता का विषय हो सकता है? विचारक संस्था 'कार्नेजी एन्डाउमेंट' में वरिष्ठ अध्येता टेलिस ने बुधवार को कहा कि भारत में आम चुनाव के नवीनतम 'ओपिनियन पोल' के रुझानों के अनुसार, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सत्तारूढ़ भाजपा लगातार तीसरी बार सरकार बनाती दिख रही है। उन्होंने कहा कि यदि ओपिनियन पोल सही साबित होते हैं, तो प्रधानमंत्री मोदी को अगले पांच वर्षों तक राजनीतिक प्रभाव रखने के लिए पर्याप्त बहुमत के साथ चुने जाने की संभावना है।

## आइसक्रीम खाने से दो जुड़वां बच्चियों की मौत

**बंगलुरू।** कर्नाटक में आइक्रीम खाने से जुड़वां मासूम बच्चियों की मौत हो गई। वहीं, उनकी मां गंभीर बीमार है, जो फिलहाल अस्पताल में भर्ती है। घटना मांड्या जिले के बेट्टाहल्ली गांव की है। पुलिस ने बताया कि बुधवार को मां और बच्चियों ने गांव के एक विक्रेता से आइसक्रीम खरीद कर खाई थी। थोड़ी ही देर में वे बीमार पड़ गए। बाद में दोनों जुड़वां बच्चियों- पूजा और प्रसन्ना ने घर पर ही दम तोड़ दिया। मां की हालत गंभीर देख तुरंत अस्पताल ले जाया गया। पुलिस ने बताया कि बच्चों के शवों को मिम्स अस्पताल भेजा गया।

# अंतरिक्ष का बादशाह बनेगा भारत : सीडीएस चौहान

महानगर नेटवर्क
नई दिल्ली

चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने गुरुवार को कहा कि वह दिन दूर नहीं जब भारत दुनिया में प्रमुख सेवा प्रदाताओं में से एक के रूप में उभरेगा। दिल्ली में गुरुवार को तीन दिवसीय भारतीय रक्षा संगोष्ठी 2024 को संबोधित करते हुए जनरल चौहान ने कहा कि अंतरिक्ष को आखिरी पायदान कहा जा सकता है। इतना ही नहीं उन्होंने कहा, 'भारत अंतरिक्ष से जुड़ी जानकारी दूसरों से लेता रहा है। हालांकि अब मेरा मानना है कि वह दिन दूर नहीं जब भारत अन्य देशों को जानकारी उपलब्ध कराएगा।' जनरल चौहान ने इस दौरान भविष्य में अंतरिक्ष के विकास की भूमिका पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने कहा,



'मैं बताऊंगा कि हम कहां हैं और हमें कहां जाना है।' इसके अलावा उन्होंने कहा, 'अंतरिक्ष को आखिरी पायदान कहा जाता है। अंतरिक्ष को युद्ध के क्षेत्र से बचने के रूप में भी जाना जाता है। मेरा मानना है कि युद्ध का एक स्थापित क्षेत्र पहले से ही है। मेरा विश्वास इस विशेष डोमेन में होने वाले विकास पर आधारित है। युद्ध के इतिहास ने हमें सिखाया है कि किसी भी जंग में, प्रारंभिक प्रतियोगिता आम तौर पर एक नए डोमेन में होती है। नया डोमेन पुराने डोमेन में लड़ाइयों को भी प्रभावित करता है। अंतरिक्ष के रहस्य को जानने के लिए मानव जाति को एक लंबा रास्ता तय करना है। भारत उस यात्रा का हिस्सा बनना चाहता है।' उन्होंने कहा कि अंतरिक्ष पहले से ही युद्ध का एक स्थापित क्षेत्र है और यह हवाई, समुद्री और भूमि क्षेत्र पर अपना प्रभाव डालेगा। इसके अलावा, सीडीएस ने कहा कि आज अंतरिक्ष में गतिविधियों को जमीन से नियंत्रित किया जाता है। उन्होंने भारत के 'गगनयान' कार्यक्रम के तहत चार प्रशिक्षण प्राप्त अंतरिक्ष यात्रियों के बारे में भी बताया। वहीं, अंतरिक्ष को 'वैश्विक साझेदारी' बताते हुए उन्होंने कहा कि अंतरिक्ष में संप्रभुता की कोई अवधारणा नहीं हो सकती है।

# चुनाव में 185 ट्रेनों से 50 लाख लोग पहुंचेंगे घर


## यूपी-बिहार के यात्रियों के लिए ये है तैयारी

**नई दिल्ली।** देश में लोकसभा चुनाव 2024 के मतदान की शुरुआत कल से होने जा रही है। पहले चरण का मतदान कल यानी 19 अप्रैल को होगा। जबकि जबकि सातवें और आखिरी चरण का मतदान 01 जून को होगा। डेढ़ माह तक देश में चुनाव के साथ ही गर्मियों की छुट्टियां भी पड़ने वाली है। ऐसे में भारतीय रेलवे ने लाखों लोगों को उनके गंतव्य स्थल तक पहुंचाने के लिए योजना तैयार की है। रेलवे से मिली जानकारी के अनुसार, अगले डेढ़ माह में लगभग 185 विशेष ट्रेनों के माध्यम से 2600 फेरे लगाए जाएंगे। चुनावी राज्यों में मतदान की तारीखों को ध्यान में रखते हुए विशेष ट्रेनें भी शुरू की जाएगी। रेलवे को उम्मीद है कि इन ट्रेनों में 50 लाख यात्री सफर कर सकेंगे। इसमें सबसे खास बात यह है कि उत्तर प्रदेश, बिहार के लिए रेलवे स्पेशल ट्रेन चलाएगा। दरअसल, हर साल गर्मियों में ट्रेनों में यात्रियों का सीट मिलने से दिक्कत आती है। खासतौर पर बिहार, यूपी, महाराष्ट्र और झारखंड जाने वाले यात्रियों को बहुत परेशानी झेलनी पड़ती है। इस बार गर्मी की छुट्टियों के साथ ही देश में लोकसभा चुनाव हो रहे हैं। ऐसे में वोटिंग के लिए घर जाने वाले यात्रियों की संख्या भी लाखों में रहने का अनुमान है। इसे ध्यान में रखते हुए इस बार स्पेशल ट्रेनों के फेरे बीते वर्ष की तुलना में ज्यादा रखने की तैयारी रेलवे कर रहा है। पिछले साल रेलवे की समर स्पेशल ट्रेनों ने छह हजार से अधिक फेरे लगाए थे।

# दिल्ली समेत छह राज्यों में गर्मी से जल्द मिलेगी राहत

महानगर नेटवर्क
नई दिल्ली

आंध्र प्रदेश और तमिलनाडु समेत देश के कई राज्यों में भीषण गर्मी पड़ रही है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने 20 अप्रैल तक कई राज्यों के लिए हीटवेव अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग ने अपने ताजा पूर्वानुमान में कहा कि पांच दिनों में ओडिशा, गंगीय पश्चिम बंगाल, कोंकण, सौराष्ट्र, कच्छ, तटीय आंध्र प्रदेश, यनम और तेलंगाना के कुछ हिस्सों में लू की स्थिति बनी रहने की संभावना है। ओडिशा में 21 अप्रैल को कई जगहों पर लू चलेगी। मौसम विभाग ने गंगीय पश्चिम बंगाल और बिहार में 21 अप्रैल, झारखंड में 19-21,



तमिलनाडु, पुडुचेरी और कराईकल में 18 और 19 अप्रैल के दौरान अलग-अलग स्थानों पर लू चलने की चेतावनी जारी की है। जबकि मध्य महाराष्ट्र और मराठवाड़ा में लू चलेगी।
मौसम एजेंसी ने कहा कि इस सप्ताह के अंत तक पश्चिम बंगाल के दक्षिण और उत्तर 24 परगना, पूर्व और पश्चिम बर्धमान, पूर्व और पश्चिम मेदिनीपुर, पुरुलिया, झाड़ग्राम, बीरभूम, मुर्शिदाबाद और बांकुरा जिलों में लू की स्थिति बनी रहेगी। बता दें कि लू की स्थिति तब उत्पन्न होती है जब किसी जगह का अधिकम तापमान कम से कम 40 डिग्री सेल्सियस या उससे अधिक होता है। जहां इस सप्ताह कुछ दक्षिणी और पूर्वी राज्यों में लू की स्थिति बनी रहेगी, वहीं उत्तरी राज्यों में ताजा बारिश से बढ़ते तापमान से राहत मिल सकती है। मौसम विभाग ने 20 अप्रैल तक पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली, पश्चिम उत्तर प्रदेश और राजस्थान जैसे कई राज्यों में आंधी, बिजली और तेज़ हवाओं के साथ छिटपुट बारिश की भविष्यवाणी की है।



# अयोध्या राम मंदिर के अलावा कई मंदिरों में हो रहा है सूर्य तिलक



महाराष्ट्र के कोल्हापुर में स्थित महालक्ष्मी मंदिर किरणोत्सव के लिए जाना जाता है। इस मंदिर का निर्माण सातवीं सदी में चालुक्य वंश के शासक कर्णदेव ने करवाया था। मंदिर में किरणोस्तव की घटना तब घटती है, जब सूर्य की किरणें सीधे देवी की मूर्ति पर पड़ती हैं। ऐसा साल में दो बार होता है। 31 जनवरी और 9 नवम्बर को सूर्य की किरणें माता के चरणों पर पड़ती हैं। 1 फरवरी और 10 नवम्बर को सूर्य की किरणें रश्मि मूर्ति के मध्य भाग पर गिरती हैं। 2 फरवरी और 11 नवम्बर को सूर्य की किरणें पूरी मूर्ति को अपनी रोशनी से नहला देती हैं। इस अद्भुत घटना को एलईडी स्क्रीन के जरिए लाइव स्ट्रीम किया जाता है। यह उत्सव मंदिर में हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है।



## गुजरात में मेहसाणा का सूर्य मंदिर

जरात में मेहसाणा से लगभग 25 किलोमीटर दूर मोढेरा गांव में सूर्य मंदिर है। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण( एएसआई ) के अनुसार मंदिर का निर्माण 1026-27 ई. में चौलुक्य वंश के भीम प्रथम के शासनकाल के दौरान किया गया था। मंदिर को इस तरह से बनाया गया था कि 21 मार्च और 21 सितम्बर को सूर्य की किरणें सीधे मंदिर में प्रवेश करेंगी और सूर्य की मूर्ति पर पड़ेंगी।



## कोणार्क का सूर्य मंदिर

ओडिशा में स्थित कोणार्क सूर्य मंदिर अपनी वास्तुकला के लिए प्रसिद्ध है। 13वीं शताब्दी के मध्य में इस मंदिर का निर्माण कराया गया था। इसकी वास्तुकला इस प्रकार है कि सूर्य की पहली किरण मंदिर के मुख्य द्वार पर पड़ती है। फिर सूर्य का प्रकाश इसके विभिन्न द्वारों के जरिए मंदिर में प्रवेश कर गर्भगृह को प्रकाशमान करता है।





## बेंगलुरु का गवी गंगाधरेश्वर मंदिर

बेंगलुरु के गवी गंगाधरेश्वर मंदिर को गवीपुरम गुफा मंदिर के रूप में भी जाना जाना जाता है। भगवान शिव को समर्पित यह मंदिर अद्भुत वास्तुकला का प्रदर्शन करता है। इस गुफा मंदिर का आंतरिक गर्भगृह विशेष चट्टान में उकेरा गया है। इसकी वजह से मंदिर पर सीधे धूप पहुंचती है। ऐसा हर साल एक खास महीने, एक खास दिन होता है। इस दिन सूर्य की किरणें जादुई तरीके से मंदिर के गर्भगृह तक पहुंचती हैं। नंदी की प्रतिमा को पहले किरणों से प्रकाशित किया जाता है और फिर शिवलिंग के चरणों को स्पर्श करवाया जाता है और अंत में यह पूरे शिवलिंग को प्रकाशित कर देता है। इस दिन मकर संक्रांति का पर्व मनाया जाता है।

# हनुमान जन्मोत्सव पर उन्हें अर्पित करें 5 तरह के भोग



**चैत्र माह की पूर्णिमा के दिन हनुमान जन्मोत्सव मनाया जाता है। इस बार 23 अप्रैल को हनुमान जयंती मनाई जाएगी। हनुमानजी के यूं तो कई प्रिय भोग है लेकिन ये पांच भोग उन्हें लगाने से जल्द ही उनकी कृपा प्राप्त होगी। उनकी कृपा से सभी तरह के संकट मिट जाएंगे और व्यक्ति सुखी जीवन व्यतीत करेगा।**



### 1. रोट या रोठ

ऐसी मान्यता है कि अगर हनुमानजी को मंगलवार या उनके जन्मोत्सव के दिन रोट या मीठा रोटी का भोग लगाया जाता है तो मनवांछित फल मिलता है। गेहूं के आटे में गुड़, इलायची, नारियल का बूरा, घी, दूध आदि मिलाकर रोट बनाया जाता है। कुछ जगह इसे सेंककर रोटी जैसा बनाकर भोग लगाते हैं और कुछ जगह इसे पूरियों की तरह तलकर इसका भोग लगाते हैं। यह रोट हनुमानजी को बहुत प्रिय है।

### 2. इमरती

इमरती का भोग लगाने से संकटमोचन अत्यंत प्रसन्न होते हैं। आपकी जो भी मनोकामनाएं हैं, वे पूर्ण हो जाएंगी। बस, मंगलवार के दिन हनुमानजी को इमरती चढ़ा आएं।



### 3. लड्डू


हनुमानजी को 3 तरह के लड्डू पसंद हैं- एक केसरिया बूंदी लड्डू, दूसरा बेसन के लड्डू और तीसरा मलाई-मिश्री के लड्डू। इसमें बेसन के लड्डू उन्हें खास पसंद हैं। लड्डू चढ़ाने से हनुमानजी भक्तों को दे देते हैं मनचाहा वरदान और उसकी मनोकामना पूर्ण कर देते हैं। लड्डू चढ़ाने से पापी ग्रह भी काबू में रहते हैं।





### 4. गुड़-चने का प्रसाद

हनुमानजी को गुड़ और चने का प्रसाद तो अक्सर चढ़ाया ही जाता है। यह मंगल का उपाय भी है। इससे मंगल दोष मिटता है। यदि आप कुछ भी चढ़ाने की क्षमता नहीं रखते या किसी और कारण से चढ़ा नहीं पाते हैं तो सिर्फ गुड़ और चना ही चढ़ाकर हनुमानजी को प्रसन्न कर सकते हैं। हर मंगलवार और शनिवार को हनुमानजी को गुड़ और चने का भोग लगाएं। इससे आपकी सभी परेशानियां दूर हो जाएंगी।



### 5. पान का बीड़ा

आपने सुनी होगी एक प्रचलित लोकोक्ति 'बीड़ा उठाना'। इसका अर्थ होता है- कोई महत्वपूर्ण या जोखिमभरा काम करने का उत्तरदायित्व अपने ऊपर लेना। यदि आपके जीवन में कोई घोर संकट है या ऐसा काम है जिसे करना आपके बस का नहीं है, तो आप अपनी जिम्मेदारी हनुमानजी को सौंप दें। इसके लिए आप मंगलवार के दिन किसी मंदिर में पूजा-पाठ करने के बाद उन्हें पान का बीड़ा अर्पित करें। रसीला बनारसी पान चढ़ाकर मांग लीजिए मनचाहा वरदान।

**इसके अलावा लौंग, इलायची और सुपारी, नारियल, केसर-भात और पंच मेवा भी अर्पित कर सकते हैं।**

# क्या गर्मियों में आप के होठ हो जाते हैं ड्राई और टैन?


## अभी फॉलो करें ये आसन टिप्स



लोगों को ऐसा लगता है कि होठों में ड्राइनेस की समस्या सिर्फ सर्दियों में होती है लेकिन ऐसा नहीं है, गर्मियों में भी आप को अपनी त्वचा के साथ होठों का खयाल रखना काफी जरूरी है, गर्मियों में ड्राइनेस के साथ टैनिंग की भी समस्या शुरू हो जाती है और आप को होठों पर खास तौर से किनारों पर एक अजीब सा पिगमेंटेशन होने लगता है जो आप कि खूबसूरती को कम करता है.

त्वचा के साथ होठों को भी नियमित रूप से स्क्रब करना काफी आवश्यक है. इससे आप के होठों के डेड स्किन सेल्स निकलते हैं और टैनिंग भी कम होती है, ऐसे में एक अच्छे लिप स्क्रब से हफ्ते में 2 से 3 बार अपने होठों के जरूर स्क्रब करें. अक्सर धूप में जाने के कारण आप के होठ काले पड़ने लग जाते हैं, ऐसे में अपने होठों पर एक सन प्रोटेक्शन वाले लिप बाम लगाएं. हमारी त्वचा हो या हमारे होठ, हाइड्रेशन सभी के लिए जरूरी है, ऐसे में अपने होठों को हमेशा अच्छी तरह से मॉइश्चराइज कर के रखें और कभी भी ड्राई न होने दें. ऐसा माना जाता है कि पानी कम पीने से हमारे होठ सूखने लगते हैं, ऐसे में रोजाना अधिक से अधिक पानी का सेवन करें, ऐसा करना आप के होठ और शरीर दोनों के लिए फायदेमंद होगा.

# किडनी के मरीजों के लिए आसान होगी राह



कॉर्पोरेट उत्तरदायित्व के दृष्टिकोण के अनुरूप, ब्रीच कैंडी अस्पताल, मुंबई में एक किडनी सेंटर का उद्घाटन किया। सेंटर का उद्घाटन 'ज़ी' के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी, पुनीत गोयंका और ब्रीच कैंडी अस्पताल के मुख्य कार्यकारी, डॉ. अनिरुद्ध कोहली ने किया। ब्रीच कैंडी अस्पताल ने मुंबई स्थित मौजूदा परिसर के भीतर बेहतरीन सुविधाओं से लैस एक नए टावर का उद्घाटन कर अपनी मौजूदा स्वास्थ्य देखभाल बुनियादी सुविधा का विस्तार किया है। 'ज़ी' ने इस नए टावर में एक अत्याधुनिक किडनी सेंटर बनाने में योगदान दिया है। कंपनी, निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित अपनी कॉर्पोरेट सामजिक उत्तरदायित्व ( सीएसआर ) नीति के अनुरूप देश के स्वास्थ्य सेवा बुनियादी ढांचे के विस्तार के लिए प्रतिबद्ध है और अत्याधुनिक किडनी सेंटर के निर्माण के लिए समर्थन, इस दिशा में की गई एक और बड़ी पहल है। यह किडनी सेंटर पूर्ण चिकित्सा अनुपालन के साथ और प्रासंगिक दिशानिर्देशों के अनुरूप स्थापित किया गया है। जहां रोगियों को सर्वोत्तम श्रेणी की डायलिसिस सेवाएं प्रदान करने के लिए 11 बिस्तर और प्रति वर्ष 12,000 रोगियों की सेवा के लिए सुसज्जित अत्याधुनिक चिकित्सा सुविधा मिलेगी।

डॉ. अनिरुद्ध कोहली, मुख्य कार्यकारी, ब्रीच कैंडी अस्पताल ने कहा,हम अस्पताल के नए टावर में स्थित विशेष किडनी सेंटर को शुरू करने में ज़ी के अमूल्य समर्थन के लिए आभारी हैं। चिकित्सा के लिहाज़ से अस्पताल की विशेषज्ञता और ज़ी के योगदान के साथ, हम किडनी की बीमारियों से पीड़ित रोगियों को व्यापक देखभाल प्रदान करने के लिए बेहतर स्थिति में हैं। यह सहयोग, हमारे रोगियों को असाधारण स्वास्थ्य देखभाल समाधान प्रदान करने की हमारी प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है।

पुनीत गोयंका, प्रबंध निदेशक-मुख्य कार्यकारी अधिकारी, ज़ी एंटरटेनमेंट एंटरप्राइजेज लिमिटेड ने कहा,"हमारे कॉर्पोरेट ज़िम्मेदारी दृष्टिकोण के अनुरूप, हमें नए अत्याधुनिक सुविधाओं वाले किडनी सेंटर के साथ ब्रीच कैंडी अस्पताल का समर्थन करने में खुशी हो रही है। ब्रीच कैंडी अस्पताल हमारे देश का शीर्ष चिकित्सा संस्थान है, और यह ज़ी के लिए सम्मान की बात है कि वह अपनी मौजूदा स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार में इसकी मदद कर पा रही है। हमारा दृढ़ विश्वास है कि लोगों को उन्नत चिकित्सा सुविधाएं प्रदान करने से हमारे राष्ट्र के समग्र स्वास्थ्य सेवा बुनियादी ढांचे में वृद्धि होगी और अनगिनत लोगों के जीवन में सुधार होगा।

# भारतीय महिलाओं में क्यों बढ़ रही पीसीओडी बीमारी की समस्या?




देश में कई बीमारियों का दायरा बढ़ रहा है. कैंसर, हार्ट डिजीज और पेट की बीमारियों के मरीजों के ग्राफ में हर नए साल के साथ इजाफा हो रहा है. इन बीमारियों के बीच एक ऐसी बीमारी भी है जो भारत में बहुत तेजी से अपने पांव पसार रही है, लेकिन इसकी तरफ ध्यान कम दिया जा रहा है. यहां हम महिलाओं मे होने वाली PCOD यानी पॉलिसिस्टिक ओवरी डिजीज की बात कर रहे हैं. देश में बीते एक दशक में इस बीमारी से जूझ रही महिलाओं की संख्या बढ़ रही है. 16 साल से लेकर 40 साल की उम्र तक की महिलाएं भी इसका शिकार हो रही हैं.

नेशनल लाइब्रेरी ऑफ मेडिसिन के मुताबिक, भारत में हर पांच में से एक ( 20% ) महिला पीसीओएस से पीड़ित है. ये बीमारी बांझपन का एक बड़ा कारण बन रही है. द लैंसट की 2021 में प्रकाशित रिपोर्ट के मुताबिक, पीसीओडी का इलाज न होने से 15 से 20 फीसदी महिलाएं एंडोमेट्रियल कैंसर का शिकार हो सकती हैं. इस बात से आप अंदाजा लगा सकते हैं कि ये बीमारी कितनी खतरनाक है, हालांकि भारत में अधिकतर महिलाएं इस डिजीज को लेकर जागरूक नहीं हैं. इस कारण ये बीमारी कई मामलों में गंभीर रूप ले लेती है और महिलाएं बांझपन का शिकार हो जाती है.

यहां ये जानना बहुत जरूरी है कि भारत में पीसीओडी की बीमारी क्यों इतनी तेजी से बढ़ रही है? महिलाएं इससे कैसे बच सकती हैं और इसका इलाज किस तरह हो सकता है.

## क्यों तेजी से बढ़ रही पीसीओडी की बीमारी?



इस बारे में सफदरजंग हॉस्पिटल में ऑन्को गायनेकोलॉजिस्ट डॉ. सलोनी चड्ढा ने जानकारी दी है. डॉ सलोनी बताती हैं कि पीसीओडी डिजीज होने का कोई एक खास कारण नहीं है. बिगड़ा हुआ लाइफस्टाइल, मेंटल स्ट्रेस, खानपान की गलत आदतें, धूम्रपान और शराब का सेवन इस डिजीज के होने के बड़े रिस्क फैक्टर हैं.

बीते कुछ सालों से महिलाओं का लाइफस्टाइल खराब हो रहा है. सोने और जागने का समय निर्धारित नहीं है. लगातार बिगड़ रहा लाइफस्टाइल पीसीओडी होने का कारण बन रहा है. कुछ मामलों में ये बीमारी जेनेटिक कारणों से भी हो सकती है. यानी एक से दूसरी पीढ़ी में जा सकती है, डॉ सलोनी बताती हैं कि पीसीओडी की बीमारी 16 से 18 साल की उम्र से लेकर 30 साल की उम्र के बाद भी हो सकती है. इसकी वजह से महिलाओं के शरीर में हार्मोन का संतुलन बिगड़ जाता है. पुरुष हार्मोन बढ़ जाते हैं. इससे कई तरह की समस्याएं आने लगती हैं. चेहरे पर बाल आने लगते हैं. शरीर के कई अन्य अंगों पर ज्यादा बाल उगने लगते हैं. पीरियड्स आने का पैटर्न भी खराब हो जाता है. समय पर पीरियड्स नहीं आते हैं.

# रोहित ने वर्ल्ड कप को लेकर मीटिंग का खंडन किया

## कहा- अगरकर-द्रविड़ से मुलाकात नहीं; इम्पैक्ट प्लेयर नियम के फेवर में नहीं भारतीय कप्तान

**महानगर नेटवर्क**

**नई दिल्ली**

टीम इंडिया के कप्तान रोहित शर्मा ने इस बात का खंडन किया है कि टी-20 वर्ल्ड कप के लिए किसी तरह की उनकी मीटिंग चीफ कोच और चीफ सिलेक्टर के साथ हुई है। रोहित ने ऑस्ट्रेलियाई दिग्गज एडम गिलक्रिस्ट और पूर्व इंग्लिश कप्तान माइकल वॉन से हुई क्लब प्रेयरी फायर पॉडकास्ट पर कई मुद्दों पर बात की। रोहित ने इम्पैक्ट प्लेयर के नियम पर जहां पर विचार रखे, वहीं दिनेश कार्तिक और धोनी की बल्लेबाजी की तारीफ भी की। रोहित ने पॉडकास्ट में पूर्व क्रिकेटरों से बातचीत में कहा, 'मैं किसी से नहीं मिला। अजीत अजीत अगरकर दुबई में कहीं हैं, वो गोल्फ खेल रहे हैं। राहुल द्रविड़ बेंगलुरु में हैं और अपने बच्चे को खेलते हुए देख रहे हैं। मैं मुंबई में था। ईमानदारी से कहूं तो हम मिले नहीं हैं। जब तक आप मुझे, राहुल द्रविड़, अजीत या BCCI के किसी व्यक्ति को कैमरे के सामने आकर बात करते हुए नहीं सुनते, तब तक



सब गलत है।'

टी-20 वर्ल्ड कप 1 जून से वेस्टइंडीज और अमेरिका में खेला जाना है। वहीं 1 मई तक इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल को संभावित खिलाड़ियों की लिस्ट सौंपनी हैं। ऐसे में वर्ल्ड कप के लिए भारतीय टीम का ऐलान कुछ दिनों में हो जाएगा। टीम इंडिया के सिलेक्शन के लिए सिलेक्टर्स की मीटिंग 30 अप्रैल या 1 मई को हो सकती है।

### रोहित इम्पैक्ट प्लेयर नियम से नाखुश

रोहित इम्पैक्ट प्लेयर नियम से नाखुश हैं। उन्होंने पॉडकास्ट में इम्पैक्ट प्लेयर को लेकर पूछे गए सवाल पर कहा कि मैं इम्पैक्ट प्लेयर नियम का फैन नहीं हूं। इससे ऑलराउंडर खिलाड़ियों का महत्व घटेगा और उन्हें पीछे रखेगा। क्रिकेट 11 खिलाड़ियों का खेल है न कि 12 खिलाड़ियों। इम्पैक्ट प्लेयर के नियम आने से ऑलराउंड्र्स शिवम दुबे, वॉशिंगटन सुंदर जैसे खिलाड़ियों को मौका नहीं मिल पा रहा है। आप लोगों के लिए ज्यादा मनोरंजक बनाने के लिए खेल से बहुत कुछ निकाल रहे हैं।

### धोनी को रिटायरमेंट वापस लेने के लिए मनाना कठिन

*रोहित से पूछा गया कि धोनी को टी-20 वर्ल्ड कप के लिए संन्यास से वापस लेकर आ सकते हैं, तो उन्होंने हंसते हुए कहा कि टी-20 वर्ल्ड कप के लिए एमएस धोनी को मनाना मुश्किल होगा, लेकिन दिनेश कार्तिक को मनाना आसान होगा। रोहित ने आगे कहा कि दिनेश कार्तिक ने जिस तरह से इस IPL में बल्लेबाजी की और एमएस धोनी ने आकर सिर्फ 4 गेंदें खेलीं और खेल पर बड़ा प्रभाव डाला, उससे वास्तव में मैं प्रभावित हूं।*

### पंत हो सकते हैं वर्ल्ड कप टीम में शामिल

*इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन ने रोहित शर्मा से पूछा कि क्या कोई ऐसा खिलाड़ी है, जिसे वह सिर्फ एंटरटेनमेंट के लिए टीम में रखना चाहेंगे। इस पर रोहित ने हंसते हुए कहा कि वह ऋषभ पंत को जरूर टीम में रखेंगे। रोहित ने कहा, 'ईमानदारी से कहूं तो अगर कोई मुझे हंसाता है तो वह ऋषभ पंत है। वह एक क्रेजी इंसान है। मैं उसे तब से देख रहा हूं जब वह बच्चा था। जब वह कार एक्सीडेंट की वजह से एक साल से क्रिकेट से दूर थे, तो मैं काफी निराश था। वह काफी मजाकिया है। विकेट के पीछे जिस तरह चीजें करता है, वह आपको हंसने पर मजबूर करता है। यह मुझे काफी पसंद है।'*

# एथलेटिक्स में भारत को लगा झटका

## घुटने की चोट के कारण श्रीशंकर ओलंपिक से बाहर

**महानगर नेटवर्क**

नई दिल्ली

लंबी कूद के दिग्गज खिलाड़ी मुरली श्रीशंकर ट्रेनिंग के दौरान घुटने की चोट के कारण पेरिस ओलंपिक से बाहर हो गए हैं और उन्हें सर्जरी करानी पड़ेगी, जिसके कारण वह पूरे 2024 सत्र में नहीं खेल पाएंगे। एशियाई खेलों और राष्ट्रमंडल खेलों के रजत पदक विजेता श्रीशंकर ने 2023 एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप में 8.37 मीटर के प्रयास से रजत पदक जीतते हुए पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई किया था। इस 25 वर्षीय खिलाड़ी को शंघाई/सुझोउ और दोहा में क्रमशः 27 अप्रैल और 10 मई को लगातार दो डाइमंड लीग प्रतियोगिता के साथ अपने सत्र की शुरुआत




करनी थी लेकिन मंगलवार को ट्रेनिंग के दौरान उन्हें चोट लगी और उनका ओलंपिक में हिस्सा लेने का सपना टूट गया। श्रीशंकर ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा, 'दुर्भाग्य से यह बुरे सपने की तरह लगता है लेकिन यह हकीकत है, मेरा पेरिस ओलंपिक का सपना टूट गया है।'

# धोनी अगले साल का IPL भी खेल सकते हैं



**महानगर नेटवर्क**

**नई दिल्ली**

चेन्नई सुपर किंग्स (CSK) के पूर्व कप्तान एमएस धोनी IPL के अगले सीजन में भी खेल सकते हैं। पूर्व क्रिकेटर सुरेश रैना ने जियो सिनेमा के एक कार्यक्रम में यह दावा किया है। 14 अप्रैल को मुंबई इंडियंस (MI) के खिलाफ धोनी ने वानखेड़े स्टेडियम में लगातार तीन छक्के लगाए थे। इस मैच के बाद हुए डिस्कशन प्रोग्राम में एंकर ने धोनी के आगे खेलने पर सवाल किया था। एंकर ने सबसे पहले सवाल कार्यक्रम में मौजूद पूर्व फास्ट बॉलर आरपी सिंह से यह सवाल किया था। इस पर सिंह ने कहा- इसका बेहतर जवाब रैना दे पाएंगे।

धोनी 42 साल के हो गए हैं। वह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से साल 2020 में 15 अगस्त को संन्यास ले चुके हैं। उनके IPL रिटायरमेंट की अटकलें 2023 से ही लगाई जा रही हैं। ऐसा माना जा रहा था कि साल 2023 धोनी का आखिरी साल होगा, पर उन्होंने उन्होंने लखनऊ के इकाना स्टेडियम में खेले गए मैच के दौरान टॉस के बाद कमेंटेटर डैनी मॉरिसन ने धोनी से सवाल किया कि आप अपने आखिरी सीजन का आनंद ले रहे हैं? धोनी ने इसका जवाब देते हुए कहा, 'आपने फैसला किया है कि यह मेरा आखिरी IPL है। इसके बाद धोनी हंसने लगे। मॉरिसन ने कहा कि धोनी अगले साल भी खेलते नजर आएंगे।

# 'पंत की गतिशीलता उनके और भारतीय टीम प्रबंधन के लिए अच्छा संकेत'

**अहमदाबाद।** इंग्लैंड के पूर्व कप्तान केविन पीटरसन का मानना है कि गुजरात टाइटंस के खिलाफ आईपीएल के मैच में ऋषभ पंत की गतिशीलता उनके और भारतीय टीम प्रबंधन के लिये टी-20 विश्व कप से पहले अच्छा संकेत है। पंत ने इस मैच में दो कैच लपके, एक स्टम्पिंग की और 16 रन भी बनाए। दिल्ली कैपिटल्स



ने गुजरात टाइटंस को छह विकेट से हराया और पंत को उनकी विकेटकीपिंग के लिये 'प्लेयर आफ द मैच' चुना गया। जून में होने वाले टी-20 विश्व कप में पंत भारतीय टीम में विकेटकीपर की जगह के लिए प्रबल दावेदार हैं। पीटरसन ने कहा, 'उसे इस तरह की गतिशीलता से काफी प्रोत्साहन मिला होगा। यह टीम इंडिया के लिये भी अच्छा है। चोट से लौटने के बाद उसे मैच अभ्यास की जरूरत है। वह भयावह चोट से लौटा है लिहाजा गेम टाइम उसके लिए अहम है।' उन्होंने कहा, 'टी-20 विश्व कप से पहले उसे 14-15 आईपीएल मैच खेलने चाहिए। इतना खेलने पर वह तैयार हो जाएगा।'

## लखनऊ सुपर जाइंट्स के सामने

# चेन्नई के गेंदबाजों की कठिन चुनौती



**लखनऊ सुपर जाइंट्स अपने घरेलू मैदान पर शुक्रवार को इंडियन प्रीमियर लीग के मैच में उतरेगी तो उसके सामने चेन्नई सुपर किंग्स (CSK) के धारदार गेंदबाजी आक्रमण का सामना करने की कठिन चुनौती होगी जो इकाना स्टेडियम की पिच पर कहर बरपा सकते हैं।**




रूतुराज गायकवाड़ की कप्तानी और महेंद्र सिंह धोनी की प्रेरणा वाली चेन्नई टीम ने पिछले दो मैच जीते हैं जबकि केएल राहुल की लखनऊ टीम को लगातार दो पराजय झेलनी पड़ी है। लखनऊ के बल्लेबाज अपेक्षा के अनुरूप प्रदर्शन नहीं कर सके हैं और देखना होगा कि बेहतरीन फॉर्म में चल रहे चेन्नई के गेंदबाजों का सामना वे कैसे करते हैं।

### चेन्नई के गेंदबाज लेंगे लखनऊ के बल्लेबाजों की परीक्षा

यॉर्कर डालने में उस्ताद मथीषा पथिराना को डैथ ओवरों में खेल पाना बहुत मुश्किल है। वहीं मुस्ताफिजुर रहमान के पास कम से कम तीन वैरिएशन हैं। इकाना जैसे स्टेडियम पर जहां गेंद पर पकड़ अच्छी रहती है, रविंद्र जडेजा काफी असरदार साबित हो सकते हैं। लखनऊ में महीश तीक्षणा के रूप में एक अतिरिक्त स्पिनर को उतारा जा सकता है। लखनऊ में इस सत्र में पहली पारी का औसत स्कोर 175 रन रहा है जो दूसरे मैदानों से कम से कम 15 रन कम है।

### मयंक यादव खेल पाते हैं या नहीं?

लखनऊ के युवा तेज गेंदबाज मयंक यादव पिछले दोनों मैचों में पेट की मांसपेशी में खिंचाव के कारण नहीं खेल सके। उन्होंने अभ्यास शुरू किया और उनकी रफ्तार चेन्नई के बल्लेबाजों के लिये चुनौतीपूर्ण हो सकती है, लेकिन देखना यह है कि वह आज खेल पाते हैं या नहीं। स्पिन में रवि बिश्नोई ने किफायती स्पैल फेंके हैं लेकिन वैरिएशन के अभाव के कारण अभी तक छह मैचों में चार ही विकेट ले सके। बिश्नोई और चेन्नई के आक्रामक बल्लेबाज शिवम दुबे की टक्कर देखने लायक होगी।

### कृणाल पंड्या का पूरा इस्तेमाल नहीं कर पा रही लखनऊ

लखनऊ के प्रमुख बल्लेबाज क्विंटोन डिकॉक लगातार दो अर्धशतकों के बाद पिछले तीन मैचों में कुछ खास नहीं कर सके। 'इंपैक्ट प्लेयर' के नियम के कारण कृणाल पंड्या सातवें नंबर पर उतर रहे हैं और छह मैचों में 41 गेंद ही खेल सके। उनका पूरा इस्तेमाल नहीं करने का खामियाजा भी टीम को भुगतना पड़ा है। कप्तान राहुल भी 204 रन ही बना सके और अपने सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में नहीं हैं। निकोलस पूरन ने छह मैचों में 19 छक्के लगाये हैं और उनसे इस लय को कायम रखने की उम्मीद होगी।

### डेवोन कॉन्वे चोट की वजह से IPL से बाहर

न्यूजीलैंड के डेवोन कॉन्वे चोट के चलते इंडियन प्रीमियर लीग से बाहर हो गए हैं। चेन्नई सुपरकिंग्स ने कॉन्वे के रिप्लेसमेंट के रूप में इंग्लैंड के रिचर्ड ग्लीसन को स्क्वॉड में शामिल किया है। कॉन्वे ने इस सीजन एक भी मैच नहीं खेला। कॉन्वे अंगूठे की चोट के कारण IPL 2024 के पहले हॉफ के लिए उपलब्ध नहीं थे। उन्होंने पिछले महीने अपने अंगूठे की सर्जरी कराई थी और वे तब से खेल के मैदान से दूर हैं। CSK का अगला मैच कल यानी 19 अप्रैल को लखनऊ सुपर जाएंट्स (LSG) के खिलाफ लखनऊ में खेला जाएगा। CSK इस सीजन 6 मैचों में से 4 जीते के बाद 8 पॉइंट्स लेकर पॉइंट्स टेबल में तीसरे नंबर पर है।

### संभावित टीम

**लखनऊ सुपर जाइंट्स**

केएल राहुल (कप्तान), क्विंटन डिकॉक, निकोलस पूरन, आयुष बदोनी, काइल मेयर्स, मार्कस स्टोइनिस, दीपक हुडा, देवदत्त पडिक्कल, रवि बिश्नोई, नवीन उल हक, क्रुणाल पंड्या, युद्धवीर सिंह, प्रेरक मांकड़, यश ठाकुर, अमित मिश्रा, शमर जोसेफ, मयंक यादव, मोहसिन खान, के गौतम, शिवम मावी, अर्शिन कुलकर्णी, एम सिद्धार्थ, एश्टन टर्नर, मैट हेनरी, मोहम्मद अरशद खान।

**चेन्नई सुपरकिंग्स**

महेंद्र सिंह धोनी, अरावेली अवनीश, डेवोन कॉनवे, रुतुराज गायकवाड़ (कप्तान), अजिंक्य रहाणे, शेख रशीद, मोईन अली, शिवम दुबे, आरएस हंगरगेकर, रविंद्र जडेजा, अजय जादव मंडल, डेरिल मिशेल, रचिन रवींद्र, मिचेल सेंटनर, निशांत सिंधू, दीपक चाहर, तुषार देशपांडे, मुकेश चौधरी, मुस्तफिजुर रहमान, मथीसा पथिराना, सिमरजीत सिंह, प्रशांत सोलंकी, शारदुल ठाकुर, महेश तीक्षणा और समीर रिज्वी।

**मैच का समय : शाम साढे सात बजे से**

# रीयाल मैड्रिड सेमीफाइनल्स में पहुंची

*__मैनचेस्टर।__ रीयाल मैड्रिड ने मैनचेस्टर सिटी को पेनल्टी शूटआउट में 4.3 से हराकर चैम्पियंस लीग फुटबॉल के सेमीफाइनल्स में प्रवेश कर लिया। इसके साथ ही रीयाल मैड्रिड ने रिकॉर्ड 15वां खिताब जीतने की दिशा में अगला कदम रख दिया। इस हार के साथ ही सिटी का लगातार दो चैम्पियंस लीग खिताब जीतने वाली पहली इंग्लिश टीम बनने का सपना भी टूट गया। निर्धारित समय तक स्कोर 1-1 से बराबर था। मैड्रिड के लिए रौड्रिगो ने 12वें मिनट में गोल किया जिसे 76वें मिनट में केविन डि ब्रूनी ने उतार दिया था। अब सेमीफाइनल्स में मैड्रिड का सामना बायर्न म्युनिख से होगा जिसने आर्सनल को 1.0 से और औसत के आधार पर 3.2 से हराया।*




# आकाश चोपड़ा ने जॉनी बेयरस्टो को ड्रॉप करने की दी सलाह




**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व क्रिकेटर आकाश चोपड़ा ने पंजाब किंग्स से जॉनी बेयरस्टो की जगह रिली रोसो को मुंबई इंडियंस के खिलाफ मुकाबले में प्लेइंग इलेवन में जगह देने के लिए कहा है। मुल्लांपुर स्टेडियम में पंजाब किंग्स की भिड़ंत मुंबई इंडियंस से होगी। चोपड़ा का मानना है कि अगर शिखर धवन मैच नहीं खेलते हैं, तो जॉनी बेयरस्टो को ड्रॉप किया जाना चाहिए। वह बेयरस्टो के प्रदर्शन से खुश नहीं हैं और टीम में थोड़ा बदलाव देखना चाहते हैं। आकाश चोपड़ा ने अपने यूट्यूब चैनल पर कहा, "अगर शिखर धवन उपलब्ध नहीं है। मैं कह रहा हूं जॉनी बेयरस्टो को टाटा बाय-बाय करो। तुम रन नहीं बना रहे हो और पिछले मैच में जितनी गेंद खेली, उतने रन बनाए। इसका कोई मतलब नहीं है। फिर आप दूर चले जाते हैं और कहते हैं कि आपको कुछ अलग करने की कोशिश करनी चाहिए।" इंग्लैंड के स्टार बल्लेबाज जॉनी बेयरस्टो आईपीएल 2024 में पंजाब के लिए अब तक कोई प्रभावशाली प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं। वह पंजाब किंग्स के लिए ओपनिंग करते हुए 6 मैचों में केवल 96 रन ही बना पाए हैं। इस बीच पंजाब के नियमित कप्तान शिखर धवन चोटिल हो गए हैं।

# चमारी अथापथु ने खेली 195* रन की ऐतिहासिक पारी

## SL महिला टीम ने हासिल की वनडे इतिहास की सबसे बड़ी जीत

**महानगर नेटवर्क**

**नई दिल्ली**

चमारी अथापथु की अगुवाई में महिला श्रीलंका टीम ने इतिहास रच दिया है। बुधवार को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ खेले गए वनडे मैच को श्रीलंका ने 6 विकेट से जीत लिया। इसी के साथ तीन मैचों की सीरीज में श्रीलंका ने 1-1 की बराबरी भी कर ली।

### चामरी अटापट्टू ने किया कमाल

दक्षिण अफ्रीका के पोटचेफस्ट्रूम के सेनवेस पार्क में खेले गए मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका टीम ने 302 रन बनाए। कप्तान लॉरा वुलफार्ट ने 147 गेंदों पर 184 रन की पारी खेली। श्रीलंका की ओर से कविशा दिलहारी ने दो विकेट झटके। वहीं, इस लक्ष्य का पीछा करते हुए साउथ अफ्रीका टीम 44. 3 ओवर में मैच को जीतने




में कामयाब रही। श्रीलंका की ओर से कप्तान चमारी अटापट्टू ने शानदार 139 गेंदो पर 195 रन की पारी खेली। चामरी ने 139 गेंद का सामना किया और 26 चौके व पांच छक्के लगाए।

### श्रीलंका टीम ने रचा इतिहास


वहीं, नीलाक्षी डिसिल्वा ने नाबाद अर्धशतकीय पारी खेली। श्रीलंका की टीम ने चार विकेट गंवाकर 305 रन बनाए। बता दें कि श्रीलंका की महिला टीम की ओर से वनडे की इतिहास में बनाए गए ये सबसे सर्वाधिक रन है।

# आजम ने शाहीन अफरीदी के साथ मतभेद पर तोड़ी चुप्पी

**महानगर नेटवर्क**

**रावलपिंडी**

पाकिस्तान के बहाल कप्तान बाबर आजम ने हालिया कप्तानी विवाद पर खुलकर बात की, जहां उन्हें शाहीन शाह अफरीदी की जगह फिर से कप्तान नियुक्त किया गया था। अफरीदी के नेतृत्व पर तब सवाल उठे जब उनकी अगुवाई वाली टीम को अपने पहले कप्तानी कार्य के दौरान घर से बाहर न्यूजीलैंड से 1-4 से हार का सामना करना पड़ा। नेतृत्व को लेकर मचे हंगामे के बीच मीडिया में ऐसी खबरें भी आईं कि शाहीन फैसले से असंतुष्ट थे। शाहीन के रहस्यमय सोशल मीडिया बयानों ने इन रिपोर्टों को और हवा दे दी। हाल के सप्ताहों में जो कुछ भी हुआ है, उसके बावजूद पाकिस्तान के सफेद गेंद के कप्तान आजम ने कहा कि उनके और अफरीदी के बीच अभी




भी अच्छे संबंध हैं। कप्तानी परिवर्तन की अशांत प्रकृति के बावजूद ऐसा प्रतीत होता है कि पाकिस्तान के दो सबसे प्रमुख क्रिकेटरों के बीच संबंध फिलहाल बने हुए हैं। न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले टी-20 मैच से पहले एक संवाददाता सम्मेलन में बोलते हुए बाबर ने दोहराया कि सभी खिलाड़ी सभी परिस्थितियों में एक दूसरे का समर्थन करते हैं।

# कुलदीप यादव ने बीच मैच में खोया आपा

**महानगर नेटवर्क**

**नई दिल्ली**

दिल्ली कैपिटल्स के चाइनामैन गेंदबाज कुलदीप यादव का एक वीडियो इस समय सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है, जिसमें वह अपनी टीम के साथी खिलाड़ी पर गुस्सा करते हुए नजर आ रहे हैं। यह वीडियो गुजरात टाइटंस वर्सेस दिल्ली कैपिटल्स आईपीएल 2024 के 32वें मैच का है।

गुजरात की पारी के दौरान कुलदीप यादव मुकेश कुमार पर खराब थ्रो के चलते गुस्सा करते नजर आ रहे हैं। इस मामले को कप्तान ऋषभ पंत ने शांत कराने की कोशिश की।




बता दें, दिल्ली कैपिटल्स ने इस मैच में गुजरात टाइटंस को 6 विकेट से रौंदकर सीजन की तीसरी जीत दर्ज की है। यह मामला गुजरात टाइटंस की पारी के 9वें ओवर का है। कुलदीप यादव की पांचवी गेंद पर जीटी के बल्लेबाज राहुल तेवतिया पॉइंट के दिशा में शॉट खेलकर एक रन चुराना चाहते थे।

मगर वहां तैनात मुकेश कुमार तेजी से बॉल के ऊपर आए। इस बीच नॉन स्ट्राइकर एंड पर खड़े अभिनव मनोहर अपनी क्रीज छोड़ चुके थे और वह रन दौड़ना चाहते थे। कुलदीप यादव ने मुकेश को अपनी ओर थ्रो करने के लिए कहा ताकि वह अभिनव को आउट कर सके। हालांकि गेंद पकड़ते हुए मुकेश कुमार अपना संतुलन नहीं बना पाए और उन्होंने गलत थ्रो फेंक दिया। उनकी इस गलती पर कुलदीप यादव भड़क गए और बीच मैदान पर कहने लगे 'पागल-वागल है क्या?' बात मुकाबले की करें तो, टॉस हारकर पहले बैटिंग करने उतरी गुजरात टाइटंस की टीम मात्र 89 के स्कोर पर ढेर हो गई। टीम के 8 बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा नहीं छू पाए, वहीं जीटी का यह आईपीएल में सबसे लोएस्ट स्कोर है। इसी के साथ गुजरात मात्र तीसरी ही बार आईपीएल में ऑलाउट हुआ है।

# गुकेश ड्रॉ के बाद संयुक्त दूसरे स्थान पर , प्रज्ञानानंदा और गुजराती हारे

**महानगर नेटवर्क**

**टोरंटो**

ग्रैंडमास्टर डी गुकेश कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट के 11वें दौर में शीर्ष वरीयता प्राप्त फेबियानो कारूआना से ड्रॉ के बाद संयुक्त दूसरे स्थान पर खिसक गए जबकि भारत के ही आर प्रज्ञानानंदा और विदित गुजराती को पराजय का सामना करना पड़ा। प्रज्ञानानंदा को अमेरिका के हिकारू नकामूरा और गुजराती को रूस के इयान नेपोम्नियाश्चि ने हराया। अन्य मुकाबलों में फ्रांस के फिरोजा अलीरजा ने अजरबैजान के निजात



अबासोव को हराया। टूर्नामेंट में अब तीन दौर ही बचे हैं और नेपोम्नियाश्चि लगातार तीसरी बार खिताब के प्रबल दावेदार लग रहे हैं। रूस पर प्रतिबंध लगा होने से वह फिडे के ध्वज तले खेल रहे हैं। उन्होंने 11 में से सात अंक लेकर एकल बढ़त बना ली। कारूआना, नकामूरा और गुकेश उनसे आधा अंक पीछे हैं। प्रज्ञानानंदा के 5-5 और गुजराती के पांच अंक हैं। महिला वर्ग में चीन की झोंग्यी तान को एकल बढ़त मिल गई है जबकि उनकी हमवतन टी लेइ दूसरे स्थान पर है। भारत की आर वैशाली ने शीर्ष वरीयता प्राप्त रूस की अलेक्जेंड्रा गोरियाश्किना को हराया जबकि कोनेरू हम्पी ने बुल्गारिया की नूरगुल सलीमोवा को मात दी।

# बढ़ाई गई शाहरुख खान की सुरक्षा !



सुपरस्टार सलमान खान के घर पर हुई फायरिंग के बाद इंडस्ट्री में हलचल तेज हो गई है। इस घटना के बाद सलमान के साथ-साथ शाहरुख खान की सिक्योरिटी भी टाइट कर दी गई है। शाहरुख IPL के मैच के दौरान अपनी टीम का हौसला बढ़ाने के लिए कोलकाता पहुंचे थे। 4 दिनों तक शाहरुख कोलकाता में ही थे। बीती रात शाहरुख खान कोलकाता से मुंबई के लिए रवाना हुए।

सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है। वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि किंग खान की सिक्योरिटी बढ़ा दी गई है। सुपरस्टार शाहरुख की सेफ्टी का ध्यान रखते हुए बीती रात उनके साथ आर्म्ड गार्ड, पुलिस और एयरपोर्ट की सिक्योरिटी को देखा गया। वीडियो में देखा जा सकता है कि जैसे ही शाहरुख खान एयरपोर्ट पर पहुंचे। कार से उतरते ही किंग खान को तुरंत सशस्त्र गार्ड, पुलिस और एयरपोर्ट सिक्योरिटी ने घेर लिया। वैसे तो शाहरुख खान के पास अपनी खुद की भी सिक्योरिटी है। लेकिन हालातों को देखते हुए शाहरुख खान की सुरक्षा पर भी पूरा ध्यान दिया जा रहा है।



# टाइम मैग्जीन के 100 प्रभावशाली हस्तियों की लिस्ट में आलिया

हिंदी सिनेमा से लेकर हॉलीवुड अपनी अदाकारी की छाप छोड़ने वालीं एक्ट्रेस आलिया भट्ट का नाम हाल ही में टाइम मैग्जीन के 100 ( Time's 100 ) प्रभावशाली हस्तियों की लिस्ट में शामिल हुआ है। इस उपलब्धि के साथ ही अदाकारा ने बॉलीवुड का नाम रोशन कर दिया है। इसके बाद से हर किसी के जहन में ये सवाल उमड़ रहा है कि आखिर आलिया भट्ट ऐसा क्या करती हैं, जो उन्हें टाइम 100 में जगह मिली हैं।

इस लेख में हम आपको आलिया भट्ट के बिजनेस वेंचर,नेट वर्थ इनकम और इन्वेस्टमेंट की हर एक छोटी बड़ी डिटेल्स बताएंगे,जिनको जानकार आपको ये पता लगेगा कि सिर्फ एक्टिंग ही नहीं,बिजनेस की दुनिया में जिगरा मूवी अभिनेत्री आलिया का सिक्का काफी चलता है। टाइम 100 में शामिल होने के साथ आलिया भट्ट इस समय लगातार सुर्खियां बटोर रही हैं। सिर्फ एक एक्ट्रेस ही नहीं बल्कि स्मार्ट बिजनेस वुमन के आधार पर वह काफी एक्टिव रहती हैं। अदाकारा के बिजनेस वेंचर की तरफ गौर किया जाए तो सबसे पहले जिक्र उनके प्रोडक्शन हाउस का किया जाता है। ओटीटी फिल्म डार्लिंग्स के जरिए आलिया भट्ट ने बतौर निर्माता इंडस्ट्री में नई पारी की शुरुआत की। उनके प्रोडक्शन हाउस का नाम Eternal Sunshine Productions है। इसके अलावा आलिया कई बिजनेस वेंचर में मूल से रूप से जुड़ी हुई हैं। जिनमें एड ए माम्मा का नाम भी शामिल है। बेटी राहा कपूर के लिए प्रेग्नेंसी के दौरान आलिया ने D2C बिजनेस मॉडल के साथ बिजनेस वर्ल्ड में कदम रखा।



# रिलीज से पहले ही 'पुष्पा 2' का जलवा !

*अल्लू अर्जुन की पुष्पा 2 द रूल का फैंस को लंबे समय से इंतजार है। यह इस साल की सबसे चर्चित फिल्मों में से एक है। हाल ही में इस फिल्म का टीजर जारी किया गया था, जिसमें तेलुगु सुपरस्टार ने अपने साड़ी वाले लुक में एक्शन करके सभी को हैरान कर दिया था। अब हाल ही में, खबर आई है कि पुष्पा 2 के डिजिटल अधिकार नेटफ्लिक्स को 275 करोड़ रुपए में बेचे गए हैं। रिपोर्ट्स की मानें तो पुष्पा 2: द रूल के डिजिटल अधिकार नेटफ्लिक्स को 275 करोड़ रुपये के बेस प्राइस पर बेचे गए हैं, जिसे 300 करोड़ रुपये तक बढ़ाया जा सकता है।*

यह सभी भाषाओं के लिए एक रिकॉर्ड डील है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया कि यह डील बॉक्स ऑफिस प्रदर्शन के आधार पर बदला भी जा सकता है। बता दें कि डील करने का नया तरीका आधार मूल्य निर्धारित करना और फिर इसे बॉक्स ऑफिस रिटर्न से जोड़कर बढ़ाना है। अल्लू अर्जुन की फिल्म का बेस प्राइस 275 करोड़ रुपए है, जिसकी कीमत 300 करोड़ रुपये तक है।'डिजिटल अधिकारों की बिक्री के लिए पिछला रिकॉर्ड एसएस राजामौली निर्देशित आरआरआर 170 करोड़ रुपये का था।

# Devara के मेकर्स का तगड़ा दांव

**RRR** के बाद जूनियर NTR पैन इंडिया स्टार बन गए हैं। जनता उनकी अगली फिल्म Devara Part 1 का बेसब्री से इंतजार कर रही है। मूवी 10 अक्टूबर को रिलीज हो रही है। इसमें उनके साथ सैफ अली खान और जान्हवी कपूर भी हैं। इस तरह से ये फिल्म खुद ही एक पैन इंडिया फिल्म बन जाती है। इसका बजट 200 करोड़ के आसपास बताया जा रहा है। अभी हाल ही में खबर आई थी कि मेकर्स ने इसके सभी तरह के राइट्स बेंचकर रिलीज से पहले ही 400 करोड़ का बिजनेस कर लिया है। अगर इस पैसे को तोड़ा जाए, तो 'देवरा' के ऑडियो राइट्स 33 करोड़, डिजिटल राइट्स 155 करोड़ और तेलुगु राइट्स 130



करोड़ में बिके हैं। ओवरसीज राइट्स को 27 करोड़ में बेचा गया है। साथ ही नॉर्थ और केरल में थिएट्रिकल राइट्स करीब 50 से 60 करोड़ के बिके। ऐसा कहा जा रहा है कि मेकर्स ने 'देवरा' के हिंदी राइट्स 45 करोड़ में बेचे हैं। लेकिन इसके पीछे एक शर्त भी लगी है। ये 45 करोड़ रिटर्न ऑन इनवेस्टमेंट के आधार पर मिलेंगे। रिपोर्ट के मुताबिक 45 करोड़ के राइट्स बिकने का मतलब है कि 'देवरा' को हिंदी से 100 करोड़ का नेट बिजनेस करना ही पड़ेगा। माने मेकर्स थिएटर वालों से ये वादा कर चुके हैं कि 100 करोड़ रुपए का बिजनेस वो उन्हें देंगे और बदले में उनसे 45 करोड़ लेंगे।

# ट्विंकल खन्ना ने ट्रोलर्स को दिया करारा जवाब

अभिनेत्री से राइटर बनीं 50 साल की ट्विंकल खन्ना अक्सर अपनी फोटोज और वीडियोज को सोशल मीडिया पर शेयर करती रहती हैं। ट्विंकल ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें अभिनेत्री अपने होठों पर लाल रंग की लिपस्टिक लगाती नजर आ रही हैं। उन्होंने यह वीडियो उन लोगों के लिए शेयर किया जिन्हें 50 साल से अधिक उम्र की महिलाओं के ऊपर गहरे लाल रंग की लिपस्टिक लगाने से परहेज हैं।



ट्विंकल खन्ना के इस वीडियो में वह कुछ सैकेंड के लिए अपने होठों पर लाल रंग लगाते हुए नजर आ रही है। फिर उन्होंने कैमरे की तरफ कुछ इशारा किया। जब लोग कहते हैं कि 50 से अधिक उम्र की महिलाओं को ऐसा करना चाहिए, लाल लिपस्टिक मत लगाओ। अपने कैप्शन में ट्विंकल ने लिखा, "क्या आपको इस लिपस्टिक पर उम्र सीमा लिखी दिख रही है। इसके साथ ही अभिनेत्री ने सवाल पूछा कि, "उन्हें क्या हाल फिलहाल में मेकअप को लेकर कोई सलाह मिली है?" ट्विंकल खन्ना के इस इंस्टाग्राम पोस्ट के बाद फैंस लगातार उन्हें अपनी राय दे रहे हैं। खासतौर पर महिला फैंस के कई रिप्लाई ट्विंकल खन्ना को लगातार आ रहे हैं।



# परिणीति से राघव ने कहा था खूब कामयाब होगी 'चमकीला'

*परिणीति का एक वीडियो वायरल हुआ जिसमें वो अपने एक कॉन्सर्ट से पहले, राघव के साथ माइक चेक कर रही हैं। परिणीति ने बताया है कि राघव कैसे उनपर म्यूजिक के लिए जोर देते हैं और मोटिवेट करते हैं। हाल ही में परिणीति,डायरेक्टर इम्तियाज अली की फिल्म 'चमकीला' में नजर आईं, जिसमें उन्होंने फिल्म में कई गाने भी गाए। इस रोल के लिए परिणीति की खूब तारीफ भी हो रही है।*

*जब परिणीति से पूछा गया कि फिल्म पर राघव का क्या रिएक्शन था? तो उन्होंने बताया, 'राघव बहुत स्वीट हैं। ये बहुत चीजी साउंड करेगा लेकिन वो सच में मेरे बेस्ट फ्रेंड हैं। मुझे पता है सब यही कहते हैं, हां हम पति-पत्नी हैं, लेकिन हम दोस्त हैं। बल्कि,मुझे पति-पत्नी जैसा महसूस ही नहीं होता। मुझे लगता है हम दोस्त ही हैं।' परिणीति ने बताया कि राघव सबसे पहले व्यक्ति थे जिन्होंने 'चमकीला' के कामयाब होने की बात कही थी। उन्होंने आगे कहा, 'जब हमारा रिलेशनशिप शुरू हुआ ही था तब वो हमेशा कहते थे कि ये फिल्म बड़ी हिट होगी, और मैं उन्हें कहती थी कि तुम्हें कुछ नहीं पता, चुप रहो। पहले, फिल्म बनने दो और फिर उस दिन का इंतजार करेंगे।' परिणीति ने आगे बताया कि अब 'चमकीला' को मिला रिस्पॉन्स देखकर राघव फिर अपनी बात दोहराते हैं।*

# 'सिकंदर' बनने की तैयारी कर रहे सलमान

सलमान खान इन दिनों काफी सुर्खियों छाए हुए हैं। हाल ही में अभिनेता के घर के बाहर दो आरोपियों में गोलीबारी की थी,जिसे लेकर कार्रवाई तेजी से की जा रही है। फायरिंग के बाद ऐसी खबरें थीं कि अभिनेता कुछ समय तक काम नहीं करेंगे। हालांकि,उनकी ओर से इन अफवाहों का खंडन किया गया था। फायरिंग के बाद भी सलमान अपने काम






को लेकर काफी गंभीर हैं। उन्होंने इस साल ईद पर अपनी नई फिल्म 'सिकंदर' की घोषणा की थी। वहीं अब फिल्म पर नया अपडेट सामने आया है। सलमान खान ईद पर एआर मुरुगादॉस के साथ अपनी आगामी फिल्म के शीर्षक 'सिकंदर' की घोषणा की। इस फिल्म के जरिए प्रशंसकों से उन्होंने ईद 2025 पर बड़े पर्दे पर वापसी करने का वादा किया। सलमान ने इंस्टाग्राम पर शीर्षक स्लेट साझा किया जिसमें लिखा था, 'साजिद नाडियाडवाला सलमान खान को सिकंदर के रूप में प्रस्तुत करते हैं।'

# जान्हवी की फिल्म 'उलझ' की सामंथा ने की तारीफ




**जान्हवी कपूर के पास कई बड़े प्रोजेक्स की फिल्में हैं। जिसमें उनकी तेलुगु डेब्यू फिल्म भी शामिल है। इस तेलुगु फिल्म में वह जूनियर एनटीआर और राम चरण के साथ नजर आएंगी। इसी के साथ उनकी फिल्म 'उलझ' रिलीज के लिए तैयार है। निर्देशक सुधांशु सारिया की आने वाली सस्पेंस थ्रिलर फिल्म 'उलझ' का टीजर 17 अप्रैल को रिलीज किया था। फिल्म का टीजर रिलीज होते ही सोशल मीडिया पर लोगों की प्रतिक्रिया आनी शुरू हो गई थी।**

फिल्म 'उलझ' को सोशल मीडिया पर पॉजिटिव रिस्पांस मिल रहे हैं। सबसे पहले जान्हवी कपूर की 'उलझ' को लेकर उनके रूमर्ड बॉयफ्रेंड शिखर पहाड़िया का प्रतिक्रिया आई थी और इसके बाद राजकुमार राव की प्रतिक्रिया आई थी। अब इसी लिस्ट में एक और नाम जुड़ गया है बॉलीवुड अभिनेत्री सामंथा रुथ प्रभु का। अभिनेत्री सामंथा रुथ प्रभु ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट इंस्टाग्राम पर जान्हवी कपूर की फिल्म 'उलझ' को लेकर एक स्टोरी शेयर की, जिसमें उन्होने कैप्शन दिया, "असाधारण है आपका यह लुक। पहले से भी और अधिक मजबूत जान्हवी कपूर।" इसके बाद जान्हवी ने समांथा के इस पोस्ट पर रिप्लाई किया। 'उलझ' कहानी है सुहाना की, जो कि एक आईएफएस ऑफिसर है। किस तरह से वह खुदके ही बिछाए हुए जाल में फंस जाती है। जिससे निकलपाना उसके लिए काफी मुश्किल भरा रहता है। यह फिल्म 5 जूलाई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

# भावुक हुए अर्जुन कपूर

अर्जुन कपूर ने अपनी फिल्म'2 स्टेट्स' के दस साल पूरे होने पर इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया है। वीडियो साझा करते हुए उन्होंने लिखा,'अनगिनत यादें'। वीडियो देखकर लगता है कि अभिनेता भावुक महसूस कर रहे हैं। सितारों से सजी फिल्म '2 स्टेट्स' को शुक्रवार को दस साल पूरे हो गए। फिल्म में



अर्जुन कपूर के साथ आलिया भट्ट मुख्य भूमिका में थी। अभिनेता ने इस अवसर पर फिल्म का एक बीटीएस (बिहाइंड द सीन) वीडियो साझा किया है। अर्जुन कपूर ने फिल्म और फिल्मी पर्दे के पीछे का वीडियो साझा करते हुए लिखा, 'दस साल,अनगिनत यादें'। वीडियो में अर्जुन ने फिल्म शूटिंग के दौरान की कुछ झलकियां साझा की। वीडियो में अभिनेता ने कहा कि इस फिल्म का हिस्सा बनके मैं बहुत खुश हूं और आभारी हूं। वीडियो के अंत में अभिनेता ने कहा कि स्टोरी में हीरो हो ना हो स्टोरी हीरो होनी चाहिए और ये वाली स्टोरी तो हीरो थी। बता दें कि फिल्म लेखक चेतन भगत की मशहूर किताब '2 स्टेट्सः स्टोरी ऑफ माई मैरिज' पर आधारित थी, जिसे अभिषेक वर्मन ने पर्दे पर उतारा था।

# फिल्म प्यार के दो नाम का जलवा

*प्यार के कई रंग, रूप और नाम होते है। जिसे बॉलीवूड में देखने को मिलते है। ऐसे ही एक मॉडर्न डेज लव स्टोरी 'प्यार के दो नाम' की प्रेस कॉनफेरेन्स मुंबई में आयोजित की गई। जिसमें फिल्म की पूरी स्टार कास्ट ने शिरकत की जिसमें शामिल हुए अभिनेता भव्या सचदेवा, अचल टंकवाल अभिनेत्री अंकिता साहू, कनिका गौतम, रोमा नवानी, नमिता लाल, लेखक निर्देशक दानिश जावेद, को प्रोडूसर शहाब इलाहबादी और संगीतकार अंजन भट्टाचार्य।*

रिलायंस एंटरटेनमेंट और जोकुलर एंटरटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड की इस फिल्म में विश्व के दो महान नेताओं की प्यार की परिभाषा को दर्शाया गया है। फिल्म 'एक दूजे के लिए' या 'एक दूसरे के साथ' इस टैग लाइन पर आधारित हैं। इश्क़ सुभानअल्लाह सूफियाना, प्यार मेरा एवं सन्यासी



मेरा नाम जैसे रोमांटिक सीरियल एवं फिल्मों के लेखक दानिश जावेद द्वारा निर्देशित फिल्म प्यार के दो नाम एक आधुनिक प्रेम कहानी हैं जो युवाओं के बीच में प्यार को लेकर आधुनिक सोच को बहुत ही इमोशनल तरीके से प्रस्तुत करती हैं। फिल्म के टीजर में अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी में आयोजित एक पीस सेमिनार में आर्यन खन्ना (भव्या सचदेवा) नेल्सन मंडेला और कायरा सिंह (अंकिता साहू) महात्मा गांधी पर अपनी रिसर्च प्रस्तुत करते नजर आ रहे हैं। दोनों की नोक झोंक यहाँ देखने को मिलती है। साथ ही फिल्म में अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी का कैंपस भी देखने को मिलेगा। रिलायंस एंटरटेनमेंट और जोकुलर एंटरटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड की फ़िल्म 'प्यार के दो नाम' में मुख्य भूमिका में भव्या सचदेवा, अंकिता साहू के साथ कनिका गौतम, अचल टंकवाल, दीप्ति मिश्रा, नमिता लाल प्रमुख भूमिकाओं में नज़र आएंगे। फ़िल्म के निर्माता विजय गोयल और दानिश जावेद है और सह निर्माता शहाब इलाहाबादी है। फ़िल्म के लेखक निर्देशक दानिश जावेद हैं इस अनोखीलव स्टोरी का संगीत अंजन भट्टाचार्य और शब्बीर अहमद ने तैयार किया है और गीतों को दानिश जावेद और वसीम बरेलवी ने लिखा हैं। गीतों को जावेद अली, ऋतु पाठक, राजा हसन और स्वाति शर्मा ने गाया हैं। फ़िल्म के लेखक निर्देशक दानिश जावेद ने कहा कि 'प्यार के दो नाम' जिसे हमने अपनी फिल्म में दिखाए है, वो दरअसल प्यार का हल्का झोखा है जिसे हर किसीने अपने जीवन में अनुभव किया है। इसे देखने के बाद हर कोई इस फिल्म सर जुड़ जायेगा।